सुप्रभात
रांची, सोमवार
25.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 252

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



14 गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

इफ्तार : शाम 5.55(25 मार्च)
सेहरी : भोर 4.27 (26 मार्च)




## सूचना एवं शुभकामना

आनंद , उमंग और रंगों का पर्व होली पर तमाम पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंट-हाकर बंधुओं और तमाम शुभचिंतकों को खबर मन्त्र परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।


--होली के मौके पर खबर मन्त्र कार्यलय और दफ्तर 25 और 26 मार्च को बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक पाठकों को 28 मार्च को मिलेगा।
- - सं.

### राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में होलिका दहन के साथ ही होलिकोत्सव की शुरूआत

# होली पर बारिश और ग्रहण का साया

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के सभी जिलों में रविवार की रात होलिका दहन के साथ ही रंगों का पर्व होली की शुरूआत हो गयी। रविवार को देर शाम रांची के विभिन्न चौक,चौराहों में सार्वजनिक स्थलों पर मुहुर्त के अनुसार होलिका दहन किया गया। इस बार होली दो दिन दिन मनायी जा रही है। अबकी होली पर बारिश और ग्रहण का भी साया पड़ रहा है। इस बार की होली में अद्भुत संयोग दिख रहा है। कुछ जगहों पर 25 मार्च को तो कई इलाकों में 26 को होली मनायी जा रही है। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में होली को ले कर लोगों में दूविधा की स्थिति है। दो दिन की पूर्णिमा तिथि और चंद्र ग्रहण लोगों को उलझन में डाल रखा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार होली बहुत ही अनोखी मानी जा रही है क्योंकि होली के दिन ही साल का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। चंद्र ग्रहण का प्रभाव पूरी तरह से होली पर पड़ेगा। हालांकि यह चंद्रग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा, इसलिए कुछ लोगों का कहना है कि चंद्र ग्रहण का असर होली पर नहीं पड़ेगा। शास्त्र व पंचांग के अनुसार रंगोत्सव होली 26 मार्च को है, लेकिन सरकारी कार्यालयों में 25 मार्च को ही होली की छुट्टियां घोषित हैं। इस वजह से आम लोग 25 को भी होली खेलेंगे और 26 को भी होली का त्योहार मनाया जायेगा। रविवार को पूर्णिमा में भद्रा लग जाने के कारण रात में 10:27 बजे के बाद होलिका दहन किया गया।



**बारिश से खलल की आशंका:** झारखंड के कई हिस्सों में 25 मार्च को बारिश होने की संभावना है। इससे राज्यवासियों की होली में इस बार खलल पड़ सकती है। राज्य के उत्तरी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने और वज्रपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रांची, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, देवघर, दुमका, धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, पाकुड़ और साहेबगंज में बारिश होने की संभावना है। इसके साथ 26 से 30 मार्च तक राज्य में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। ऐसे में संभावना है कि इस बार होली खेलने में लोगों को खलल होगी। बारिश और बादल का असर राज्य में बना रहेगा।

### 26 मार्च को रंगों का त्योहार



इस दिन सिर्फ वाराणसी में होली खेली जायेगी। शास्त्र के अनुसार अन्य सभी जगहों पर रंगों का त्योहार होली 26 मार्च को मनायी जानी चाहिए। वाराणसी पंचांग के अनुसार, पूर्णिमा के दिन होली का त्योहार नहीं मनाया जाता है। 26 को उदयाकाल में चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा भी है। इस कारण यह त्योहार मनाया जाता है। 25 मार्च पूर्णिमा को साल का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। होलिका दहन पूर्णिमा तिथि में करने की परंपरा ह। वहीं शास्त्र के अनुसार रंगों वाली होली चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि में खेली जाती है। पंचांग के अनुसार चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि 26 मार्च दिन बुधवार को ह, इसलिए शास्त्र के अनुसार होली 26 मार्च को मनानी चाहिए।

### कब लगेगा चंद्र ग्रहण

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार चंद्रग्रहण 25 मार्च यानी कल सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होगा और इसका समापन दोपहर 3 बजकर 02 मिनट पर होगा। इस ग्रहण की अवधि लगभग 4 घंटे 36 मिनट की रहेगी। साल का पहला चंद्रग्रहण कन्या राशि में लगेगा। हालांकि चंद्रग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा, लेकिन, फिर भी इसका प्रभाव सभी लोगों पर पड़ेगा। यह चंद्र ग्रहण अमेरिका, जापान, रूस के कुछ हिस्सों, स्पेन, इटली, पुर्तगाल, आयरलैंड आदि देशों में दिखेगा।

**कड़ी सुरक्षा:** होली में हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं। शहर के हर सड़क और गली-मोहल्ले में रांची पुलिस की हुड़दंगियों पर नजर रहेगी। शहर के आठ थाना क्षेत्रों में 40 बाइक पर 80 पुलिस पदाधिकारी व जवानों की नियुक्ति की गयी है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में पांच-पांच बाइक दस्ता को ब्रीफिंग कर भेजा है।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति और पीएम ने दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली ।** होली के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने रविवार को देशवासियों शुभकामनाएं दीं। दोनों ने कामना की स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व सभी के जीवन में नयी ऊर्जा व नया उत्साह लेकर आये। देश में कई स्थानों पर सोमवार तो कुछ हिस्सों में मंगलवार को होली का त्योहार मनाया जा रहा है। पीएम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'देश के मेरे सभी परिवारजनों को होली की अनेकानेक शुभकामनाएं। वहीं राष्ट्रपति ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, होली के शुभ अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को शुभकामनाएं देती हूं। उल्लास, उमंग और राग-रंग का प्रतीक होली का पर्व हमारे जीवन में आशा और उत्साह का संचार करता है।

### ट्रक ने बाइक को रौंदा महिला सहित दो की मौत

**चाइवासा।** रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग एनएच-75 ई पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंद दिया, जिससे महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि चाईबासा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरदा पुल के समीप खरसावां मोड पर तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। मृतक चक्रधरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केरा गांव के रहने वाले हैं।

### राजनाथ ने सैनिकों के साथ मनायी होली

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लेह में सैनिकों के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी इस मौके पर उनके साथ थे। रक्षा मंत्री ने सैनिकों को संबोधित करते हुए दुर्गम इलाकों और प्रतिकूल मौसम में मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान की सराहना की।

# दुमका से सीता भाजपा प्रत्याशी

### धनबाद से ढुल्लू महतो, चतरा से कालीचरण सिंह प्रत्याशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

नयी दिल् ली, रांची। भाजपा ने अपनी पांचवी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें उन्होंने झारखंड के तीन सीटों पर उम्मीदवार भी घोषणा कर दी है। इसमें सीता सोरेन और ढुल्लू महतो के अलावा कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने दुमका से सीता सोरेन, धनबाद से ढुल्लू महतो और चतरा से कालीचरण सिंह उम्मीदवार बनाया है। पांचवी लिस्ट में भाजपा ने 111 उम्मीदवारों के नाम फाइनल किये। दुमका से अपना प्रत्याशी बदल दिया है।

पहले वहां सुनील सोरेन उम्मीदवार थे, लेकिन अब उनका पत्ता कट गया है और अब वहां से झामुमो से भाजपा में आयीं सीता सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं धनबाद से पीएन सिंह का टिकट कट गया है और इस बार के चुनाव के लिए पार्टी ने ढुल्लू महतो को अपना उम्मीदवार बनाया है। चतरा सीट पर भाजपा ने कालीचरण सिंह पर अपना भरोसा जताते हुए टिकट फाइनल कर दिया है। इससे पहले चतरा सांसद सुनील सोरेन ने पहले ही सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था कि पार्टी ने उन्हें दस साल काम करने के लिए मौका दिया इसके लिए वे पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हैं. उनके इस पोस्ट के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि शायद इस बार पार्टी उन्हें टिकट नहीं देगी।





**दुमका में भाभी-देवर के बीच रोचक मुकाबला :** अब कयास लगाए जा रहे है कि झामुमो यहां से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को टिकट दे सकता है। अगर ऐसा हुआ तो देवर भाभी में मुकाबला काफी दिलचस्प हो जाएगा। पहले से ही ऐसी चर्चा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस सीट से उम्मीदवार हो सकते हैं। अब जब सीता सोरेन को उम्मीदवार बना दिया है, तो झामुमो की ओर से हाई प्रोफाइल उम्मीदवार देने का दवाब भी बढ़ा है। ऐसे में इसकी प्रबल संभावना है कि दुमका की चुनावी रण में देवर भाभी के बीच मुकाबला हो। टिकट मिलने के बाद उत्साहित पूर्व विधायक सीता सोरेन ने उन पर भरोसा जताने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि दुमका के रण में सामने चाहे जो हो, जीत उनकी ही होगी। झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि भाजपा चाहे जिसे उम्मीदवार बनाएं उसका कोई असर नहीं होगा, क्योंकि दुमका दिशोम गुरु शिबू सोरेन और तीर धनुष की धरती रही है। क्या, अब दुमका से हेमंत सोरेन की उम्मीदवारी होगी, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि दुमका की जनता और वहां की जिला इकाई यही चाहती है। होली बाद यह फैसला ले लिया जाएगा कि किस सीट पर कौन झामुमो का प्रत्याशी होगा।

### एके और हेमंत के समर्थन में 31 को रामलीला मैदान में महारैली

# गठबंधन नेताओं ने कहा लोकतंत्र और देश खतरे में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडिया गठबंधन देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करेगा। गठबंधन का कहना है कि चुनाव जीतने के लिए चुने हुए मुख्यमंत्रियों, चाहे वह हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल, उनको गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने सत्ता पक्ष से प्रश्न करते हुए कहा कि आप किस तरह का लोकतंत्र देश में स्थापित करना चाहते हैं। आम आदमी पार्टी नेता गोपाल राय ने रविवार को यह जानकारी दी। आप नेता के अनुसार महारैली में गठबंधन के सभी शीर्ष नेता होंगे। यह रैली कोई राजनीतिक रैली नहीं होगी, बल्कि यह देश में लोकतंत्र को बचाने का एक कदम है। कांग्रेस के अलावा सभी सामाजिक संगठनों, आरडब्लूए व सिविल सोसाइटी के लोगों से इस रैली में पहुंचने का अनुरोध किया। वहीं लेफ्ट ने भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी को अपना पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले के संबंध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उक्त घोषणा की गयी है। गठबंधन के घटक आप' और कांग्रेस ने यहां एक प्रेस वार्ता में रैली का ऐलान किया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को समान अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के खातों को फ्रीज' किये जाने और मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर प्रकाश डाला। महारैली न सिर्फ एक राजनीतिक रैली होगी बल्कि देश के लोकतंत्र को बचाने और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने का भी आह्वान करेगी। पेस वार्ता में दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और लेफ्ट नेताओं ने



# वरुण गांधी, अश्विनी चौबे छेदी पासवान का कटा टिकट

एजेंसी

नयी दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से घोषित 111 उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट में कई बड़े नेताओं का टिकट भी काटा है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को टिकट बक्सर के काट दिया। यहां से पार्टी ने मिथिलेश तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। कुछ दिनों से वरुण गांधी पार्टी की लाइन से अलग चल रहे थे। पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर उनकी जगह योगी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। बिहार से सासाराम लोकसभा सीट से बीजेपी ने छेदी पासवान को टिकट नहीं दिया। यहां से पार्टी ने शिवेश राम को चुनावी मैदान में उतारा ह। बिहार के मुजफ्फपुर लोकसभा सीट से बीजेपी ने अजय निषाद का टिकट काटा है। मुजफ्फपुर से बीजेपी ने मुजफ्फरपुर सीट से राज भूषण निषाद को टिकट दिया है। यूपी की हाथरस सीट से बीजेपी ने राजवीर सिंह दिलेर को टिकट नहीं दिया है। यहां से यूपी के राजस्व मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि पर पार्टी ने दांव लगाया है। राजवीर सिंह दिलेर लोकसभा चुनाव 2019 में हाथरस सीट पर 2 लाख 60 हजार 208 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

**पीलीभीत का इतिहास:** इस लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी पीलीभीत सीट से छह बार सांसद रह चुकी हैं. मेनका गांधी ने 1989 में पहली बार जनता दल के टिकट पर पीलीभीत लोकसभा सीट जीती। उसके बाद 1996 से 2014 के बीच पांच बार इसी सीट से सांसद चुनी गयीं। उन्होंने 2009 में बेटे वरुण गांधी के लिए सीट खाली कर दी और सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा, लेकिन 2014 में वो वापस पीलीभीत लोकसभा पर आईं और चुनाव लड़कर जीत हासिल की। वो छठी बार सांसद बनीं। 2019 में एक बार फिर से मेनका ने वरुण गांधी के साथ सीटों की अदला-बदली की। वरुण गांधी पीलीभीत से और मेनका सुल्तानपुर से संसद पहुंचे।

### भाजपा ने कंगना और अरुण गोविल को उतारा

**नयी दिल्ली।** भाजपा की 5वीं लिस्ट में बॉलीवुड की धाकड़ गर्ल कंगना रनौत और टीवी के राम अरुण गोविल का भी नाम शामिल है। एक तरफ जहां कंगना हिमाचल प्रदेश की मंडी से चुनाव लड़ेंगी, तो वहीं दूसरी तरफ अरुण गोविल को यूपी के मेरठ का टिकट मिला है। लंबे समय से कंगना के चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन एक्ट्रेस ने इसपर हमेशा चुप्पी साधे रखी. वहीं अब बॉलीवुड की धाकड़ गर्ल चुनावी मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। टिकट मिलने के बाद अब कंगना ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, "मेरे प्यारे भारत और भारतीय जनता की अपनी पार्टी बीजेपी को मेरा हमेशा अनकंडिशनल सपोर्ट रहा है।

### बिहार में जदयू ने जारी की सभी 16 प्रत्याशियों की सूची

# 12 सांसदों को टिकट, सीवान और सीतामढ़ी में नये प्रत्याशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपने सभी 16 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इसमें कई नये चेहरों को भी शामिल किया गया है। रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी 16 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने इसबार सीवान की संसद कविता देवी को टिकट नहीं दिया है। इसी तरह सीतामढ़ी के सुनील कुमार सिमह पिंटू का टिकट भी कट गया है। पार्टी प्रत्याशियों की सूची में कई पुराने नाम तो हैं ही, कुछ नये लोगों को भी ने मौका दिया गया है। एनडीए में सीट बंटवारा के तहत इसबार भाजपा को 17 सीट, जदयू को 16, चिराग पासवान की लोजपा को 5 सीट ,जीतन राम मांझी के 'हम' पार्टी को एक सीट, उपेंद्र कुशवाहा को एक सीट मिली है।

**12 मौजूदा सांसदों को टिकट**

इस बार के सीटिंग सीट में सिर्फ दो सीट में बदलाव किये गये हैं। सीवान सीट से कविता देवी का टिकट कट गया है। इस सीट से विजय लक्ष्मी को टिकट मिला है। सीतमढ़ी से सुनील कुमार पिंटू का टिकट कट गया है। सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर को टिकट मिला है। जदयू ने इस बार अपने 12 मौजूदा सांसदों को फिर से प्रत्याशी बनाया है।

**कौन कहां से लड़ेगा चुनाव:** मुंगेर से ललन सिंह। बांका से गिरधारी यादव। सुपौल से दिलेश्वर कामत। मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव। जहानाबाद से चंदेश्वर चंद्रवंशी। शिवहर से लवली आनंद। सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर। (शेष पेज 13 पर)

## तीसरी आंख




# होलिका दहन की जगह काटा जाता है फगुआ

### आदिवासी समाज कैसे मनाता है होली का त्योहार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। प्रसिद्ध लेखक और कवि हरिवंश राय बच्चन ने क्या खूब लिखा है -जो हो गया बिराना उसको फिर अपना कर लो, होली है तो आज शत्रु को बाहों में भर लो- होली की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह प्रेम का त्योहार है। गिले शिकवे दूर करने का भी त्योहार है। झारखंड का आदिवासी समाज अलग-अलग तरीकों से होली मनाता है, कहीं पानी से होली खेलने की परंपरा है तो कहीं फगुआ काटने का चलन है। होली प्रेम का त्योहार है। यह शिकवे दूर करने का भी त्योहार है। हालांकि, वक्त के साथ होली पर फैशन का रंग भी चढ़ा है। बड़े शहरों में मास्क, मॉडर्न पिचकारियां और गुलाल भरे पटाखे चलन में आ गये हैं। डीजे की धुन पर रेनवाटर डांस का कल्चर शुरू हो गया है। वहीं गांव-देहात में आज भी गोबर, कीचड़, रंग और गुलाल ही नफरत मिटा रहे हैं। आदिवासी समाज में होली का त्योहार मनाने का चलन नहीं है लेकिन बदलते दौर के साथ आदिवासी समाज के लोग भी होली खेलने लगे हैं। हालांकि, खास पकवान बनाने का कोई चलन नहीं है। 'संथाल' समाज में बाहा पर्व मनाया जाता है। कहीं-कहीं होली के पहले तो कहीं होली के बाद इस पर्व को मनाया जाता है। इसे फूलों का पर्व भी कहा जाता है। गांव के लोग जाहेरथान नामक पूजास्थल में साल के फूल और पत्तों को कान में लगाकर पारंपरिक हथियारों की पूजा करते हैं और बाद में पानी से होली खेलते हैं। यह अनूठी होली है। इसमें महिला और पुरुष अलग-अलग होली खेलते हैं। फिर पारंपरिक वस्त्र पहनकर नाच गान करते हैं, खुशियां मनाते हैं। यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है। 'हो' आदिवासी बहुल सिंहभूम में उपरूम जुमूर पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर इसे जनवरी माह में मनाया जाता है। गांव में साल के वृक्ष के डाल की पूजा होती है। इसके बाद हो समाज के लोग एक जगह इकट्ठा होकर एक-दूसरे को अपना परिचय देते हैं। फिर नाच-गान करते हैं। यह पर्व संस्कृति से खुद को जोड़े रखने और आपस में पहचान कायम रखने का महत्व बताता है। 'उरांव' समाज में फगुआ काटने की प्रथा है। होली के एक दिन पहले पूर्णिमा की रात को सेमल की डाली जलाई जाती है। (शेष पेज 13 पर)



# जमीन विवाद में दो युवकों की गला रेतकर हत्या

### डबल मर्डर से पलामू दहला, अलग-अलग जगह मिले दोनों शव

खबर मन्त्र ब्यीरो

**मेदिनीनगर।** होली से एक दिन पहले पलामू के चैनपुर में जमीन विवाद में दो युवकों की गला रेत कर हत्या कर दी गयी। दोनों के शव नदी के अलग-अलग किनारे पड़े मिले। दोनों दोस्त थे। पुलिस ने दोनों का शव कोयल नदी के किनारे से बरामद किया गया है। पहली हत्या चैनपुर थाना क्षेत्र में हुई जबकि दूसरी हत्या टाउन थाना क्षेत्र में हुई। दोनों हत्याओं में युवकों का गला काटा गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है। डबल मर्डर से पूरे इलाके में दहशत है। जानकारी के अनिसार चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ निवासी राजेश कुमार अपने दोस्त बौधा के साथ सुबह टहलने के लिए कोयल नदी के किनारे गये थे। इसी क्रम में अपराधियों ने घात लगाकर दोनों पर हमला कर दिया। इस हमले में अपराधियों ने राजेश कुमार की गला रेत कर मौके पर ही हत्या कर दी। वहीं जान बचाने के लिए बौधा भागने लगे। (शेष पेज 13 पर)

# चुनावी लाभ के लिए बीजेपी ने कराया कांग्रेस का खाता सीज : राजेश ठाकुर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इलेक्टोरल बॉन्ड और कांग्रेस का खाता फ्रिज करने के मामले को लेकर बीजेपी पर निशाना साधते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले साजिश रचकर एआईसीसी का बैंक खाता सीज किया गया है ताकि चुनाव में हमें परेशानी हो। उन्होंने कहा कि शायद भाजपा के नेताओं को यह पता नहीं है कि जब जनता चुनाव लड़ती है तब रुपये-पैसे की जरूरत छोटी पड़ जाती है। राजेश ठाकुर रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा के खिलाफ इस बार देश और राज्य की जनता चुनाव लड़ेगी और उसे हराएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि अपनी संभावित हार को सामने देख भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल को असहाय बनाकर चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई है, जिसमें वह फेल होंगे।

**लोकतंत्र को सीज करने की कोशिश**

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र पर किस प्रकार का खतरा मंडरा रहा है। इसका उदाहरण है कि एक चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और दूसरी प्रमुख पार्टी का बैंक खाता सीज कर देना। उन्होंने बैंक खाते के सीज होने से उभरने वाली परिस्थिति का जिक्र करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी भूमिका निभाने का आग्रह मीडिया संस्थानों से किया।

राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक अकाउंट्स में पड़े हुए 285 करोड़ रुपए का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। हम लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए, पब्लिसिटी के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अंदर स्लॉट बुक करने हैं। अखबारों के माध्यम से बताते कि कैसे मोदी सरकार ने जनता को ठगा है। लेकिन पैसे के अभाव में हम वो नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि अब हम सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के बीच जाएंगे।

राजेश ठाकुर ने कहा कि 2017-18 के एक केस को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 2017-18 के बेसिस पर सात साल बाद हमारे बैंक खाते को फ्रिज किए हैं। जो पेनाल्टी लगना था वह सिर्फ 14 लाख 40 हजार का होता लेकिन हमारा 285 करोड़ सीज किया हुआ है।

**बॉन्ड के जरिए भाजपा चला रही वसूली रैकेट**

राजेश ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2018 से वर्ष 2024 के बीच, भाजपा को चुनावी बॉन्ड में कुल 16,518 करोड़ रुपये में से 8,252 करोड़ की राशि मिली। कांग्रेस पार्टी को केवल 1,950 करोड़ रुपये मिले और इसे भी फ्रीज कर दिया गया है। जबकि भाजपा अपनी लूट को खर्च करने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि कई पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के माध्यम से धन प्राप्त हुआ, क्योंकि सभी दानदाताओं ने गुमनाम रूप से धन देना पसंद किया। सभी विपक्षी दलों को चंदा स्वेच्छा से मिला लेकिन भाजपा ने सरकार में रहने का फायदा उठाते हुए उगाही की है। उसने ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया और डरा धमका कर पैसे बटोरे। यह एक तरह की ब्लैकमेलिंग है।

## तीन अवैध रास्ते का उपयोग भाजपा ने चुनावी बॉन्ड जुटाने के लिए किया

राजेश ठाकुर ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि हफ्ता वसूली, ईडी, सीबीआई और आयकर का उपयोग करके किया गया। किसी कंपनी पर छापा मारना और फिर कंपनी को छोड़ने के लिए हफ्ता मांगना चुनावी बॉन्ड के रूप में लेना, यही भाजपा की शैली बन गयी। इस तरह 94 कंपनियों को निशाना बनाया गया, जिनमें शीर्ष 30 दाताओं में से 14 ऐसे ही थे। एंजेंसियों की जांच रिपोर्ट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली चुनावी ट्रस्ट योजना से दान देने वाली 30 कंपनियों ने एजेंसियों द्वारा रेड पड़ने के बाद दान दिया था।

**'चंदा दो, धंधा लो'**

राजेश ठाकुर ने कहा कि कुछ मामलों में कंपनियों ने दान दिया और फिर बदले में ठेके प्राप्त किए। जबकि अन्य मामलों में उन्हें ठेके मिले और फिर दान के रूप में रिश्वत दी गई। 37 व्यापारिक समूहों ने चुनावी बॉन्ड के रूप में दान दिया, जिसके बाद उन्हें 04 लाख करोड़ रुपये की 243 परियोजनाएं सौंपी दी गई। 4,000 करोड़ रुपये का चंदा के बदले 4 लाख करोड़ का धंधा दे दिया गया।

**लोगों के स्वास्थ्य से किया खिलवाड़**

राजेश ठाकुर ने कहा कि इतना ही नहीं चंदे के धंधे में भाजपा ने लोगों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ किया। सात दवा कंपनियों की खराब गुणवत्ता वाली दवाओं के लिए जांच को चुनावी बॉन्ड खरीद के बाद क्या हुआ, यह कोई नहीं जानता है। दवाओं में व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले उत्पाद जैसे कफ सिरप, रक्तचाप की दवा और सीओवीआईडी- 19 उपचार रेमेडिसविर शामिल हैं।

**'शेल कंपनियों ने दिया दान'**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 29 संदिग्ध शेल कंपनियां हैं। जिन्होंने इलेक्टोरल बांड्स के माध्यम से दान दिया। दान करने वाली इन कंपनियों में से 19 को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) का उल्लंघन करने के उच्च जोखिम के कारण वित्त मंत्रालय की सूची में रखा गया था। ऐसे में कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी, पहले अंग्रेजों को देश से भगाकर पार्टी ने भारत को आजाद कराया है, अब देश को बचाने का काम करेगी।

## खबर एक नजर में

### जनजातीय समाज का असली हितैसी भाजपा : संजय सेठ



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि भाजपा ही एक मात्र राजनीतिक दल है, जो जनजातीय समाज का सच्चा हितैसी है। श्री सेठ रविवार को जनजातीय विकास परिषद ट्रस्ट की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में बोल रहे थे। यह आयोजन बुकरू में किया गया था। उन्होंने लोगों को रंग अबीर लगाकर होली की बधाई देते हुये कहा कि भारत के तीज त्यौहार न सिर्फ हमारी संस्कृति और विरासत को जिंदा रखता है। बल्कि हम सबको एक सूत्र में भी बांध कर रखता है। होली भी हमारी एक पारंपरिक त्यौहार है। उन्होंने कहा कि धरती आबा अमर शहीद बिरसा मुंडा की देश की आजादी के खातिर दी गई शहादत को दुनियां जान सके। इस उद्देश्य से उन्होंने 15 नवम्बर बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। एक जनजातीय समाज की बेटी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर बिठाया। आज मोदी सरकार की केंद्रीय योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ जनजातीय समाज को मिल रहा है। होली मिलन समारोह को जनजातीय विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अर्जुन कुमार राम ने सम्बोधित करते हुये कहा कि आज जनजातीय समाज के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता है कि जो काम पिछले 70 वर्षों में इस समाज की उन्नति के लिए नहीं किया गया वो सारे काम मोदी सरकार ने कर दिया है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में डॉ एचपी नारायण, ब्रजेश तिवारी, तारा साहू, हरि प्रसाद महतो, लगनु महतो, तुलसी गुप्ता, बसन्त महतो, लखन महतो, विकास महतो, निरंजन महतो, अजय कुमार, अनिल कुमार, किशुन महली, विश्वेश महतो, निवेश महतो, रमेश मुंडा, विजय महतो, रामदेव सोनी, उर्मिला देवी, उषा देवी शामिल थे।

### सीता की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : प्रतुल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार द्वारा सीता सोरेन के जेड सिक्योरिटी के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट नहीं देने पर आपत्ति जताई है। एक्स पर ट्विट करते हुये उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जेड सिक्योरिटी के लिये लॉजिस्टिक सपोर्ट देने से सीता सोरेन को मना कर दिया। इसके कारण वह रांची नहीं आ पायी। आज सीता सोरेन का रांची आगमन तय था। लेकिन राज्य सरकार ने उनको जेड सिक्योरिटी कवर के लिये जरूरी इंतजाम देने से मना कर दिया है। इसके कारण उनका दौरा टल सकता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार का डर दिखा रहा है कि वह बहाने करके सीता सोरेन के दौरे को टालना चाहती है। सोरेन परिवार की मां समान बड़ी बहु के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को झारखंड कतई बर्दश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय नेताओं के आगमन को सुरक्षा कारणों से रोकने की साजिश नहीं चलने वाली है।

### रिटायर होने वाले शिक्षकों का भुगतान तीन माह में करेगा शिक्षा विभाग

**रांची।** झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से रिटायर होने वाले अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारियों को रिटायरमेंट से तीन माह पहले सभी बकाया और प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। यह निर्देश विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने लेटर जारी कर दिया है। तीन महीना पहले सभी कार्य करने का निर्णय इसलिए लिया गया है, क्योंकि आए दिन रिटायर होने वाले कर्मचारियों का बकाया नहीं मिलने से वे कोर्ट पहुंच जाते हैं। इस कारण विभाग के काम में बाधा आती है। ऐसे ही मामलों को देखते हुए विभागीय सचिव ने निर्देश दिया है। इसके लिए विभाग समेत प्रखंड स्तरीय शिक्षा कार्यालय में तैयारी किया जा रहा है। तैयारी पूरा होते ही काम शुरू किया जाएगा। यदि किसी के ऊपर विभागीय कार्रवाई चल रही है, तो उसे रिटायर होने के 7 महीने पहले सारे मामलों का निष्पादन करना है।

**डीईओ-डीएसई ऑफिस में बनेगा कोषांग :** जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में एक कोषांग बनाना है। इस कोषांग में सभी का डेटा रखना है। इसके आधार पर काम करना है। जारी लेटर में निर्देश दिया गया है कि इस काम में यदि लापरवाही कोई करता है, तो उसपर कार्रवाई शुरू करके विभाग को भी सूचना देना है। यदि इसके बाद भी कोई कोर्ट जाता है, या किसी की लापरवाही पाई जाती है तो इसपर भी कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई है।

### विकास से बूटी मोड़-कांटाटोली-नामकुम सड़क का काम धीमा

**रांची।** राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण सड़क व बाइपास की तरह काम करने वाले नेवरी विकास से बूटी मोड़-कोकर-कांटाटोली-नामकुम आरओबी तक बन रहे फोरलेन सड़क का काम काफी धीमा है। 15.21 किमी लंबी इस सड़क के फोरलेनिंग के लिए 2022 में ही संवेदक एसआरई एंड एसोसिएट भागलपुर की कंपनी के साथ एक करारनामा किया गया था। परंतु सड़क निर्माण इतनी धीमी गति से चल रहा है कि इससे समय और पैसा दोनों का नुकसान हो रहा है। स्थिति यह है कि इस के सड़क चौड़ीकरण-मजबूतीकरण का काम तय समय से दो माह विलंब से चल रही है। पथ निर्माण विभाग ने जनवरी 2024 तक ही इसे पूरा करने का लक्ष्य दिया था। लेकिन मार्च समाप्ति पर है और काम सिर्फ 50 फीसदी ही हो पाया है। अभी सड़क कई जगह उखड़ी है, चौड़ीकरण नहीं हो सका है। इस रोड में एक ब्रिज का भी निर्माण कार्य कराना है। ऐसे में 129.16 करोड़ की लागत से बन रही इस सड़क को पूरा होने में यह साल पूरा लग जायेगा। हालांकि, पथ निर्माण विभाग ने इंजीनियरों व संवेदकों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है, लेकिन अभी कई कार्य बाकी है।

### नक्सलियों के पास से दस लाख कैश बरामद, दो गिरफ्तार



**रांची।** चाईबासा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लेवी के दस लाख 50 हजार रूपये बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में राजेश देवगम और जयपाल देवगम को गिरफ्तार किया है। दोनों ममता देवगम के बेटे है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर को यह सूचना मिली कि टोंटो थाना क्षेत्र के वनग्राम जिम्की इकीर और राजाबासा के आसपास नक्सलियों के द्वारा लेवी का पैसा छुपाकर रखा गया है। सूचना पर चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ की टीम वहां पहुंची और वहां से दस लाख कैश बरामद किया। पुलिस ने वहां से लेवी प्राप्त करनेवाला रसीद, 100 ग्राम अर्ध ठोस गुलाबी संदिग्ध विस्फोटक, पुल थ्रू- दो नग, वायरलेस सेट तीन नग, रेडियो सेट एक नग, टैबलेट एक, चश्मा, पॉवरबैंक, गर्दन बैंड व अन्य दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया है।

### कर्ज ने ले ली बिल्डर नीरज की जान

रांची। हाल के दिनों में बिल्डर नीरज सहाय के द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में प्रथम द्रष्टया में कर्ज अधिक होने की वजह से की। पुलिस छानबीन में यह पता चला है कि नीरज पर 28 करोड़ रूपये का कर्ज था। कर्जदार के द्वारा बार- बार पैसे का तगादा किया जाने लगा। बड़ी रकम को जल्द चुकता न करने की स्थिति में उसने अपना जीवन मिटाने का ही फैसला लिया। उनके बारे में यह भी पता चल रहा है कि रांची के शो रूम में जो गाड़ी आती थी, वह तुरंत करोड़ो रूपये भुगतान कर गाड़ी खरीद लेते थे। मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता ने बताया कि व्यवसाय में हुए आर्थिक नुकसान की वजह से नीरज हाल के दिनों में परेशान थे। जिस कारण ही इस आत्महत्या के घटना को उन्होंने अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार नीरज का कई लोगों से रुपए को लेकर विवाद चल रहा था जिसमें कई बड़े बिल्डर और व्यवसायी भी शामिल थे। मामले को लेकर नीरज के खिलाफ कोतवाली थाने में भी शिकायत की गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस नेता और रांची के पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय भी नीरज के आवास पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना से वो भी अचंभित है, क्योंकि नीरज जिंदा दिल इंसान थे।

## निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायें: के.रवि कुमार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को समीक्षा बैठक किया। इसमें उन्होंने कहा कि चुनाव प्रबंधन के संबंध में हरेक स्तर के लिए जिम्मेवारियां तय हैं। इसलिए निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी/ कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनि>ित करें। मतदान की तैयारी में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। जानकारी की कमी से कहीं भी मतदाताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन संचालन के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा बीएलओ से लेकर निवार्ची पदाधिकारी तक के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। अतएव किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। ऐसे किसी भी शिकायत पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि राज्य के जिन-जिन मतदान केन्द्रों पर पूर्व के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वैसे चिन्हित मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कराकर मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम का मिलान करें तथा मतदाताओं की उदासीनता को दूर करने के लिए उन्हें जागरूक करें साथ ही यदि मतदाताओं को पूर्व में अगर कोई असुविधा हुई हो, तो उसका तत्काल निराकरण करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिए फॉर्म 6 प्राप्त करने की प्रक्रिया में गति लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने डोर टू डोर सर्वे के दौरान छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए पंचायत/वार्ड स्तर पर उपलब्ध मानव संसाधन के बेहतर इस्तेमाल का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्र जागरूकता समूह एवं वोलेंटियर को सक्रिय किए जाने पर भी बल दिया। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पिछले कुछ दिनों से विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के औचक निरीक्षण के दौरान वहां की तैयारियों का जायजा लेने के साथ - साथ स्थानीय लोगों से मिलकर संबंधित मतदान केन्द्रों के स्तर पर हुई गतिविधियों के बारे में जानकारी ली थी। इसी क्रम में आज रांची जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में चुनाव को लेकर की गई तैयारियों के बारे में रिपोर्ट करने को कहा गया था। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, ओएसडी गीता चौबे एवं रांची जिले के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्वाचक सूची में नाम जुड़वाने का अब भी मौका**

पूर्व में वोटिंग प्रतिशत कम वाले मतदान केन्द्रों के क्षेत्र में घर-घर सर्वे कर कारणों को जानें और पूर्व में यदि किसी असुविधा के कारण मतदान प्रतिशत में कमी रही हो तो उनका तत्काल करें निराकरण

## भाजपा ने कांग्रेस को दस्तावेज के साथ बहस करने की खुली दी चुनौती

# हर नागरिक व संस्था के लिए आयकर नियम बराबर : शाही



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने कांग्रेस को दस्तावेज के साथ बहस करने की खुली चुनौती दी है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कांग्रेस के खाता फ्रिज करने के दुष्प्रचार पर बड़ा हमला बोला है। श्री शाही रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सुप्रीमो सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स भुगतान में कांग्रेस पार्टी डिफॉल्टर, नही हुआ है बैंक एकाउंट फ्रिज। उन्होंने कहा कि हर नागरिक और संस्था के लिए आयकर नियम बराबर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है,जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है। लेकिन न्यायालय में आने पर बचाव के लिये दलील पेश नहीं कर पाती है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर ही रोक लगाई गई है। न कि बैंक एकाउंट को फ्रिज किया है। उन्होंने कहा कि आयकर मामले में कांग्रेस के द्वारा अपने-अपने खाते फ्रिज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या करना देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर, 70 हजार करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स और 5000 करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी स्वयं चार्टर्ड प्लेन में घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद कांग्रेस ने 14 लाख नगद चंदा लिया। 105 करोड़ का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ ही जमा कराया। कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड रुपये का आयकर वैध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया। लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी है।

### एचईसी के सप्लाई कर्मियों में मायूसी, नहीं मिला वेतन

**रांची।** होली से पहले वेतन नहीं मिलने से एचईसी के सप्लाई कर्मियों में मायूसी और आक्रोश है। बीते शुक्रवार को एचईसी के स्थायी कर्मियों को एक माह का वेतन दिया गया। वहीं सप्लाई कर्मियों के वेतन पर आगे की प्रक्रिया चल रही है। अब वेतन नहीं मिलने के बाद सप्लाई कर्मियों में आक्रोश है। बता दें की एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित घेराव कार्यक्रम में सप्लाई कर्मियों ने कहा कि दो दिन पूर्व सीएमडी ने बैठक में कहा था कि स्थायी और सप्लाई कर्मियों को एक साथ वेतन का भुगतान किया जाएगा। आक्रोशित सप्लाई कर्मियों ने शनिवार को निदेशक कार्मिक के कार्यालय का घेराव किया था और रविवार को भी आक्रोश प्रकट किया। बता दें एचईसी कर्मियों का लगभग 22 महीनों का वेतन बकाया है। एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के बैनर तले कर्मी बीते 68 दिनों से आंदोलनरत हैं।

### मनरेगा के काम को प्रभावित कर चुनाव कार्य में लगाये गये मनरेगा कर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मनरेगा कर्मियों को भी लोकसभा चुनाव की ड्यूटी पर लगा दिया गया है। अनुबंध पर काम करने वाले इन मनरेगा कर्मियों से प्रत्येक दिन ब्लॉक में बुलाकर चुनाव संबंधी कार्य लिए जा रहे हैं। संबंधित जिला प्रशासन ने इसकी ड्यूटी लगायी है। इस वजह से मनरेगा का काम भी प्रभावित हो गया है। हालांकि, भारत निर्वाचन आयोग का इस संबंध में स्पष्ट निर्देश है कि अनुबंध कर्मियों से चुनाव से जुड़े कार्य नहीं कराना है फिर भी राज्य में बड़े पैमाने पर काम लिया जा रहा है। मनरेगा कर्मियों का कहना है कि काम करने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन इसके बदले सामाजिक सुरक्षा भी मिलने चाहिए। वहीं, काम के बदले भुगतान भी होना चाहिए। लेकिन इस संबंध में कोई बात नहीं होने से काफी परेशानी बढ़ गयी है। मनरेगा कर्मचारी जल्द ही इस संबंध में चुनाव आयोग को एक ज्ञापन भी सौंपेंगे। बता दें कि राज्य में 5,000 से अधिक मनरेगा कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।

**ग्रामीण विकास विभाग ने भी लिखा था पत्र**

ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार ने भी इस संबंध में सभी जिलों में पत्र लिखा था और मनरेगा कर्मियों से मनरेगा के अलावा कोई दूसरा कार्य नहीं कराने का निर्देश दिया था। विभाग का कहना था कि हाल की समीक्षा में भी यह बात सामने आयी कि कई मनरेगा कर्मियों से दूसरे कार्य लिए जा रहे हैं, जिससे विभाग अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम सहित अन्य रोजगार परक महत्वकांक्षी योजना का काम प्रभावित हो रहा है।

# चुनावी मौसम में हर दल में हैं कूद-फांद वाले नेताजी

सीता सोरेन झामुमो से भाजपा में गयी तो जेपी पटेल भाजपा से थामा कांग्रेस का दामन, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी भी पाला बदलने के फेर में है, इसके पहले कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा ने भी भगवा पट्टा पहना







उदय चौहान

**रांची।** चुनावी मौसम में हर दल में कूद-फांद करने वाले नेताजी विद्यमान है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस की गीता कोड़ा ने भगवा पट्टा पहन लिया। इसी प्रकार, झामुमो की सीता सोरेन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लीं। वहीं, भाजपा विधायक जेपी पटेल ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। वहीं, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी के भी झामुमो में जाने की चर्चा गरम है। चर्चा तो यह भी है कि कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के अलावा आधा दर्जन पाला बदलने के लिये तैयार बैठे हैं। इसमें हर दल के नेता कूद-फांद मचाने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि चुनाव का वक्त आते ही नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस बार भी पाला बदलने वालों में कई बड़े नाम शामिल हैं। लेकिन एक दौर था जब किसी पार्टी या संगठन के प्रति वफादारी निभाते निभाते नेता अपना पूरा जीवन खपा देते थे। पार्टी के प्रति उनका समर्पण उनकी पहचान बन जाया करती थी। लेकिन, अब न वो सोच रही और ना ही राजनीति की परिभाषा है। बदलते वक्त के साथ मानो इस पर भी तेजी से प्रोफेशनलिज्म हावी होने लगा है। जहां ज्यादा फायदा वहां शिफ्टिंग। शायद यही वजह है कि चुनाव के वक्त राजनेताओं का पाला बदलना मौसम के जैसा हो गया है।

**होता रहा है पाला बदलने का खेल**

जिन बड़े नेताओं ने पाला बदला है, उसमे सबसे बड़ा नाम है बाबूलाल मरांडी है। आज इनके पास प्रदेश भाजपा की कमान है। 2006 का वह दौर जब डोमिसाइल विवाद की वजह से सीएम की कुर्सी गंवाने पर पार्टी में अलग-थलग पड़ने पर इन्होंने जेवीएम नाम से अपनी पार्टी बना ली थी। जब लौटे तो यहां तक कह बैठे कि पार्टी दफ्तर में झाड़ू लगाने का भी काम मिला तो मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, रविंद्र राय और दीपक प्रकाश कभी बाबूलाल की पंक्ति में पीछे खड़े थे। इस फेहरिस्त में नवीन जायसवाल का भी नाम है, जो आजसू छोड़कर बीजेपी में आये। लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे बबन गुप्ता ने भी भाजपा में राजनीतिक भविष्य की तलाश शुरू की थी। भानू प्रताप शाही, राधाकृष्ण किशोर, अनंत प्रताप देव, सुखदेव भगत, मनोज यादव जैसे नेता पाला बदलते रहे हैं। पिछले चुनाव में राजद की प्रदेश अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी ने ऐन वक्त पर पाला बदलकर भाजपा का दामन थाम लिया था। खैर! लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे पाला बदलने वाले नेताओं की तादाद बढ़ती जायेगी।

स्पीड न्यूज

## बीडीओ ने किया इंटर स्टेट चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने इंटर स्टेट चेकनाका पर जांच अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी ने इंटर स्टेट चेक पोस्ट सरिसाकुंडी में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो व्यक्तियों के पास कुल एक लाख नगद पाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने पूछताछ की तो उसने बताया गया कि यह राशि रॉयल कोक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूरों के पेमेंट के लिए है। उसने कंपनी का एक लेटर पैड पर लिखा हुआ कागज भी दिखाया। उस लेटर पैड पर अंकित मोबाइल नंबर पर कॉल कर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सत्यापन किया। नगद राशि ले जा रहे व्यक्तियों के आधार कार्ड से भी सत्यापन किया गया। इसके बाद दोनों व्यक्तियों को नगद राशि के साथ छोड़ दिया गया। पुलिस वाहनों की जांच कर रही है।

### कतरास, झरिया, निरसा सहित एक दर्जन स्थानों से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

# रेड और रिकवरी ऐसी कि सकते में विभाग

- महुआ शराब चुलाने की दर्जनों भट्ठियां ध्वस्त, 10 हजार लीटर महुआ शराब नष्ट

## कोयला तस्करों के बाद शराब के अवैध धंधे पर चोट

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में होली के पूर्व चले अभियान में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने छापा मार कर लगभग 10 हजार लीटर महुआ शराब को नष्ट करते हुए भारी मात्रा में देसी.विदेश अवैध शराब को बरामद किया। जिनके संरक्षण में शराब का अवैध कारोबार चलता था उनके होश भी फाख्ता हुए ही क्योंकि ऊपर के सख़्त आदेश के कारण छापामारी दल में वैसे खाकीवदीर्धारियों को भी टीम का हिस्सा बनना पड़ा।

जानकारी के मुताबिक विभिन्न टुकड़ों में बंटे अधिकारियों के दस्ते ने लोकल पुलिस के सहयोग से कतरासए झरियाए निरसाए पुटकीए बरोराए राजगंजए मधुबनए तेतुलमारीए बलियापुरए आदि स्थानों में औचक छापा मारा। जीटी रोड के किनारे कई लाइन होटल भी इसकी चपेट में आये जहां होली में खपत के लिये देशी.विदेशी शराब का स्टॉक कर रखा गया था। वहीं रोड से हटकर झाड़ियों में महुआ शराब चुलाने की कई भट्ठियों को भी नेस्त नाबूद किया गया। रेड की सूचना लीक हो जाने के कारण में अवैध शराब के कारोबारी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाये। सूत्रों के मुताबिक बलियापुरए सिंदरी और गोशाला थाना की टीम ने महुआ शराब का फूल स्टॉक पकड़ा। यही स्थिति मधुबन की रही जहां फुलारीटांड़ में चलरही भट्ठी से शराब को भाया। राजगंज के डोमनपुर चुंगीए बार कुल्हिए के लाईन होटलों में भी छापा पड़ा। तेतुलमारी के तिलाटांड़ में 400 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया। मालकेरा के होटल सेए लोयाबाद के कनकनी हनुमान बाजार विदेशी शराब की बोतलों को जब्त किया गया। पुटकी व मुनिडीह के श्रीनगर कालोनी मनोज व चंदन पासवान के घर से शराब की बोतलों को बरामद किया गया। लालपुर नाला किनारे की झाड़ियों में संचालित हो रही महुआ शराब की भट्ठी को नष्ट किया गया। निरसा के बेनागढिया और मुगमा में में छापा मार कर अंग्रेजी शराब बरामद करने में टीम को सफकता मिली है।

### कतरास के झालो होटल में पड़ा छापा

होटल में सरेआम शराब परोसने की सूचना मलने पर कतरास के झालो होटल में में रेड करने पर 10 कार्टून से अधिक अंग्रेजी शराब की बोतल को जब्त किया गया। बड़ी मात्रा में बीयर के बोतल भी बरामद हुए। होटल संचालक फरार हो गया। बरोरा के हरिणा बाजार और जमुआटांड़ हीरक रोड में होटल से शराब बरामद किया गया हरिणा बस्ती में भारी मात्रा में शराब को नष्ट भी किया गया। देशी–विदेशी शराब की अवैध बिक्री के लिये बदनाम झरिया में कई स्थानों पर रेड पड़ा। नई दुनिया कोढ़िया पट्टीए में तो महुआ शराब चुलाने की भट्ठी को देख कर आश्चर्य हुआ वहां एक हजार लीटर से अधिक महुआ शराब को नष्ट किया गया। नई दुनिया बस्ताकोला भेदाकोटाए भगतदिह कोयरिबान्ध इंडस्ट्री धनसार इलाके में भी छापा मार कर बड़ी मात्रा में शराब को नष्ट किया गया।

### डीसी-एसपी की नई टीम की दूसरी मुहिम

बताया जाता है कि धनबाद कोयलांचल में लोकल पुलिस की सांठगांठ से देशी .विदेशी शराब का अवैध कारोबार चलता रहा है। चांदी के जूते के आगे सब नतमस्तक थे। लेकिन हाल ही में नई डीसी माधवी मिश्र और नए पुलिस कोटान पी जनार्दनम के ज्वाइन करने के बाद अवैध शराब के खिलाफ यह पहली मुहिम थी संयोग रहा कि मुहिम को होली के ओहले अंजाम दिया गया। इससे पूर्व कोयला तस्करों के खिलाफ अभियान चला था जिसमें इस अवैध धंधे पर कुछ हद तक नकेल कसने में प्रशासन को कामयाबी मिली है। अब बारी शराब के अवैध कारोबारियों की है

## चिरकुंडा में पुलिस ने बरामद की अवैध शराब, तीन गिरफ्तार



**खबर मंत्र संवाददाता**

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध शराब व गांजा बरामद किया। पुलिस ने तीन लोगों गिरफ्तार भी किया। डीएसपी शंकर तांती व थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने शनिवार की देर रात प्रेस वार्ता में बताया कि चिरकुंडा-पंचेत रोड स्थित तीन नम्बर चढ़ाई के समीप विकास गोराई,मंगल गोराई एव लुकन देवी अवैध रूप से गांजा एवं शराब की ब्रिकी कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह के नेतृत्व में टीम ने उन व्यक्तियों के घरों पर छपेमारी की। उनके घर से अवैध गांजा,शराब एवं चिलम बरामद किया गया है। अभियुक्तों को भी गिरफ्त किया गया। बरामद समान में गांजा 4 केजी 850 ग्राम,बंगाल की देर्सी शराब की 50 बोतल, किंग फिसर वीयर 32 बोतल एवं चिलम 190 पीस बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी नशीले पदार्थ होली में खपाने की योजना थी। छापेमारी दल में एएसआई कमलजीत चौधरी,फगुआ उरांव, शशि प्रभा सिन्हा सहित पुलिस बल मौजुद थे।

## धनबाद प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने मचाया धमाल, खेली होली



### रंग-गुलाल लगा कर दी होली की बधाई

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब की ओर से रविवार को गांधी सेवा सदन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में अलग अलग मीडिया हाउस के पत्रकार शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने कहा होली, सामाजिक सदभाव और आपसी भाईचारे का त्योहार है। आज सभी पत्रकार मित्र इस उत्सव का आनंद ले रहे है। अपनी माता के निधन के कारण वह व्यक्तिगत रूप से इस बार होली नहीं मना रहा हैं। लेकिन क्लब का अध्यक्ष होने के नाते इस उत्सव में शामिल हुए। क्लब के महासचिव गंगेश गुंजन ने भी सभी साथियों को होली की बधाई और शुभकामनाए दी। मौके पर पंकज कुमार, विजय पाठक, प्रतीक पोपट, चंदन पॉल, विद्युत वर्मा, अमर कुमार आदि मौजूद थे।

## सिंदरी में 48 वर्षीय महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**खबर मंत्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी शहरपुरा बाजार के झोपड़ी मार्केट के राशन दुकानदार संजय कुमार गुप्ता की 48 वर्षीय पत्नी मिनी देवी की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गया। परिजनों के अनुसार मिनी की मौत शनिवार की देर रात लगभग दस बजे दुकान के उपर बने आवास में हो गई थी। वह शुगर की मरीज थी। परंतु विगत एक वर्ष से घरेलू कलह चल रहा था। सिंदरी के मशहूर व्यवसायी स्व भगवान साव की छोटी पतोहू मिनी के मायके ओम कालोनी गुमला में शनिवार की देर रात सूचना दी गई। मृतका के भाई दीपक गुप्ता ने सिंदरी थाना प्रभारी को घटना की सूचना देते हुए यथास्थिति बनाए रखने का अनुरोध किया। थाना प्रभारी ने एक सिपाही को घटनास्थल के पास तैनात कर दिया। रविवार को मिनी देवी के दो भाई संजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, बहन व जीजाजी सुरेंद्र गुप्ता पहुंचे। परिजनों ने काफी देर तक मिनी के पति संजय गुप्ता पर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए हो हल्ला किया। प्रताड़ित कर मार देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए परिजन सिंदरी थाना पहुंचे। मृतका की एक 24 वर्षीय बेटी भी है। संभव है कि बेटी के भविष्य को देखते हुए परिजनों ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार कर दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार सिंदरी श्मशान घाट पर किया।

## मतदान में तेजी लाने के लिए करें फोरम का गठन

### वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक में दिए गए कई नर्देश




**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में सीडीपीओ के नेतृत्व में रविवार को वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक हुई , जिसमें विभागीय पदाधिकारियों को बताया गया कि अपने कार्यालय अध्यक्षों को नोडल अधिकारी नियुक्त करें। अपने सभी कर्मचारी को सही जानकारी उपलब्ध कराएं। क्षेत्र के सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करें। वोटर अवेयरनेस फोरम के अध्यक्ष संस्था के हेड होंगे और वही एक नोडल पर्सन नियुक्त करेंगे। साथ ही बताया गया कि सभी बैंकों, कोचिंग सेंटरों, सरकारी कार्यालयों , प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, पब्लिक सेक्टर ऑर्गेनाइजेशन में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन करें। अगर किसी कर्मचारी का वोटर लिस्ट में नाम नही है तो वे फार्म 6 भर सकते हैं। सभी लोग वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करेंगे एवं सभी कर्मचारी को भी एप डाउनलोड करने के लिए कहेंगे। इसके अलावा मतदाता जागरुकता अभियान में गति प्रदान करने, मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ, सोशल मीडिया कैंपेन, पेंटिंग प्रतियोगिता का निर्देश दिया।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली, बनाई रंगोली

### प्रखंडों में चलाया गया जागरुकता अभियान




**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में रविवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। तोपचांची में बीडीओ एवं सीओ के नेतृत्व में कार्यालय के कर्मियों ने रैली निकाली । चुनाव से संबंधित नारे, बैनर, पोस्टर के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तोपचांची में छात्राओं ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। विभिन्न स्थानों पर चुनाव से संबंधित रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। झरिया में जिला आइकॉन श्वेता किन्नर और उनके साथियों ने लोगों से मतदान के दिन अपनो मत का प्रयोग करने की अपील की। विभिन्न बूथों पर स्वीप के तहत लोगों के फोन में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करा कर संबंधित विषय की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा । बूथों पर चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली, जागरुकता रैली समेत कई अन्य गतिविधियां की गई।

### कई स्थानों पर चला जागरूकता अभियान

**धनबाद।** स्वीप कोषांग की ओर से रविवार को गोल्फ ग्राउंड में मॉर्निंग वॉक में आए लोगों के बीच मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। लोगों ने हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर किये। साथ ही सेल्फी स्टैंड में सभी ने सेल्फी भी ली। इसके अलावा कोयला नगर में भी मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। अलग अलग चौक–चौराहों पर लगे चाय स्टॉल पर लोगों को उन्हें मतदान की महत्ता से अवगत कराया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना सोनू क्लब

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मैथन।** मैथन के एरिया नम्बर-पांच में उमेश कुमार स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को रात में किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन राहुल कुमार ने अपने दिवंगत पिता उमेश कुमार की स्मृति में किया था। उद्घाटन स्वर्गीय उमेश कुमार के पिता जी राम ने किया। उमेश कुमार डीवीसी के कर्मचारी के साथ अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी भी थे। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। मैच रात 8.30 शुरू हुआ और सुबह 6 बजे समाप्त हुआ। मैच देखने के लिए मैथन के हर क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। टूर्नामेंट का विजेता सोनू क्लब की टीम बनी। मैन ऑफ दी सीरीज पुरस्कार देवेश को मिला। एम्पायर का काम राकेश और राहुल ने किया। खेल समाप्ति के बाद विजेता टीम को दिवंगत की धर्मपत्नी श्रीमती रीता देवी और उपविजेता टीम को छोटे भाई देवेश कुमार ने टॉफी प्रदान की। टूर्नामेंट को सफल बनाने में राहुल कुमार, सत्यजीत कुमार शर्मा, सुभाष आड्या, खुर्शीद आलम, विक्रम सिंह, पीयूष कुमार, चीनू घोष, मानव दे, धर्म देव सिंह, हरिनंदन यादव, भगवान रवानी, बिनोद सिन्हा आदि का सराहनीय योगदान रहा।




## धनबाद : ईसाई धर्मावलंबियों ने मनाया खजूर पर्व

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** ईसाई धर्मावलम्बियों का महत्वपूर्ण खजूर पर्व आज यहां बड़े ही श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। आज ही के दिन प्रभु यीशु जब अपने घर विजयी होकर येरूशलम को लौटे थे तो येरूशलम के लोगों ने खजूर की डाली लहराते हुए उनका स्वागत किया गया था।

इस मौके पर आज स्थानीय संत अंथोनी चर्च में प्रातरू प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जहां हजारों की संख्या में ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित हुए। प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर जो खून बहाया गया था उसके सम्मान में पवित्र आत्मा की आग और पीड़ा का प्रतीक मानकर चर्च के फादर ज्ञान प्रकाश टोपनो तथा सहायक फादर प्रदीप मरांडी ने लाल रंग का वस्त्र पहन कर प्रार्थना सभा के पूर्व सभी ईसाई धर्मलंबियों के हाथों में पकड़े हुए खजूर की डाली को आशीष की तत्पश्चात सभी ईसाई धर्मावलंबी जुलूस के रूप गाते हुए खजूर हाथों में लिएए यहूदियों के बालकों नेए प्रभु की जय गाते हुए प्रभु यीशु का स्वागत किया।



## एक नजर में

### राजपूत अधिवक्ता परिवार होली मिलन में दिया भाईचारे का संदेश



**धनबाद।** राजपूत अधिवक्ता परिवार की ओर से रतन विहार होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षत्रिय परिवार के लगभग 100 से ज्यादा अधिवक्ताओं ने भाग लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि होली में एक दूसरे से मिलकर अबीर गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में भी मनाया जाता है। झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता और बार काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि होली के अवसर पर इकट्ठे होकर जिला सहित पूरे प्रदेश में भाईचारे का अद्भुत संदेश देने का काम किया है। यह निरंतर चलते रहना चाहिए। मौके पर कुबेर सिंह, जय मंगल सिंह, पिंटू सिंह, संतोष सिंह, धीरेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, चंदन सिंह, दिग्विजय सिंह, धनंजय सिंह, पंचानन सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

### पूर्वी टुंडी में बीडीओ ने दिया मतदाता जागरुकता फैलाने का निर्देश



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह की अध्यक्षता में रविवार को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बैठक में सभी मतदान केंद्रो में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन किया गया है। ग्रुप के सदस्य आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिका, जलसहिया, मनरेगा मेट, ग्राम रोजगार सेवक, कृषक मित्र ,एमडीएम रसोइया आदि को बूथ स्तर पर बैठक कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने जेएसएलपीएस के ग्रुप की महिलाओं को एवं अन्य लोगों के सहयोग से मतदाता जागरुकता रैली, स्लोगन लेखन, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता आदि आयोजित करने का निर्देश दिया।

### गोविंदपुर-साहिबगंज रोड के लाइन होटलों में पुलिस ने की छापेमारी

**पूर्वी टुंडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग के किनारे स्थित कई लाइन होटल में शनिवार की देर रात थाना प्रभारी मदन चौधरी तथा इंस्पेक्टर मो साजिद हुसैन के नेतृत्व में पुलिस ने लटानी, बड़वाद आदि क्षेत्र में अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। हालांकि कहीं से कोई अवैध चीज बरामद नहीं हुई।

# धनबाद में अवैध लॉटरी का करोड़ों का हो रहा धंधा

### ठिकाना बदल धंधेबाज नये तरीके से शुरू कर रहे धंधा

- मुख्य सरगना पुलिस की पकड़ से बाहर

**खबर मंत्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में दशकों से चल रहे एक लाटरी के खिलाफ चले अभियान का मुख्य सरगना अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। प्रति वर्ष करोड़ों रुपये के कारबार का यह धंधा काफी पुराना है जिसके खिलाफ अभियान अब शुरू किया गया है । पुलिस की साठगांठ से लॉटरी किंग हर साल करोड़ों रुपए का कारोबार करते आ रहे है। बंगाल से सटे होंने का भी फायदा स्थानीय धंधेबाजे को मिलता रहा है। लेकिन मौजूदा डीसी व एसएसपी की सख्ती के कारण पुलिस रेस हुई है और लगातार कार्यवाई कर रही है। लेकिन यह कार्यवाई भी कई सवाल खड़े कर रही हैए क्योंकि कार्यवाई के बाद भी ना तो कोई सरगना पकड़ा गया हैए ना ही लॉटरी का अवैध कारोबार बंद हुआ है। ताजा मामला झरिया थाना क्षेत्र जुड़ा हुआ है। धंधेबाज समीर नामजद अभियुक्त बनाये जाने के बाद जिले से फरार हैए लेकिन उसके ब्रांड की लॉटरी झरिया व आसपास के इलाकों में अब भी खरीदी व बेची जा रही है। उसके कई नजदीकीए इस कारोबार को सम्हालने का काम कर रहे है। सुदामडीह और भौरा क्षेत्र अवैध लॉटरी के धंधे का नया ठिकाना बन चुका है। समीर के अलावा गोविंदपुर व कतरास के कई इलाकों में पवन झुनझुनवाला के ब्रांड की लॉटरी भी बिक रही है।

### फाइनल राउंड में पहुंचे 56 विद्यार्थी

सीआईडी की टीम भी है सक्रिय
धनबाद में अवैध लॉटरी के खिलाफ सीआईडी की टीम भी सक्रिय सक्रिय है। शहर के अलग अलग इलाकों से टीम ने चार दिन पहले चार हॉकरों को दबोच कर जेल भेजा था। इस मामले में सीआईडी के इंस्पेक्टर शारदा रंजन प्रसाद के बयान पर सदर थाने में चार हॉकर और नौ बड़े धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इस मामले में मो शमीमए आनंद कुमारए गौतम कुमार चौरसिया और गोपाल आनंद को पकड़ा गया था। लेकिन सिंडीकेट मजबूत होंने के कारण सभी को कोर्ट से जमानत मिल गई। फिलहाल इनका धंधा बंद हैए लेकिन सीआईडी को अंदेशा है कि ये लोग ठीकाने बदल कर फिर से अपना धंधा शुरू कर सकते है। इसे देखते हुए सीआईडी ने शहर में अपना गुप्तचर छोड़ रखा है।

### धंधे में जुड़े है कई बड़े धंधेबाजों के नाम

धनबाद जिले में लॉटरी के इस अवैध खेल में कई बड़े नाम जुड़े हैए जिनकी पहुंच से पुलिस दूर है। इसमें डेहरी आन सोन का पवन झुनझुनवालाए गोविंदपुर का कुलदीपए निरसा का आनंद सावए कतरास का प्रदीप अग्रवाल तथा झरिया का समीर शामिल है। इसके अलावा गोविंदपुर का एक सफेदपोश भी शामिल है। इनके पकड़े जाने के कई अन्य लोगों का नाम उजागर हो सकता है।

### पेटरवार में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बेरमो।** होली के त्योहार को लेकर रविवार को पेटरवार सीओ अशोक कुमार राम व पेटरवार थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में पेटरवार थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार व अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मारच कर लोगो से अपील किया गया कि रंगो के इस त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ शांति व सौहादपूर्ण वातावरण में मनाये। कहा गया कि लोक सभा चुनाव को लेकर अचार संज्ञिता लगा हुआ है इस लिए किसी भी तरह के हुड़दंग से बचे अन्यथा कानुनी कार्यवाही होगी। सीओ श्री राम ने भी लोगों से शांति पुर्वक होली के हर्षोल्लास और भाइचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

# कांग्रेस झूठा व घोटालेबाज, पकड़े जाने पर कोर्ट में दलील पेश भी नहीं कर पाती

## पलामू सांसद बीडी राम प्रेस वार्ता में बोले

**आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रूपये के प्रयोग पर ही रोक लगाई है न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया**

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है, लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। प्रेस वार्ता में राम ने कहा कि आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रूपये के प्रयोग पर ही रोक लगाई है न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया है। उन्होंने कहा कि आयकर मामले में कांग्रेस के द्वारा अपने खाते फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। कांग्रेस ने एक लाख 80 हजार करोड़ का कोयला, एक लाख 76 हजार करोड़ का 2 जी स्पेक्ट्रम, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर, 70 हजार करोड़ का कॉमनवैल्थ गेम्स और पांच हजार करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी स्वयं चार्टर्ड प्लेन में घूम रहे हैं, मगर कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैसा नहीं है। सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद भी कांग्रेस ने 14 लाख नकद चंदा लिया, 105 करोड़ का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र ढाई करोड़ ही जमा कराया। कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कांफ्रेंस नहीं किया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है, क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड़ रूपये का आयकर वैध है। कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें हर जगह मुंह खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई बैंक खाते संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी है, एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरूद्ध है। भारत के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियम मानने होंगे फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से उपर क्यों समझते हैं। सांसद ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा संबित पात्रा और सैयद जफर इस्लाम ने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते फ्रीज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है जो शर्मनाक है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयर जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस घाटालों की सरताज है। कांग्रेस को न्यायालय से करारा झटका लगा है। सांसद ने कहा कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते को फ्रीज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है जो गलत है। आयकर अधिनियम के सेक्शन 13 ए के तहत देश की सभी राजनीतिक पार्टियों को आयकर में छूट मिलती है। कहा कि वर्ष 2017 --18 के कांग्रेस पार्टी के कर निर्धारण के दौरान पार्टी की कमाई पर लगने वाले कर को भरने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2018 दी गई थी लेकिन कांग्रेस ने अंतिम तिथि तक टैक्स नहीं भरा और उसके बाद कांग्रेस ने फरवरी 2019 में टैक्स जमा किया। राजनीतिक पार्टियों को लेकर एक प्रावधान है कि कोई भी राजनीतिक पार्टी अपने एकाउंट में 20 हजार से अधिक नकद चंदा नहीं ले सकती है, लेकिन कांग्रेस ने वर्ष 2017-18 में इस प्रावधान का भी उल्लंघन किया। इस प्रावधान की जानकारी होने के बाद भी कांग्रेस ने 14 लाख नकद चंदा लिया। इन कानूनों का उल्लंघन करने पर राजनीतिक पार्टियों को कर में मिलने वाली छूट पर रोक लगा दी जाती है। प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण कांग्रेस को भी इस छूट से बाहर रखा गया जिसके बाद कांग्रेस भी सामान्य करदाताओं की श्रेणी में आ गई। डा संबित पात्रा ने कहा कि जुलाई 2021 में हुए कांग्रेस के आयकर निर्धारण के आधार पर पार्टी पर 105 करोड़ टैक्स लगाया गया था लेकिन कांग्रेस सिर्फ ढाई करोड़ ही जमा किये। आयकर कानून के मुताबिक बकाया राशि का यदि 20 प्रतिशत भी जमा कर दी जाये तो मामला को अलग से चलाया जाता है जिसका प्रभाव बैंक खाते पर नहीं पड़ता लेकिन कांग्रेस ने 21 करोड़ भरने की जगह सिर्फ ढाई करोड़ ही जमा किये। जब बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो उस पर ब्याज देना पड़ता है। ब्याज पर ब्याज लगने के बाद 105 करोड़ की राशि अब 135 करोड़ बन चुकी है। संबित पात्रा ने कहा कि जब तक टैक्स की पूरी राशि नहीं जमा की जायेगी ब्याज की राशि बढ़ती रहेगी और यह राशि 135 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ भी हो सकती है। कांग्रेस ने इस मामले में वसूल की जाने वाली राशि पर रोक के लिए पहले कमिश्नर अपीलेट में अपील की, जहां नोटिस पर रोक लगाने की अर्जी को खारिज कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंची। दोनों जगहों से कांग्रेस को फटकार मिली है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने न सिर्फ ट्रिब्यूनल के आदेश को सही ठहराया बल्कि आयकर विभाग पर नोटिस देने से रोकने लगाने की मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद 13 फरवरी 2024 को आयकर विभाग ने रूटीन नोटिस देकर कांग्रेस के 3-4 खातों को अटैच कर दिया। इसके बावजूद कांग्रेस के कई बैंक खाते संचालित है और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी है। कांग्रेस पार्टी के संविधान के विरूद्ध है। आइटी ने नियमानुसार कांग्रेस के अकाउंट में से मात्र 115 करोड़ फ्रीज किये और सिर्फ इसी राशि के प्रयोग पर रोक लगाई। सत्य यह है कि आयकर विभाग ने डिफॉल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि के प्रयोग पर रोक लगाई है न कि बैंक अकाउंट फ्रीज किया है। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि कांग्रेस के बैंक खातों में एक हजार करोड़ की राशि है और 500 करोड़ की अचल संपत्ति है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, प्रमोद सिंह, शिव कुमार मिश्रा, प्रेम सिंह, सोमेश सिंह, विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, संजय कुमार, अभिमन्यु तिवारी, अलख दुबे शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी ने होली मिलन समारोह किया आयोजित



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन जिला कार्यालय में किया गया। इसका उदघाटन मुख्य संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरू पांडेय व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए अर्जुन पांडेय ने कहा कि सनातन धर्म बट वृक्ष की तरह फैला हुआ है। इसके अंदर विभिन्न जाति, संप्रदाय के लोग समाहित हैं। इन सभी को एक रंग में रंगने का काम होली पर्व करता है। यह पर्व वैमनस्य को समाप्त कर आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। मौके पर देवेंद्र तिवारी, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, शैलेश चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार चौबे, अमिताभ मिश्रा, मुन्ना पांडेय, राकेश पांडेय, धनंजय त्रिपाठी, शैलू चंद्रवंशी, अरबिंद तिवारी, पंकज लोचन, हरिवंश प्रभात, जय दूबे आदि मौजूद थे। संचालन लक्की ने किया।

### ईडी की कार्रवाई से नाराज झामुमों कार्यकर्ता अब आर पार लड़ने को तैयार



**हुसैनाबाद पलामू।** ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग और जमीन घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की गिरफ्तारी और उनकी पत्नी कल्पना के राजनीतिक अवतार से कार्यकर्ताओ में बल बढ़ गया है। अब कार्यकर्ता आर पार की मूड में हैं। लोग अपने अपने तरीके से विरोध कर रहे है। हैदरनगर प्रखंड के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को जेल से छुटने तक झामुमो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होली नहीं मनाने का निर्णय लिया है। नेताओं ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री को जेल में डालने का काम किया है। पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने कहा कि झामूमो का एक-एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन के आने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक नही आते है होली नहीं मनाएंगे। मौके पर झामुमो नेता पप्पू सिंह डॉ मंजूर आलम, परवेज आलम,पप्पू सिंह, विजय प्रसाद, पिंटू सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित





मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में होली-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा चतुर्थ से 12वीं तक के छात्र उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने समारोह में उपस्थित छात्र एवं शिक्षक को गुलाल-तिलक तथा पुष्पवर्षा द्वारा होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। नृत्य शिक्षिका नबोनिता चक्रवर्ती के द्वारा मनोहारी नृत्य एवं शिक्षक उज्ज्वल पाठक, राकेश कुमार एवं गौरव कुमार के द्वारा गीत की प्रस्तुती दी गई। तत्पश्चात बारहवीं के छात्राओं एवं वैष्वी कुमारी, रिद्धिमा कश्यप, नैन्सी कुमारी तथा रिदम सिंह के द्वारा होली गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने कहा कि होली हिन्दुओं का महान पर्व है। उन्होंने बच्चों से पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में विद्यालय के चेयरमैन सह, पांकी विधायक डॉ एस बी पी मेहता ने होली की शुभकामनाएं दी।

### होली पर्व व चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला मोटरसाइकिल से फ्लैग मार्च



**उंटारी रोड पलामू।** होली पर्व व आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलामू जिले में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एसपी रिश्मा रमेशन के निदेर्शानुसार रेहला थाना व उंटारी रोड थाना क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में मोटरसाइकिल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान ने आम जनों से इस पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने एवं शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करने की अपील की। फ्लैग मार्च में रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास, उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित काफी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

### तेतराई गोली कांड में घायल मुखिया से मिले विधायक डॉ शशिभूषण मेहता



**पांकी।** प्रखंड के तेतराई मुख्य बाजार में शुक्रवार की शाम हुई गोली कांड में घायल मुखिया राजेंद्र पांडे के तेतराई स्थित उनके आवास पर रविवार की शाम पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता पहुंचे, इस दौरान विधायक ने उनका हाल-चाल जाना व घटना की जानकारी प्राप्त की, उन्होंने पांकी थाना प्रभारी से इस मामले का तत्काल उद्बेदन करने व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जब क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है तो जनता का क्या हाल होगा, इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि लगातार जनता के बीच एवं जनता की सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं ऐसे में यदि उन पर हमला हो रहा है तो यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी एवं पुलिस चौकसी बढे ताकि इस तरह की अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगे।

### शिव पांडेय ने इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस 2024 में कराया नाम दर्ज

मेदिनीनगर। इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस 2024 में एक शब्दीय रामायण लिखकर पलामू के शिव कुमार पांडेय ने अपना नाम दर्ज कराया है। पलामू के शिवम रांची रोड रेड़मा के रहनेवाले हैं। इन्होंने एक शब्द से विश्व का पहला साहित्य लिखकर इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस 2024 में नाम दर्ज कराया। ये दुनिया का पहला साहित्य है जो कि एक ही शब्द का है जिसमें 3046 अक्षर हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा अभी तक 15 अलग-अलग शैलियों में लिखा हुआ साहित्य जो अभी तक प्रकाशित नहीं है। राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजे जाने पर शिवम काफी खुश हैं। आगे भी गिनीज बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकार्डस के लिए अप्लाई करने जा रहे हैं। इनकी इस सफलता के लिए फावस संगठन के रिजनल उपाध्यक्ष रंजीत मिश्रा व निलेश चंद्रा ने बधाई दी है।

### होली को लेकर शहर में फ्लैग मार्च



हरिहरगंज पलामू। होली का त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए पुलिस ने शनिवार को शहर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी जवानों के साथ मेन रोड होते हुए, मेन बाजार, अररुआखुर्द, महाराजगंज रोड सहित कई स्थानों का भ्रमण कर लोगों को शांति और सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए भाईचारा पूर्वक होली मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि शरारती तत्वों एवं सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। फ्लैग मार्च में एस आई विगेश कुमार राय, एस के गुप्ता, सोनू कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, नंदलाल साहनी, लालबहादुर हरिजन, एएसआई संजय सिंह, मनोज दास, सुधांशु शेखर झा सहित कई पुलिस पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

# चुनाव को ले चौकस है पलामू पुलिस

**डेढ़ बजे रात्रि को झारखंड सीमा स्थित अंतरर्राज्यीय चेकपोस्ट पहुंची एसपी रीष्मा रमेसन**

हुसैनाबाद अनुमंडल सीमा क्षेत्र का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के झारखंड सीमा स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट दंगवार ओपी सहित हुसैनाबाद अनुमंडल सीमा क्षेत्र का जायजा पलामू के पुलिस कप्तान रीष्मा रमेसन ने रविवार की रात्रि लगभग 1:30 बजे लिया। लोकसभा चुनाव झारखंड के पलामू सांसदीय क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होना है। इसे लेकर पलामू पुलिस एलर्ट हैं। पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेसन और सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर पुलिस के संयुक्त तत्वधान में हुसैनाबाद अनुमंडल के दंगवार ओपी सहित कई क्षेत्र का जायजा लेते एसडीपीओ सहित सभी थाना को कई निर्देश दिया। साथ ही कई स्थानों पर सर्च अभियान भी चलाया। उन्होंने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सभी सीमाएं पर पुलिस को चौकन्ना रहने कु भी हिदायत दी है। जानकारी के अनुसार इन सभी स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी हैं। ताकी चुनाव भयमुक्त वातावरण व निष्पक्ष रूप से कराया जाए। मतदाताओं को कोई दिक्कत ना हो। पलामू सांसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से बढ़ा दी गयी हैं। चिन्हित स्थानों पर लगतार पुलिस के द्वरा सर्च अभियान और एलआरपी चलाई जा रही हैं। वैसे सभी मतदान केंद्रों पर भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। ताकि इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना मतदान भयमुक्त करें। इस अभियान में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो समेत कई थाना के पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद थे।

# कृष्ण मुरारी दूबे लिखित पुस्तक 'भूल न जायें परवा दूबे वंश' का हुआ भव्य लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत बरिगांवा ग्राम में साहित्यकार कृष्ण मुरारी दूबे रचित 'भूल न जायें परवा दूबे वंश' का भव्य लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम आयोजित कर नन्द किशोर दूबे, बलराम दूबे, सुदामा दुबे, दामोदर दूबे, प्रभुनाम दूबे, श्रीधर द्विवेदी, डॉ विजय प्रसाद शुक्ल, सत्यनारायण तिवारी, परशुराम तिवारी, सत्यकेतु संजय, रामचन्द्र दूबे, धीरेन्द्र सिंह,भृगुनाथ सिंह, शंभूनाथ शुक्ला, विनोद दूबे, श्याम नारायण पासवान, शिक्षक नेता सुधीर दूबे, सुनील दूबे विजय शंकर मिश्र, श्याम किशोर पाठक, जय दूबे व सत्यनारायण दूबे ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय प्रसाद शुक्ल ने किया तथा पुस्तक को पठनीय व संग्रहणीय बताया। नंदकिशोर दूबे एवं दामोदर दूबे ने शाल ओढ़ाकर लेखक को सम्मानित किया। सर्वप्रथम शिक्षक सह लेखक परशुराम तिवारी ने कहा कि यह पुस्तक सिर्फ वंशावली नहीं अपितु सनातन संस्कृति का मानवता के प्रति किए गए योगदान का जीवंत दस्तावेज है। लेखक ने इस पुस्तक में परवा दूबे वंश के प्रगति व सेवा के आरोह-अवरोह का रोचक व प्रेरक वर्णन किया है। उन्होंने ब्राह्मणों को दिखावा से दूर रहकर सनातन संस्कृति का वाहक बनने के लिए प्रेरित किया है। वरिष्ठ साहित्यकार श्रीधर प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि लेखक ने पुस्तक में ज्ञान परंपरा व समृद्ध संस्कार के साथ कुनबे को समेटने का सराहनीय प्रयास किया है।

## पाटन : स्वयं सेवक संघ का धरना समाप्त



पाटन पलामू। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ पाटन का धरना शनिवार को समाप्त किया गया। इसके बाद स्वयं सेवक संघ ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन पाटी बीडीओ को सौंपा। इसके पूर्व संघ के प्रखंड अध्यक्ष रामनिवास तिवारी ने कहा कि पांच सूत्री मांगों को लेकर स्वयं सेवक संघ राज भवन के धरना पर बैठे थे। राज्यस्तरीय मंत्री परिषद की बैठक में 12 मार्च को संघ की मांगों को सरकार ने मान लिया है। इसलिए पंचायत सचिवालय स्वयं संघ धरना स्थगित कर दिया। अब पंचायत सहायक काम पर लौट चुके हैं।

# विश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति सह व्यवसाई संघ द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

**खूब उड़े अबीर गुलाल, प्रसिद्ध ब्यास शिव चौधरी के होली गीतों पर जमकर झूमे श्रोता**

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर बाजार सुरक्षा समिति सह व्यवसाई संघ द्वारा भेलवा नदी तट स्थित शिव छठ घाट परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन वरिष्ठ व्यवसाई लक्ष्मण साव,सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ललन सोनी व प्रदीप साव, राजू गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल व संचालन गोपाल सोनी ने किया। मौके पर संजय पांडेय ने कहा कि दुश्मन को भी दोस्त बनाने का स्पष्ट संदेश देने वाले पर्व का नाम ही होली है। पंकज कुमार लाल ने कहा कि आने वाले हिंदू नूतन वर्ष में समाज में फेल रहे विकृतियों को दूर करने का संकल्प लेने की जरूरत है। समारोह के दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी। समारोह में भोजपुरी के प्रसिद्ध ब्यास शिव कुमार चौधरी और दयानन्द तिवारी ने एक से बढ़कर एक होली गीत गया। मौके पर युवा भाजपा नेता मनीष कुमार, अरुण गुप्ता, संजय साह, संजय, रंजीत चंद्रवंशी, उमाशंकर साव, कामेश्वर केशरी, दीपक कुमार, प्रभु साव, प्रमोद वर्मा, चंद्रदेव चौधारी उर्फ कुकू पासी, संजय ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पांडू पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड मुख्यालय के पांडू बजार क्षेत्र सहित आस पास के स्थानों पर आगामी लोकसभा चुनाव और महान पर्व होली को लेकर पांडू थाना प्रभारी कुमार गौरव के दिसा निर्देश में पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। मौके पर प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार सहिता को ध्यान में रखते हुए होली पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनायें। पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शांति भंग करनेवाले लोगों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

## भयमुक्त वातावरण में मनायें पर्व, असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर : एसडीपीओ



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रशिक्षु आईपीएस सह एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने विश्रामपुर और रेहला में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस मुख्य सड़कों पर मोटरसाइकल से और गलियों में पैदल भ्रमण किया। पुलिस ने आम लोगों से आपसी भाईचारे के बीच होली पर्व मनाने का अपील किया। विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व और लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों मे पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि आम लोग भयमुक्त रहें, पुलिस उनकी सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है। किसी भी कीमत पर कानून तोड़ने और समाज में विद्वेष फैलाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार दास सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## होली को लेकर प्रशासन मुस्तैद, चैनपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर में होली और आगामी दिनों में कई त्योहार सहित लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन व पुलिस गंभीर है। पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गई है। जिले के हर शहर में लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से इस पर्व को मनाने की अपील की जा रही है। जनता में विश्वास जागृत करने के उद्देश्य से चैनपुर थाना से चैनपुर बाजार क्षेत्र में शाम को फ्लैग मार्च निकाला गया। चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी सहित थाना के दर्जनों पुलिस जवान फ्लैग मार्च के माध्यम से क्षेत्रों में लोगों को संदेश दिया।

## 26 पशु के साथ दो चालक गिरफ्तार

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर छतरपुर पुलिस ने 26 गोवंशीय पशु के साथ दो चालकों पशु तस्कर सिराजुद्दीन अंसारी तथा नूर मोहम्मद खान को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी दल में छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन तथा पुलिस अवर निरीक्षक शिवनाथ एवं छतरपुर थाना के अन्य जवान शामिल थे।

# एसडीएम और एसडीपीओ ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीम आईएएस पीयूष सिन्हा एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से अनुमण्डल क्षेत्र के सभी अंचल व प्रखण्ड पदाधिकारियो तथा थाना प्रभारी ओपी प्रभारी तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में होली के त्यौहार, रमजान और लोकसभा चुनावों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक की। रविवार को आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने स्थानीय पंचायत और विभिन्न राजनीतिक सामाजिक गणमान्य लोगों से रंगों के उत्सव भरा त्यौहार को शांति सौहार्दपूर्ण मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी काम नहीं करें, जिससे माहौल बिगड़े। उन्होंने सभी अधिकारियों से अलर्ट मोड में रहने एवं अपना अपना दायित्वों का सही सही निर्वहन करने का निर्देश भी दिया। मौके पर बीडीओ रौशन कुमार, सीओ पंकज कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, शशि कुमार, ग्यासुद्दीन सिद्धिकी, सचिन आनंद, अजय प्रसाद गुप्ता, मुखिया श्रवण राम, नरेश पासवान, ओमप्रकाश राजवंशी, अमरेन्द्र ठाकुर,सुदामा यादव, पुर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम तक्की हुसैन रिजवी, शिवशंकर यादव, अशोक यादव थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह,अंचल पुलिस निरीक्षक आशुतोष प्रताप नारायण देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार संजय यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीसीएल के मेगा हेल्थ कैंप में 218 मरीजों ने कराया जांच



**नावाबाजार पलामू।** सीसीएल के राजहरा कोलियरी प्रबंधन द्वारा नावाबाजार प्रखण्ड क्षेत्र के राजहरा कोठी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में निः शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन राजहरा कोलियरी के प्रबंधक युगल किशोर, एसीसी मेंबर केएन पांडेय, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सच्चिदानंद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कैंप में डाक्टर शशिकांत प्रसाद, डॉ शालिनी सिन्हा,नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रजनी दीपा कुजुर ने कैंप में आए 218 मरीजों का जांच किया। जांच के बाद मरीजों को निः शुल्क दवा भी उपलब्ध कराया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सच्चिदानंद ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सजग व संवेदनशील होकर सक्रियता के साथ काम करतीं हैं। एसीसी मेंबर केएन पांडेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का जो सीसीएल प्रबंधन काम कर रही है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

# पटेल नगर में जमकर गवाया फगुआ, उड़े अबीर गुलाल

**कीर्तन मंडली द्वारा सैकड़ों वर्षो से किया जा रहा आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** स्थानिय पटेल भवन में कुर्मी टोला पुरानी कीर्तन मंडली के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फागुन माह के अवसर पर फगुआ गवाया,वही मुहल्ले के नवयुवकों ने नाचते गाते जमकर अबीर गुलाल उड़ाया।

वहीं कीर्तन मण्डली ने आईल फागुन के बहार आईल फागुन के बहार हम पियरी ना पहिनब ए राजा...., गोरिया करिके श्रृंगार अंगना में पिसेली हरदिया.... इत्यादि एक से बढ़कर एक सैकड़ो लोक व पारम्परिक गीतों से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिये। लोग होलियाना मदमस्ती में मस्त दिखे। आपको बता दे की यह कीर्तन मंडली शहर की सबसे पुरानी कीर्तन मंडली हैं जो हर त्यौहार जैसे फागुन माह, चईता, सावन जैसे सभी उत्सव वाले माह में यह कीर्तन मंडली के द्वारा पारंपरिक गीत व संगीत गाते आ रहे हैं। कहा जाता हैं पटेल नगर शहर की सबसे पुरानी मुहल्ला हैं जहां पर पूर्व से हर पर्व त्यौहार में पौराणिक परम्पराओं कला संस्कृति के व्यार पूरा शहर को खुशनुमा वातावरण में बदलती हैं। मौके पर दयानन्द चौधरी, अनुज चौधरी, रामशीष चौधरी, सुनील चौधरी, दिनेश ठाकुर, केदार चौधरी, सूर्यनाथ राम, अजित चौधरी, बिहारी चौधरी, राजदेव चौधरी, रमेश चौधरी, बिगन साव, धीरेंद्र पटेल, शशिकांत पटेल आदि मौजूद थे।

# मुरमाकला में थाना प्रभारी ने बूथ निरिक्षण के दौरान स्कूली बच्चों के साथ खेली होली

खबर मन्त्र संवाददाता



**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के सभी बुथ का निरीक्षण किया। मुरमाकला में बुथ निरीक्षण के दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ अबीर गुलाल लगाते हुए होली के त्यौहार का उत्साह दिखाई पड़ा। बच्चों ने अपने शिक्षक व उंटारी रोड थाना प्रभारी के साथ मिलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए खूब मौज मस्ती किया। बच्चों का मन काफी उत्साहित था। थाना प्रभारी ने विद्यालय के सभी छात्र- छात्राओं, शिक्षक को होली की रंगभरी शुभकामनाएं दी। वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने होली त्यौहार के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बच्चों को अवगत कराया। विद्यालय के सभी बच्चों को गुलाल लगाते हुए बधाई दी। शांति पूर्ण होली मनाने का आग्रह किया। स्कूली बच्चों के बीच चॉकलेट का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सहित कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मानगो गांधी मैदान से निकलेगी भव्य हिंदू नववर्ष यात्रा



जमशेदपुर। आगामी 8 अप्रैल को गांधी मैदान मानगो से निकलेगी। इस वर्ष हिन्दू नववर्ष यात्रा लाखों लोग शामिल होंगे। आज हिन्दू उत्सव समिति के आयोजन में मानगो हनुमान मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मानगो वासी व शहर के लोग उपस्थित हुए और बैठक में गहन चिंतन करते हुए सभी ने एक मत से मानगो स्थित गांधी मैदान से इस वर्ष का नववर्ष यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। चूंकि मानगो का एकमात्र मैदान है गांधी मैदान जहाँ से यात्रा निकाला जाएगा,एक एमजीएम मैदान था जहाँ निर्माण कार्य हो चुका है। गांधी मैदान हमारे जेहन में सदैव गांधी जी के स्मृति के रूप में विद्यमान रहता है ओर वहां से यात्रा निकलने में प्रशाशन को भी सुविधा होगी। अत: यही उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए बैठक में आये समस्त हिंदुओं ने गांधी मैदान से ही यात्रा निकालने के लिए एक स्वर में सहमति जताई । मैदान से बड़े ही धूमधाम से निकलेगी विशाल हिन्दू नववर्ष यात्रा जिसका शंखनाद सर्वप्रथम 21 उत्कृष्ट पंडित द्वारा करके यात्रा का शुरुआत किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति पारंपरिक परिधान धारण कर यात्रा की अगुआई करेंगी। इस यात्रा में पूरे कोल्हान सहित प्रदेश भर से व कोल्हान से सटे हुए सीमावर्ती क्षेत्र उड़ीसा व बंगाल से भी बड़ी संख्या में हिन्दू धर्मावलंबी सम्मलित होंगे यात्रा में शामिल होंगी। तरह तरह की झाकियां,राम जी का रथ सहित घोड़े व ऊंट इस बार की यात्रा मानगो गांधी मैदान से सुभाष मैदान जो होने वाला है व ऐतिहासिक होगा इस वर्ष की यात्रा में कई प्रकार की झांकिया जैसे श्रीराम दरबार ,हिन्दू संसति की झलक भारत माता का रथ इत्यादि यात्रा को शोभा बढ़ाते हुए नजर आएंगी। आयोजन समिति से जुड़े रवि सिंह ने बताया कि हिन्दू उत्सव समिति सभी हिन्दू भाई बहनों से आह्वान करती है प्रत्येक हिन्दू परिवार से कम से कम एक व्यक्ति या अधिक लोग इस शोभा यात्रा में सम्मलित हों। इस यात्रा में लाखों लोगों की शामिल होने की संभावना है इस बैठक में मुख्यरूप से हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि सिंह संरक्षक कन्हैया सिंह,मानगो से दसरथ चौबे, प्रोफेसर राजीव कुमार, मृत्युंजय सिंह, सुनील जी, पूर्व सैनिक राजीव जी, सुशील जी, पवन सिंह, पिंटू जी,विनय मिश्रा,मुन्ना पंडित,अक्षय कौड़ा,संजीत शर्मा, शुभम कुमार, राहुल कुमार,शक्ति कुमार, दिनेश सिंह रविशंकर पांडेय, मनीष कुमार सही बड़ी संख्या में युवा शक्ति उपस्थित थी ।

## श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट का होली मिलन समारोह संपनन



जमशेदपुर। डा मनोहर लाल गोयल – श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में होली मिलन समारोह मनाया गया । होली भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है और सबसे जीवंत है। होली की खुशियों का ठिकाना नहीं है। इस प्रोग्राम में पैरेंट्स टंग ट्विस्टर्स, बैलून गेम्स, एक मिनट में चूड़ियां पहनना और गुब्बारे फोड़ना, दमशराड जैसे गेम खेलकर मजा ले रहे थे।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की हेड, ईशा गोयल, स्कूल के कर्मचारियों और शिक्षिकाओं का विशेष योगदान था।

## भोजपुरी भवन में भगत सिंह और उनके हमशहीद साथियों को याद किया



जमशेदपुर। भगत सिंह शहीद त्रयी की याद में आज साझा नागरिक मंच की पहल पर एक वैचारिक चर्चा का आयोजन किया गया । यह चर्चा गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में सम्पन्न हुई। इस आयोजन में सुजय राय, रामकवीन्द्र सिंह, जे पी सिंह विश्वजीत देव, जगनारायण, सुरेश प्रसाद, अरविन्द अंजुम, पीयूष गुप्ता, श्यामली राय, राजश्री, चिन्मयी मंडल, अरविन्द विद्रोही, अवधेश कुमार, राजकुमार दास, निमाई गोप, दिनेश यादव, श्याम किशोर, काशीनाथ प्रजापति, मुरारी प्रसाद, अंकुर शाश्वत, देवाशीष, बबलू मुखर्जी, कुमार दिलीप, तिमिर तारण, मंथन, रामबचन आदि तीस से ज्यादा लोगों ने शिरकत की । धारा के तौर पर कहें तो इस चर्चा में कम्युनिस्टों, अम्बेडकरवादियों और गाँधीवादियों की अच्छी भागीदारी रही । चर्चा का संचालन रामकवीन्द्र ने किया। वक्ताओं ने भगत सिंह के अद्भुत क्रांतिकारी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए आज के दौर में उनकी प्रेरक प्रासंगिकता चिन्हित की। भगत सिंह की जिन्दी के अंतिम कुछ घंटों का एक प्रकरण सहभागियों की संवेदना को छू गया। भगत सिंह ने अपने फांसी के पहले का भोजन जेल के भंगी के घर से मंगाया था।

# प्रहार : कांग्रेका का बैंक एकाउंट फ्रीज करना लोकतंत्र पर हमला : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित किया गया। जिसमें झारखंड सरकार के माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने संबोधित किया।

प्रेस वार्ता कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता एवं प्रेस के साथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है, देश का हर एक नागरिक इस में भाग लेने के लिए उत्सुक है, भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतंत्र मूल्यों एवं आदर्श के लिए जाना जाता है। किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है। आपको मालूम ही होगा यह रिसेंटली किन-किन देशों में ऐसा हुआ है, तो यह सत्ताधारी दल द्वारा खतरनाक खेल खेला गया है। इसके दूरगामी प्रभाव होंगे पर यह स्पष्ट है कि इस तरीके से किसी राजनीतिक दल को असहाय बनाकर चुनाव लड़ने में बाधा उत्पन्न कर और फ्री एंड फेयर इलेक्शन कभी नहीं कहा जा सकता।

लोकतंत्र के ऊपर किस प्रकार का खतरा मंडरा रहा है किस प्रकार से कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों के ऊपर हमला हुआ और यह कोशिश की जा रही है कि फाइनेंशली कांग्रेस पार्टी को पंगु बना दिया जाए। यह केवल कांग्रेस पार्टी के खातों पर नरेंद्र मोदी सरकार का हमला नहीं है, बल्कि भारत के लोकतंत्र पर हमला है, अगर प्रमुख विपक्षी पार्टी वित्तीय तौर पर पूरी तरह से पंगु हो जाए, कोई कार्य नहीं कर सके, पब्लिसिटी के ऊपर पैसा नहीं खर्च कर सके, केंपेन के ऊपर पैसा नहीं खर्च कर सके, अपने केंडिडेट को पैसा नहीं दे सके, तो फिर चुनाव किस बात का है और चुनाव की घोषणा हो चुकी है, पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक अकाउंट में पड़े हुए 285 करोड रुपए का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। हम लोगों को पब्लिसिटी के लिए इलेक्ट्रनिक मीडिया के अंदर स्लट बुक करने है, हमें सोशल मीडिया के अंदर इस्तेमाल करना है, हमें पोस्टर छपवाने हैं, हमें पंपलेट छपवाने हैं, अगर हम लोग वह काम भी नहीं कर सकते तो किस प्रकार से लोकतंत्र जिंदा रहेगा और कैसा लोकतंत्र है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह समय 2017-18 के एक केस को लेकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 2017-18 से बेसिस के ऊपर 7 साल बाद में जाकर हमारे बैंक के खाते हैं, अब जाकर फ्रिज किए हैं उनकी जानकारी दी मैंने कहा कि यह 7 साल पुराने कैसे फ्रीज किए जा सकते हैं और टाइमिंग इनका कैसा है। हम लोगों के पास यह मुख्यतः तीन बातें हैं खाते की हर पलीटिकल पार्टी इनकम टैक्स से एग्जैक्ट होता है। कभी किसी ने भी पेनल्टी इस तरह से नहीं दी तो कांग्रेस पार्टी को अकेले क्यों चुना जा रहा है, दूसरा इनकी टाइमिंग देखिए 2017-18 का मोतीलाल बोरा जी के टाइम का है और 1994 95 का सीताराम केसरी जी का समय और केवल एक महीना पहले चुनाव के घोषणा होने से पहले यह काम शुरू किया जाता है।

एक महीने से भी ज्यादा हम अपने पैसे जो हमारे कार्यकर्ताओं ने इकट्ठे किए हैं, वह हम इसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। यह कहां की डेमोक्रेसी है यह कहां का लोकतंत्र रह गया है। तो इसलिए हम आपसे कहना चाहते हैं कि केवल हम लोग अपनी लड़ाई लड़ेंगे लेकिन यह आप लोगों की भी लड़ाई है, मीडिया की भी लड़ाई है, देश की जनता की लड़ाई है, अगर आप इसके विषय में हमें समर्थन नहीं करेंगे, तो लोकतंत्र जिंदा नहीं रहेगा, ना आप रहेंगे, ना हम रहेंगे। हमारा टोटल जो है 14 लाख 40 हजार बनता है। जो 007 प्रतिशत है, तो सिर्फ 14 लाख 40 हजार जो हमारा 007: है, उसकी वजह से हमारे ऊपर 210 करोड रुपए से भी अधिक का हमारे ऊपर लाइन मार्क करके हमें पेनल्टी लगाई गई है। तो आप सोचिए 14 लाख 40 हजार के बदले 210 करोड़ की पेनल्टी हमारे ऊपर लगाई गई है। यह कहां का लोकतंत्र है। वहीं दूसरी ओर चुनावी इलेक्ट्रल बांड के जरिए जबरन वसूली रैकेट बीजेपी चलाई है, 2018 और 2024 के बीच भाजपा को चुनावी बांड में कुल 16,518 करोड़ में से 8,252 करोड़ मिले। कांग्रेस पार्टी को केवल 1,950 करोड़ मिले और इससे भी फ्रीज कर दिया गया है। जबकि भाजपा अपनी लूट को खर्च करने के लिए स्वतंत्र है। कई पार्टियों को चुनावी बांड के माध्यम से धन प्राप्त हुआ क्योंकि सभी दानकर्ताओं ने गुमनाम रूप से देना पसंद किया हालांकि केवल भाजपा सरकार चला रही है, जिसके कारण उसका ईडी, सीबीआई, आयकर जैसी जांच एजेंसियों पर नियंत्रण है। इसलिए भाजपा ही बड़े पैमाने पर कंपनियों को मजबूर और ब्लैकमेल कर सकती है। तीन स्पष्ट अवैध रास्ते हैं जिनका उपयोग भाजपा ने चुनावी बांड के लिए किया। हफ्ता वसूली (जबरन वसूली) ईडी, सीबीआई या आयकर का उपयोग करके किसी कंपनी पर छापा मारना और फिर कंपनी को छोड़ने के लिए हफ्ता दान मांगना। इस तरह 94 कंपनियों को निशाना बनाया गया। जिसमें सिर्फ 30 दानकर्ताओं में से 14 शामिल थी। डी न्यूज मिनट और न्यूज लन्ड्री की एक जांच में पाया गया कि पिछले चुनावी ट्रस्ट योजना के माध्यम से दान देने वाली 30 कंपनियों ने एजेंसियों द्वारा छापे मारे जाने के बाद अपना दान दिया था। बन्ना गुप्ता ने कहा कि चंदा दो धंधा लो (प्रतिदान) कुछ मामले में कंपनियों ने दान दिया और फिर ठेके प्राप्त किया। जबकि अन्य मामलों में उन्हें ठेके मिले और फिर दान के रूप में रिश्वत दी गई। 37 व्यापारिक समूहों ने चुनावी बांड दान दिया। जिसके बाद उन्हें चार लाख करोड रुपए की 245 परियोजनाएं सौपी गई। 4000 करोड़ का चंदा पैदा हुआ, 4 लाख करोड़ का धंधा। अन्य 7 दवा कंपनियों की खराब गुणवत्ता वाली दावों के लिए जांच की जा रही थी। जब उन्होंने चुनावी बांड खरीदे थे दावों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले उत्पाद जैसे कफ सिरप, रक्तचाप की दवा और किड 19 उपचार रेमेडीज वीर शामिल है भाजपा ने नगदी जमा करने के लिए भारतीयों के स्वास्थ्य के साथ क्या समझौता किए गए। फर्जी कंपनियां सेल कंपनियां 29 संदिग्ध सेल कंपनियां है। जिन्होंने दान दिया 19 को धन शोधन निवारण अधिनियम पीएमएलए का उल्लंघन करने के उच्च जोखिम के कारण वित्त मंत्रालय की सूची में रखा गया था। उनकी गतिविधियों को मोदी सरकार की इस शर्त से मदद मिली कि किसी कंपनी के मुनाफे की कोई भी राशि चुनावी बांड के रूप में दी जा सकती है। पहले शुद्ध लाभ की 75 की सीमा थी जैसा कि राहुल गांधी ने कहा टीवी पीएम मोदी ने दुनिया में सबसे बड़ा जबरन वसूली रैकेट पैदा किया है। उन्होंने सरकार की पूरी मशीनरी को भाजपा के लिए नगदी पैदा करने वाली मशीन में बदल दिया है।

अब मैं आम जनता से अपील करना चाहता हूं कि लोकतंत्र खतरे में है आप सभी लोकतंत्र की रक्षा और लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आए और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए भाजपा सरकार के विरुद्ध कंधे से कंधे मिलाकर खड़ा होने का पा करें। आज की प्रेस वार्ता कार्यक्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव सामंता कुमार, खगेन चंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह आजाद, योगेंद्र सिंह यादव, सफी अहमद खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, मनोज झा, संजय ठाकुर, बबुआ झा मुख्य रूप से शामिल हुए।

# बचाव : कांग्रेस का कोई बैंक खाते नहीं हुआ है फ्रीज : विद्युतवरण महतो

### सांसद ने कहा-कांग्रेस के नेता, खुद को कानून से ऊंपर पर समझने की भूल ना करे गांधी परिवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा व चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद।

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के आरोपों के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार पलटवार किया है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है वह सिर्फ झूठ का पुलिंदा खड़ा कर रही है। कांग्रेस के कई बैंक खाते हैं और बकाया कर का भुगतान नहीं करने की वजह से उनमें से केवल तीन-चार खातों को ही आयकर विभाग ने अटैच किया है। ये खाते फ्रीज नहीं है। लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेसी नेता जनता को गुमराह करने वाली झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। उपरोक्त बातें सांसद विद्युत वरण महतो ने रविवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज नहीं किए गए हैं, ये चालू हैं। आयकर विभाग ने नियमानुसार कांग्रेस के अकाउंट में से मात्र 115 करोड़ रुपये फ्रीज किए और सिर्फ इसी राशि के प्रयोग पर रोक लगाई। वास्तविकता ये है कि आयकर विभाग ने डिफल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि के प्रयोग पर रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया है। कांग्रेस इन खातों में पैसा जमा कर सकती है और निकाल भी सकती है, सिवाय उन 115 करोड़ रुपये के, जिन्हें आयकर विभाग ने बकाया भुगतान न करने के कारण आयकर नियमों के अनुसार अटैच कर लिया है। विद्युत महतो ने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट के प्रावधान 13ए के तहत राजनीतिक दलों को आयकर में छूट मिलती है। यह वित्त वर्ष 2017-18 का मामला है, जिसके लिए असेसमेंट के आधार पर टैक्स भरने की विस्तारित तारीख 31 दिसंबर 2018 थी। कांग्रेस ने नियमों के आधार पर तय डेट तक टैक्स नहीं भरा और नियमों के खिलाफ जाकर कैश में 14 लाख रुपए का बेनामी डोनेशन भी लिया। समय पर टैक्स नहीं भर पाने के कारण पेनल्टी लग कर कांग्रेस पर 105 करोड़ रुपए रिटर्न डिमांड बना, लेकिन कांग्रेस ने आयकर विभाग के पास सिर्फ ढाई करोड़ रुपए ही जमा किए। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि अगर उस समय कांग्रेस रिर्टन भर देती तो यह नौबत नहीं आती। बाद में ब्याज जुड़कर वह राशि 135 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। कांग्रेस ने इसपर अपील की, जिसे पहले विभाग ने, फिर आईटीएटी और फिर दिल्ली हाई कोर्ट ने भी खारिज कर दिया। श्री महतो ने कहा कि कुछ बैंक अकाउंट को रुटीन आधार पर अटैच किया गया और विभाग ने 115 करोड़ रुपए निकालने पर रोक लगा दी। जिसके बाद कांग्रेस के बैंक अकाउंट को फ्रीज नहीं किया गया है। उनके खाते अभी भी अपरेशनल हैं, उसमें जमा और निकासी दोनों कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस पार्टी के कई सारे बैंक खाते और कई पैन नंबर है। कांग्रेस के खाते में हजारों करोड़ रुपए हैं और लगभग 500 करोड़ का फिक्स्ड एसेट भी है। महतो ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावे के लिए कड़ी आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि खाते फ्रीज होने के बाद पार्टी के पास ट्रेन टिकट बुक करने के लिए भी धन नहीं है। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी कहते हैं कि उनके पास आने-जाने के लिए पैसे नहीं है जबकि वह आए दिन चार्टर्ड प्लेन से यात्रा करते नजर आते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता से इस मुद्दे पर राजनीतिक के बजाय तकनीकी जवाब देने की मांग की। उन्होंने गांधी परिवार खुदको कानून से ऊपर समझने की भूल ना करने की नसीहत दी। भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते फ्रीज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है, जो कि शर्मनाक है। कांग्रेस एक 'घोटालेबाज'' पार्टी है, जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, आयकर विभाग और भाजपा को कटघरे में खड़ा करके सिर्फ झूठी बातें करती है, परंतु न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों की सरताज है। कांग्रेस ने आयकर मामले में सभी कोर्ट और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी है।

## एक नजर में

### योग, यज्ञ, भजन के साथ पतंजलि होली मिलन समारोह हर्ष उल्लास के साथ संपन्न



जमशेदपुर। पतंजलि परिवार द्वारा टेल्को ग्वाला बस्ती गायत्रीनगर स्थित बृज मंगल भवन में योग, यज्ञ, भजन के साथ पतंजलि होली मिलन समारोह हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन स्वर्ण पदक विजेता आयुर्वेदाचार्य डा मनीष डुडिया, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अजय कुमार झा ,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी ष्णा ओम कुमार ,पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार, पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी बिहारी लाल ,वरिष्ठ योग शिक्षक उमापति लाल दास और पतंजलि जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया । पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कृष्ण ओम कुमार ने प्रात :कालीन योग सत्र का संचालन किया। पतंजलि किसान जिला प्रभारी बिहारी लाल ने उपस्थित योग साधकों को ध्यान के बारीकियों से अवगत कराया और इसके लाभ बताएं। इस अवसर पर गायत्रीनगर के बच्चों की टीम द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमे योग नृत्य और कठिन आसनों का प्रदर्शन किया गया। भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अजय कुमार झा, जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा और नरेन्द्र कुमार के टीम ने वैदिक विधि से यज्ञ –हवन संपन्न कराया। कार्यक्रम के अंत में भजन के साथ सुस्वादु पकवान की व्यवस्था की गई थी। सभी ने फूलों की होली खेली तथा एक दूसरे को होली की शुभकामना दी ।

### दीनबंधु ट्रस्ट ने गांधी आश्रम में बच्चों के बीच बांटे होली उपहार



जमशेदपुर। बाराद्वारी स्थित देवनगर गांधी आश्रम में दीन बंधु ट्रस्ट द्वारा रविवार को सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों के बीच होली से संबंधित विभिन्न तरह के उपहार सामग्री पिचकारी, रंग, गुलाल, टोपी, मिठाई वितरित किया गया। होली के उपहार पाकर सभी बच्चे अति प्रसन्न हुए। वहीं दीनबंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और देवनगर के बस्ती वासियों को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही बच्चों एवं बस्ती वासियों के बीच नशा के दुष्प्रभाव के बारे में भी विस्तार से बताया गया और नशा नही करने का संकल्प दिलाया गया तथा नशा मुक्ति अभियान में भागीदार बनने की अपील की। वहीं सिविल डिफेंस जमशेदपुर के अधिकारी सुरेश प्रसाद एवम गीता थिएटर के कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसका संचालन गीता थिएटर के सचिव प्रेम दीक्षित के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीन बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती, नागेंद्र कुमार, सुनीता पोयरा, रूबी गोराई, कंचन यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### स्लम बच्चों संग वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी ने बिखेरे खुशियो के रंग



जमशेदपुर। शहर की युवाओं की सामाजिक संस्था वईस अफ ह्यूमैनिटी ने होली की खुशियाँ जुगसलाई स्थित बलदेव बस्ती में रहने वाले सैकड़ो स्लम बच्चों के बीच अनोखे अंदाज में मनाया। टीम ने बस्ती के बच्चों के बीच रंग, अबीर, पिचकारी व मिठाईया बाँट रंगों के त्योहार को खुशियों के रंग में समेटने का काम किया। जिसे देख बस्ती वासियों के बीच खुशियो का माहौल था। कार्यक्रम में देखते ही देखते बच्चो के साथ साथ बस्ती के बूढ़े बुजुर्ग भी शामिल होकर जमकर होली मनाई,टीम के सदस्यों ने बस्तिवासियो को अबीर लगा उनसे आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक हरि सिंह राजपूत, राजकुमारी, मनीष, अजय, चंदन, रंजन, लवकेश, मोहित, शुभम, दीनानाथ, ष्णमोहन, श्रवण,राजू, अमन, विवेक, प्रवीन, योगेश, आशीष, उपेंद्र, महेश, हैप्पी,मुन्ना व अन्य शामिल थे।

### सृष्टि महिला विकास समिति का होली मिलन संपन्न



जमशेदपुर। जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल के सभागृह में झारखंड में कार्यरत सामाजिक संस्था सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की जानीमानी समाज सेवी संरक्षक रानी गुप्ता के नेतृत्व के 24 मार्च को अपराहन 3 :00 बजे से संध्या 500 बजे तक, समारोह पूर्वक होली की पूर्व संध्या पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, होली मिलन समारोह के साथ सम्मान समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम का आनंद उठाएं। रानी गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि ब्रह्म कुमारी संस्था की बहन संजू और बहन श्रद्धा ने कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में शहर की जानी मानी समाज सेविका पूर्वी घोष, अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाडी अरुणा मिश्रा, बडीबिल्डर श्रेया बनर्जी, वरिष्ठ शिक्षिका श्रद्धा वर्मा, शिक्षिका दिव्या तन्ना, शहर की जाने–माने शिक्षाविद डा किशोर ओझा की मौजूद्गी बनी रही।

**कार्यक्रम में इन हस्तियों को सम्मानित किया गया :** समाज सेविका पूर्वी घोष, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज (खिलाडी) सह आरक्षी उपाध्यक्ष अरुणा मिश्रा , बडीबिल्डर श्रेया बनर्जी, समाज सेवी एवं वरीय शिक्षिका श्रद्धा वर्मा , शिक्षिका दिव्या तन्ना, दिव्यांश शिक्षिका एम विलासिनी राव, ख्याति प्राप्त शिक्षाविद डा किशोर ओझा, को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्तसृष्टि महिला विकास सहयोग समिति जमशेदपुर इकाई की सदस्यता ग्रहण करने वाली महिलाओं को जिनमें मुख्य रूप से विभा सिंह, सरिता कुमारी, जमशेदपुर के गांधी आश्रम से आई हुई समाज सेवी महिला कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र और सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस के शर्मा ने किया, धन्यवाद ज्ञापन नीतू सिंह ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की ओर से नीतू सिंह, राखी कुमारी, राखी देवी, जसवीर कौर, विभा सिंह, एकता जसवाल सविता कुमारी, रीना देवी, श्रद्धा देवी और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान विशेष रुप से प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रनिक मीडिया के उपस्थित संवादाताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# झारखण्ड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का प्रतिनिधि मंडल स्वास्थ्य मंत्री से मिला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय पत्रकार संघ इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन नई दिल्ली ने 02-03 मार्च 2024 को शिरडी सांई नगर महाराष्ट्र में आयोजित अपनी राष्ट्रीय कार्यकारी समिति नेशनल कौंसिल की बैठक में तीन मुख्य मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शहीद भगत सिंह के शहीद होने के दिन 23 मार्च को मांग दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया था । इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य मंत्री झारखण्ड सरकार बन्ना गुप्ता को एक ज्ञापन एक सौंपा गया यह मुद्दे सरकार के पास काफी समय से लंबित है सबसे पहली मांग मीडिया आयोग के गठन की है। आखिरी प्रेस आयोग की रिपोर्ट 1982 में आई थी पिछले चार दशकों के दौरान इलेक्ट्रनिक मीडिया और डिजिटल मीडिया के आगमन के साथ देश में मीडिया परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है। यह बदली हुई संरचना बहुत सारे प्रश्न उठाती है और एक नया मीडिया आयोग मीडिया के सभी मुद्दों के समाधान के लिए उत्तर है। दूसरा पत्रकारों और मीडिया प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए एक विशेष राष्ट्रीय कानून का अधिनियमन है। मीडिया को भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है और उस लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए पत्रकारों की स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण है। लेकिन उस आजादी को लगातार खघ्त्म किया जा रहा है पत्रकारों की सुरक्षा और मीडिया की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए सरकार को तुरंत एक विशेष कानून लाना चाहिए। आखिरी मांग कामकाजी पत्रकारों और गैर पत्रकारों के लिए वेतन बोर्ड के गठन की है। सरकार के नाम ज्ञापन उपायुक्त कार्यालय में सौंपा गया प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सह संयोजक प्रमोद कुमार झा, विनय कुमार उपाध्याय, नागेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा एवं नागेन्द्र कुमार सहित नगर के कई पत्रकार शामिल थे।


## होली शांति से मनाइयें, अन्यथा पुलिस तो हैं ही....



होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न इलाकों में सीनियर एसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में आज पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। सीनियर एसपी ने शहरवासियों से आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की है। उन्होंने चेताया कि हुड़दंग बाजों से किसी तरह की मौरौव्वत नहीं होगी। पकड़े जाने पर होली हवालात में बितेगी।

# अब तक नहीं मिला तेंदूआ का लोकेशन, जारी रहेगा खोज अभियान

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया में रिहायशी इलाके में तेन्दुआ देखे जाने पर रविवार को आठवें दिन भी रेस्क्यू टीम को उसका कोई लोकेशन नहीं मिल पाया है।

रेस्क्यू टीम द्वारा विगत आठ दिनों से लगातार सर्च अभियान जारी है। हालांकि बीते 24 घंटा से अबतक तेन्दुआ के किसी तरह के पैर के निशान नही मिलने पर वन विभाग अब चौन की सांस ले रहा है और यह आशंका जताई जा रही है कि शायद तेन्दुआ जंगल की ओर निकल गया होगा। फिलहाल पूरी तरह जबतक पुष्टि नही हो जाती है तबतक तेन्दुआ की खोजबीन वन विभाग की ओर से जारी रहेगी। विदित है कि तेन्दुआ की खोजबीन के लिए सरायकेला वन विभाग की ओर से दो विशेष टीम बुलाई गई है। जिसमें पहले बंगाल से रैस्क्यू टीम को बुलाई गई थी जिसमें पांच सदस्य थे। उसके बाद पलामु से टाईगर को पकड़ने वाली बायोलिस्ट की टीम को बुलाई गई जिसमें आठ सदस्य हैं।

दोनो टीम के साथ सरायकेला के वनकर्मी और क्यूआरटी की टीम कुल 60 से अधिक वनकर्मियों की टीम विभिन्न इलाकों में तेन्दुआ की खोजबीन में लगी है। इसके बावजूद तेंदुआ के लोकेशन का पता नही चल पाया है।

बीते शनिवार को उषा मार्टिन स्थित जंगल तथा रेलवे लाइन के किनारे टीम द्वारा तलाश की जा रही थी। उसके बाद रविवार को टीम द्वारा उषा मार्टिन (अब टाटा स्टील) के डंपिंग यार्ड तथा दुग्धा गांव जाने वाले रास्ते मे पड़ने वाले जंगल की ओर दिनभर लाठी, डंडा, गन, जाल, पिजड़ा लेकर तेंदुए की तलाश करती रही। बीती रात भी गम्हरिया-कांड्रा व सीनी रेलखंड पर टीम द्वारा तलाश की गई। किन्तु, कुछ पता नही चल पाया। इधर, आसपास के क्षेत्रों में कहीं से भी किसी पालतू जानवर के गुम होने की सूचना नहीं होने से आशंका जताई जा रही है कि आठ दिनों से भूखा रहने के बाद वह निश्चित रूप से अपने भोजन की खोज कर रहा होगा।

इससे शहरी रिहायशी समेत ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दिन के समय भी लोग अपने बच्चों की निगरानी में लगे हैं। शाम होते ही अपने अपने घरों में दुबक जाते हैं। इस कारण उनका कई जरूरी काम नहीं हो पा रहा है। वहीं, होली जैसे त्योहार भी मनाने में उन्हें भय लग रहा है।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार .25 मार्च 2024



# बांग्ला देश से व्यापार

भारत के लिए बांग्लादेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि आज यह मुल्क तेजी से आर्थिक विकास करने वाला अहम पड़ोसी है। यह आर्थिक विकास भारत के लिए भी लाभदायक है। पीएम मोदी अगले सप्ताह बांग्लादेश की यात्रा करने वाले हैं। बांग्लादेश के आर्थिक विकास के कारण भारत में बांग्लादेश से आने वाले अवैध प्रवासियों की संख्या में कमी आई है। ये घुसपैठिए भारत और बांग्लादेश के संबंधों को खराब करने में बड़ा कारण रहे हैं। आर्थिक विकास में बांग्लादेश पाकिस्तान को अब काफी पीछे छोड़ चुका है। इसके आर्थिक विकास के आंकड़े दक्षिण एशियाई देशों को चौंका रहे हैं। एक वक्त था, बांग्लादेश का बजट सौ प्रतिशत कर्ज और अनुदान का होता था। आज बांग्लादेश का बजट आत्मनिर्भर है। जिस मुल्क में कभी अकाल पड़ता था, वह आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर है। सिलेसिलाए कपड़ों के निर्यात में दुनिया में वह बड़ा मुकाम हासिल कर चुका है। बांग्लादेश में प्रति व्यक्ति आय लगभग 1900 डालर है। ऐसे में आज भारत के लिए बांग्लादेश में निवेश के अच्छे अवसर है। इस अवसर का लाभ अगर भारत के बजाय चीन उठाता है तो यह भारतीय कूटनीति की विफलता होगी। भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी बांग्लादेश के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकती है। क्षेत्रीय विकास के लिए बांग्लादेश-भूटान-इंडिया-नेपाल (बीबीआइएन) फोरम बना हुआ है। लेकिन इस फोरम की सफलता बांग्लादेश के बिना संभव नहीं है। बांग्लादेश-चीन-इंडिया-म्यांमार (बीसीआईएम) फोरम में भी बांग्लादेश की अहम भूमिका है। बिम्सटेक फोरम में भी वह सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वैसे बांग्ला देश के निमार्ण से लेकर अब तक भारत का संबंध बांग्लादेश से बेहतर ही रहा है। भारत का सामाजिक सांस्कृतिक संबंध भी चीन की तुलना में बेहतर है।

# सड़क सुरक्षा पर सवाल

यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने, अनुशासित और मर्यादित ढंग से वाहन चलाने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से यातायात नियमों को काफी कठोर बनाया गया। उनके उल्लंघन पर भारी जुमार्ने और दंड का प्रावधान किया गया। महानगरों में सड़कों पर कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई। मगर इन सबके बावजूद स्थिति यह है कि सड़कों पर मनमाने तरीके से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पाया है। शराब या दूसरे तरह के नशे करके वाहन चलाना, गति सीमा का ध्यान न रखना, लाल बत्तियों का उल्लंघन करना जैसे लोग शान की बात समझते हैं। यही वजह है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के मारे जाने की दर चिंताजनक है। जितने लोग कैंसर जैसे रोग से नहीं मरते, उससे अधिक सड़क हादसों की वजह से जान गंवा बैठते हैं। इसके अलावा हमारे यहां सड़कों की दशा भी किसी से छिपी नहीं है। विचित्र है कि हर राजनीतिक दल और सरकार का जोर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर होता है। उसमें सड़कों के विकास पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाता है। तेज रफ्तार से चलने लायक सड़कों का निर्माण न सिर्फ आम लोगों के सुचारु आवागमन के लिहाज से जरूरी माना जाता है, बल्कि औद्योगिक विकास में भी इससे मदद मिलती है। अनेक निजी और विदेशी कंपनियों को भी शामिल किया गया। उन्हें सड़कें बनाने, उनका रखरखाव करने और टोल के जरिए अपनी लागत वसूलने का अधिकार दिया गया। इससे देश में राष्ट्रीय मार्गों का तेजी से विकास भी हुआ। मगर स्थिति यह है कि राजमार्गों पर गड्ढों और पशुओं, पैदल चलने वालों की वजह से दुर्घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर देश में तमिलनाडु का प्रदर्शन सबसे बेहतर है जहां केन्द्र राज्य ने मिलकर दुर्धटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

# कोयला आधारित बिजली से नुकसान



**भारत** में मजबूत लोकतंत्र है जिसकी दुनिया में साख है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में काफी उपलब्धियां हासिल की हैं। अनुमान है कि साल 2022 तक भारत 175 गीगावाट ऊर्जा हरित साधनों से पैदा करेगा और 2030 तक यह साढ़े चार सौ गीगावाट तक पहुंच जाएगी। भारत हरित विश्व व्यवस्था का मुखिया बन सकता है। भारत ने पेरिस सम्मलेन के उपरांत अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कूटनीति की जो शुरूआत की, उसमें उसे बड़ी सफलता हासिल हुई है।

अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर किया है कि आखिर कब तक इंसान प्रकृति का दोहन करते हुए उसके साथ खिलवाड़ करता रहेगा। सबसे ज्यादा तो यह दुनिया के उस देश में हो रहा है जो प्रकृति का दोहन कर पिछली एक सदी से दुनिया का मठाधीश बना हुआ है। जब पूरी दुनिया हरित उर्जा की बात कह रही थी, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश के एक प्रतिष्ठित उद्योग घराने को बंद कमरे में यह विश्वास दिला रहे थे कि कार्बन जनित ईंधन पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। अपने देश में गैस के अकूत भंडार मिलने के बाद अमेरिका की नीयत बदल गई है। खाड़ी देशों में 1945 से चली आ रही अमेरिकी घुसपैठ थम गई है। अमेरिका तेल की जगह अपनी गैस के जरिए आर्थिक ढांचे को बढ़ाने की कोशिश करेगा, अर्थात हरित ऊर्जा को अभी भी वह खास अहमियत नहीं दे रहा।

नई विश्व व्यवस्था की बात पिछले एक दशक से चल रही है। माना जा रहा है कि शक्ति का हस्तांतरण अब पश्चिम से पूर्व की ओर होगा। जाहिर है, एशिया ही नई वैश्विक व्यवस्था के केंद्र के रूप में उभरने की ओर है। चीन पूरी तरह से नेतृत्त्व की तैयारी में जुटा है। उसने साल 2035 तक का खाका तैयार भी कर लिया है। तब तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति बन जाएगा। लेकिन चीन की सोच के अनुसार दुनिया बदलती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

कोरोना महामारी फैलाने के आरोप को लेकर पिछले सात महीनों में चीन को लेकर जो संदेह गहराता जा रहा है, उससे उसका वैश्विक स्वरूप खंडित हुआ है। यूरोप के ज्यादातर देश जो उसके हिमायती हुआ करते थे, वही अब उससे सवाल पूछ रहे हैं। पूर्वी एशिया के पड़ोसी भी चीन के व्यापार और सैन्य विस्तार को बड़े खतरे के रूप में देख रहे हैं। भारत के साथ गलवान घाटी में संघर्ष को हवा देकर चीन अपनी आतंरिक करतूतों को ढकने में लगा है। इसलिए एक सामरिक विस्तार जो दुनिया में मठाधीश बनाने के लिए जरूरी था, वह अब दम तोड़ रहा है।



-सतीश कुमार

> यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि चीन भविष्य में हरित ऊर्जा वाली नई वैश्विक व्यवस्था की अगुआई करेगा और दुनिया के देश उसके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। थाईलैंड, मलेशिया जैसे देश तक अब उसके खिलाफ हैं। जहां तक सवाल है यूरोपीय देशों का तो हरित ऊर्जा के मामले में ग्रीनलैंड, आइसलैंड जैसे यूरोप के छोटे देश काफी आगे हैं। इसी तरह अफ्रीका के मोरक्को, घाना और एशिया में भूटान जैसे देश हैं।

दुनिया में महाशक्ति बनने के लिए कई गुणों की जरूरत पड़ती है। इनमें दो गुण विशेष हैं। पहला, ऐसा देश जो दुनिया के किसी भी हिस्से में सैन्य दखल की क्षमता रखता हो, और दूसरा यह कि जिसके पास दुनिया के किसी भी हिस्से में पमाणु मिसाइलें दागने की ताकत हो। अमेरिका इन दोनों ही क्षमताओं से युक्त है, लेकिन उसकी तुलना में चीन को अभी इतनी ताकत हासिल करने के लिए वक्त लगेगा। ऐसे में जिस नई वैश्विक व्यवस्था की संभावना बन रही है और जिसकी पूरी दुनिया को जरूरत है, वह हरित विश्व व्यवस्था की है। इसमें जो बाजी मार ले जाएगा, वही दुनिया का नया बादशाह बनेगा। लेकिन सवाल है कि यह क्षमता है किस देश के पास? अमेरिका इस श्रेणी से पहले ही से बाहर है।

क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस संधि को नकारने के बाद अमेरिका कभी भी हरित विश्व व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकता, न ही दुनिया उसके नेतृत्व को स्वीकार करने वाली है। दूसरा देश चीन है। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में हरित उर्जा में अद्भुत क्षमता विकसित कर ली है। 2018 में सौर ऊर्जा के जरिए चीन ने एक सौ अस्सी गीगा वाट ऊर्जा उत्पन्न कर बड़ी-बड़ी बसें और ट्रक भी सौर ऊर्जा से चलाने में कामयाबी हासिल कर ली। पवन ऊर्जा में भी वह आगे है। लेकिन इतना कुछ होने के बावजूद हरित विश्व के रिकॉर्ड में चीन काफी नीचे है। इसके कई कारण हैं। पहला तो यह कि देश के भीतर तो चीन हरित ऊर्जा की वकालत करता है, लेकिन बाहरी दुनिया में वह जम कर कार्बन जनित आर्थिक व्यवस्था को अहमियत दे रहा है। पिछले कई सालों से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों में वह कोयले का जम कर इस्तेमाल कर रहा है, जिससे इन देशों में प्रदूषण की समस्या गंभीर बनती जा रही है। चीन दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कोयला उत्पादन क्षेत्रों को खरीद चुका है। सबसे बड़ा कोल उत्पादक देश होने के बावजूद कोयले का सबसे बड़ा आयातक देश भी चीन ही है। अर्थात अपने लिए स्वच्छ और हरित ऊर्जा और दूसरों के लिए कार्बन का ढेर। यह नीति तर्कसंगत नहीं है। आने वाले दो दशकों तक चीन के कार्बन उत्पादन में कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं आने वाला।

यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि चीन भविष्य में हरित ऊर्जा वाली नई वैश्विक व्यवस्था की अगुआई करेगा और दुनिया के देश उसके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। थाईलैंड, मलेशिया जैसे देश तक अब उसके खिलाफ हैं। जहां तक सवाल है यूरोपीय देशों का तो हरित ऊर्जा के मामले में ग्रीनलैंड, आइसलैंड जैसे यूरोप के छोटे देश काफी आगे हैं। इसी तरह अफ्रीका के मोरक्को, घाना और एशिया में भूटान जैसे देश हैं। लेकिन ये देश इतने छोटे हैं कि ये हरित वैश्विक व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकते। फ्रांस के साथ तकरीबन सड़सठ देशों ने इसमें शिरकत की और साझेदार बन गए। सौर ऊर्जा क्षेत्र में अगुआई के लिहाज से यह बड़ा हासिल रहा। दूसरा यह कि भारत में हरित उर्जा के अन्य स्रोत भी उपलब्ध हैं। मसलन पवन ऊर्जा, बायोमास और छोटे-छोटे पनबिजली संयंत्र। ऊर्जा का जलवायु परिवर्तन से सीधा संबंध है। प्राकृतिक आपदाओं के पीछे बड़ा कारण धरती और वायुमंडल में कार्बन की बढ़ती मात्रा है। पिछले दो सौ सालों में कल-कारखानों से निकली जहरीली गैसों के कारण प्रकृति में कार्बन की मात्रा बढ़ी है। इसके लिए सबसे ज्यादा दोषी यूरोप के औपनिवेशिक देश और बाद में अमेरिका रहा है।

भारत की प्राचीन आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से प्रकृति जनित और उस पर आधारित थी।

## खास बात

### परमात्मा अनाम है

नाम तो सभी असत्य हैं। परमात्मा अनाम है इसलिए जो भी नाम दिए गए हैं, दिए जाएंगे, सब कल्पित हैं। उनका उपयोग है जरूर, लेकिन उनकी प्रामाणिकता कोई भी नहीं है। जैसे नाम कल्पित हैं, ऐसे ही परमात्मा का नाम भी कल्पित है। एक बच्चा पैदा होता है, अनाम हम देते हैं, उसे नाम। बिना नाम जीवन कठिन होगा। कैसे तो कोई उसे पुकारेगा, कैसे कोई पत्र लिखेगा? जीवन अड़चन होगा। एक कृत्रिम नाम जीवन में सहयोगी हो जाता है, उसकी उपयोगिता है।

भेद करने में सुविधा हो जाती है। जहां-जहां भेद करना है वहां-वहां नाम की उपयोगिता है। लेकिन परमात्मा तो सारी सत्ता का प्रतीक है, अभेद का प्रतीक है, एक का प्रतीक है। जहां अनेक हैं, वहां तो नाम की उपादेयता भी है, लेकिन जहां अनेकता नहीं है, वहां तो बहुत उपादेयता भी नहीं है, लेकिन फिर भी, उसकी खबर देनी हो, जिनको मिल गया हो, जिन्होंने जाना हो, उन्हें दूसरों को जगाना हो तो थोड़ी-सी उपयोगिता है, फिर राम कहो, ओंकार कहो, अल्लाह कहो, पर ध्यान रखना, उसका कोई भी नाम नहीं है।

नाम के पीछे अनाम छिपा है, यह स्मरण बना रहे तो नाम का कोई थरा नहीं है। लेकिन ऐसी भ्रांति न हो जाए कि नाम ही सच हो जाए और अनाम का विस्मरण हो जाए। तो बड़ी चूक हो गई। तो फिर जपते रहना तुम राम-राम फिर करते रहना अल्लाह-अल्लाह।

यारी ने कहा न जबान थक गई चिल्लाते-चिल्लाते, कुछ मिला नहीं, कुछ हाथ न लगा। हाथ लगे भी कैसे? पानी-पानी कहने से प्यास नहीं बुझती है, जब तक कि पानी न चखो। चखने की फिक्र करो, नाम की फिक्र छोड़ो। स्वाद की चिंता लो, स्वाद मिल गया तो सब मिल गया।

एक अर्थ में उसका कोई भी नाम नहीं, दूसरे अर्थ में, वृक्षों से गुजरती हवाएं उसी के नाम का उद्घोष करती हैं। सागर की उत्ताल तरंगें उसी के नाम का जप करती हैं। अनेक-अनेक रूपों में उसी का स्मरण हो रहा है। कोई उसे आनंद की तरह स्मरण कर रहा है। किसी ने उसकी भनक संगीत में सुनी है, वीणा के तारों में सुनी है।

जहां प्रेम है, वहां प्रार्थना है। जहां प्रार्थना है वहां परमात्मा है। किसी की आंख में प्रीति से झांको, उसी का नाम उबर आएगा।

**भारतीय** संस्कृति एवं जीवन मूल्यों में वैश्विक पारमार्थिक एवं जीव मात्र के कल्याण के स्वर सहज समाहित है। हम सनातन धर्माबलंबी आत्मोत्कर्ष के साथ-साथ प्रकृति और पर्यावरण की अभिरक्षा हेतु संकल्पित हैं।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट

कांग्रेस आपको ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। भर्ती भरोसा : 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी।

**– राहुल गांधी**





**बीजेपी** ने पश्चिम बंगाल में अनुभवी उम्मीदवार भी दिए हैं और नए उम्मीदवारों को भी अवसर दिया है।

युवा ऊर्जा और अनुभव मिलकर सोनार बांग्ला की तरफ आगे बढ़ेंगे, डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। **– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# सहज अनुभव

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंद सरस्वती**

**जब** मैं छह साल का था तो मुझे एक सहज आध्यात्मिक अनुभव हुआ, जिसके दौरान मैं काफी समय तक अपने शरीर से पूरी तरह अनजान रहा। जब मैं दस साल का था, तब वही हुआ था, लेकिन इस बार मैं सोचने और तर्कसंगत बनाने के लिए काफी पुराना था, और मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया। वे समझ नहीं पाएं और मुझे डॉक्टर के पास ले जाना चाहते थे , लेकिन सौभाग्य से उस समय हमारे क्षेत्र में कोई डॉक्टर नहीं था। वहाँ अगर सुविधा होता तो , शायद मैं एक मानसिक अस्पताल में समाप्त हो गया होता। लेकिन चीजें जो वे थीं, मुझे उपचार से गुजरना नहीं पड़ा और उन्हें छोड़ दिया गया। मेरे पिता को वेदों और अपने गुरु के लिए बहुत सम्मान था। एक दिन यह गुरु मेरे पैतृक शहर का दौरा करने गया, तो मेरे पिता मुझे अपने पास ले गए और उनसे मेरे बारे में सलाह ली। ऋषि ने उनसे कहा कि मुझे आध्यात्मिक अनुभव हुआ है और आध्यात्मिक जीवन जीने का निर्देश दिया जाना चाहिए। मेरे पिता ने अपने गुरु की बात मानी और मेरे अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की। इस प्रकार कम उम्र में ही मैं आध्यात्मिक खोज के लिए समर्पित हो गया।

मेरा परिवार हिंदू था, और हिंदू धर्म में दो परंपराएं हैं: एक मूर्तियों की पूजा में विश्वास करता है और दूसरा यह कि ईश्वर निराकार है। मेरा परिवार उत्तरार्द्ध का था, लेकिन फिर भी मैं अक्सर सभी विभिन्न देवताओं के चित्रों को देखता था और उनके बारे में आश्चर्य करता था।

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध और भूखमरी...



## लेटर टू एडिटर

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**–राजेश चौहान, जमशेदपुर**

### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# होली के रंगोत्सव में रखें ख्याल मखमली त्वचा का

होली के अवसर पर बाजार में मिलने वाले ज्यादातर रंग कैमिकल युक्त होते हैं जो त्वचा व बालों को रूखा बना देते हैं। ऐसे में रंग-गुलाल से खेलने घर से बाहर निकलें तो चेहरे पर सनस्क्रीन लोशन अप्लाई करें व बालों में तेल लगा लें। वहीं खेलने के बाद क्लिंजिंग क्रीम का प्रयोग मुंह पर करें व अच्छे शैंपू से बालों को धोएं।

**प्रतिमा अरोड़ा**

होली की मस्ती में अपने रेशमी बालों की हिफाजत करना बिल्कुल न भूलें, क्योंकि होली के रंगों में कई तरह के रसायन जैसे लेड ऑक्साइड, मरकरी सल्फाइट, कॉपर सल्फेट, कांच के कण, अभ्रक और धूल की भी अच्छी-खासी मौजूदगी होती है। ये रसायन जहां एक तरफ हमारे बालों की चमक छीन लेते हैं, वहीं त्वचा को रूखी और बेजान बना देते हैं। इसलिए जरूरी है कि होली खेलते समय अपनी दमकती हुई त्वचा और रेशम जैसे बालों की फिक्र जरूर करें।

**सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल**

होली खेलते समय लोग अकसर गुलाल और गीले रंगों का इस्तेमाल करते हैं। ये रंग प्राकृतिक नहीं होते हैं। इनमें रासायनिक तत्व और चमकने वाली माइका तथा लेड जैसे रसायन होते हैं। इस कारण इन रंगों से होली खेलने के बाद स्किन पर निशान पड़ना, त्वचा का बदरंग होना जैसी समस्याएं आम हैं। होली अगर खुली जगह पर खेली जाती है, तो उस दौरान त्वचा पर सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणें पड़ती हैं जिनका बुरा असर होता है। इससे त्वचा रूखी हो जाती है, त्वचा में नमी की कमी हो जाती है और दाग-धब्बे भी पड़ जाते हैं। इसलिए होली खेलने के लिए जब घर से बाहर निकलें तो उसके 20 मिनट पहले त्वचा पर सनस्क्रीन लोशन लगा लें। ध्यान रहे कि वही सनस्क्रीन क्रीम लगाएं, जिसका एसपीएफ स्तर 20 या इससे ज्यादा हो। यदि आपकी त्वचा अधिक संवेदनशील है और उस पर जल्दी दाग-धब्बे होते हैं तो और ज्यादा एसपीएफ वाला सनस्क्रीन चुनें।

## स्वास्थ्य

**हल्का मेकअप**

ज्यादातर सनस्क्रीन ऐसे होते हैं जिनमें त्वचा को मॉयश्चराइज करने की क्षमता होती है। यदि आपकी त्वचा रूखी है तो सनस्क्रीन को पहले चेहरे पर लगाएं, इसके बाद थोड़ी देर इंतजार करके मॉयश्चराइजर लगाएं। दिन के समय हल्का मेकअप किया जा सकता है। आंखों को आईपेन से या काजल से संवारें और लिपग्लोस का इस्तेमाल करें। यह हल्का मेकअप कैमिकल युक्त रंगों से त्वचा को बचाने में सहायक हो सकता है।

**साबुन के बजाय क्लिंजिंग क्रीम से धोएं मुंह**

होली खेलने के बाद त्वचा से रंग छुड़ाने के लिए तुरंत साबुन से चेहरा न धोएं। क्योंकि साबुन से इसमें रूखापन आ जाता है। इसकी बजाय क्लिंजिंग क्रीम या लोशन का इस्तेमाल करें। इससे चेहरे पर मसाज करें। इसके बाद गीली रूई से चेहरे को पोंछ लें। आंखों के आसपास की जगह को साफ करें। हल्के हाथों से की गई साफ-सफाई होली के रंगों को आसानी से हटा सकती है।

**होली के अगले दिन लगायें शहद-दही**

होली के अगले दिन सूर्य की किरणों से सम्पर्क में रहने से त्वचा को होने वाली नुकसान जैसे रूखापन और दाग धब्बों को हटाने के लिए दो टेबल स्पून शहद में आधा कप दही मिलाएं। इसमें थोड़ी मात्रा हल्दी की मिलाकर इस मिश्रण को चेहरे, गर्दन और बाजू पर लगाएं। इसे त्वचा पर 20 मिनट तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो दें। शहद एक प्राकृतिक मॉयश्चराइजर है और यह त्वचा को मुलायम बनाता है। इसमें मिलायी दही त्वचा को पोषण देती है और होली के रंगों में मिलाए गए रासायनिक तत्वों से उसे सुरक्षा देती है।

# किस तरह से जीवन सिर्फ एक खेल है?

**स्वामी निरंजनानंद जी सरस्वती**

किस तरह से जीवन सिर्फ एक खेल है?

स्वामी सत्यानंदः व्यक्ति हमेशा अपनी चिंता में रहता है, लेकिन उसे यह नहीं पता कि उसके जीवन में सब कुछ तय हो चुका है। किसी के जीवन की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी है। लोग अभिनेता हैं; कोई अतिरिक्त है। निर्देशक ने पहले ही प्रत्येक भूमिका के लिए अपना विकल्प बना लिया है। क्रिया स्क्रिप्ट में आती है। आखिर एक टीवी कार्यक्रम में आने वाले अभिनेता को अभिनय और कर्म करना ही पड़ता है। जब कोई स्क्रिप्ट लिखता है, तो उसमें प्रेम, विवाह, संघर्ष, हत्या और मौत शामिल होती है। एक अभिनेता हर रोल को निभाता है। कोई भी स्वतंत्र रूप से कार्रवाई नहीं करता है। किसी का कुछ भी नहीं है और फिर भी कोई सोचता है कि एक ही कर्ता है। सब कुछ लिखा है लिपि में अहंकार कामसा रावण सीता सब कुछ ईश्वर ने हर तत्व को अपनी लिपि में रखा है।

कोई भी स्वतंत्र नहीं है या स्वतंत्र होने की योग्यता नहीं है। एक अति शक्तिशाली व्यक्ति जैसे ऋषि विश्वामित्र जो दूसरी दुनिया का निर्माण कर सके तो मैं ही कर्ता हूँ कथन का कुछ अर्थ आ सकता है। जहाँ तक साधारण व्यक्ति का सवाल है, उसे छोटे सिरदर्द से निपटने के लिए एक गोली की आवश्यकता होती है। वह अपने दुःख, निराशा या अवसादग्रस्त विचारों को कैसे दूर करना नहीं जानता। फिर भी वह कर्ता होने का दावा करता है। एक ख्याल कहीं से आता है, उसे अपनी चपेट में ले लेता है और वह उदास रहता है। उनके पास मन से एक छोटी सी सोच निकालने का साधन भी नहीं है और वह दावा करता है कि वह पटकथा का हिस्सा नहीं है! अवसाद संवाद का हिस्सा है, नाटक में उनके अभिनय का हिस्सा है।

## विचार

एक अभिनेता के पास वह जिस हिस्से में खेलता है उसमें कोई वास्तविक प्रेरणा नहीं होती है। प्रेरणा किसी की इच्छा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह मौजूद है। हर जीव में प्रेरणा का गुण होता है, जिसमें एक छोटा सा कीट भी शामिल है। कोई भी प्रेरणा मस्तिष्क, मन या शिक्षा को बता सकता है, लेकिन मूल प्रेरणा कहीं और से आती है; यह एक जीव के लिए स्वाभाविक है। क्रिया, प्रेरणा और कर्म एक कारक पर आधारित हैं। कब गोली चलेगी, कब शादी होगी, कब लड़ाई होगी, कब कोई अच्छा इंसान बनेगा, कब हंसी होगी या आंसू होंगे, कब एक्टर नाचेंगे, खाएंगे या स्टेज से जाएंगे। ये सत्य है कोई माने या ना माने

एक अभिनेता को अपना किरदार निभाने के लिए एक किरदार बनना पड़ता है। उसे महसूस करना है कि यह महिला उसकी पत्नी है; उसे उस भावना को जगाना है। भावनाओं को जगाना होगा; भाग के साथ पूरी पहचान होनी चाहिए। इस पहचान से तो हर कोई गुजरता है, लेकिन इस प्रक्रिया में व्यक्ति जीवन की पटकथा से इतनी गहराई से जुड़ने लगता है और इससे पहचान इतनी हो जाती है कि किसी को यह एहसास ही नहीं होता कि यह सिर्फ एक नाटक है। जिस दिन किसी को पता चल जाएगा कि जिंदगी एक खेल है, उस दिन किसी का नजरिया बदल जाएगा।

(कर्म योग पुस्तक 5 मन के भाव बिहार योगा स्कूल रिखिया आश्रम देवघर)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा मंडप में महिलाओं ने खेली होली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित ज्योति क्लब दुर्गा मंडप में शनिवार को इस वर्ष भी महिला मंडली ने होली मिलन आयोजित किया। महिलाओं ने मां दुर्गा सहित अन्य आराध्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। इसके बाद होली के गीतों पर जमकर नृत्य करते हुए महिलाओं एवं युवतियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर आने वाले रंगों का त्योहार होली की बधाई दी। होली आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। इसमें सभी को गिले शिकवे भुलाकर शांतिपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ होली मनाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का भी लुप्त उठाया। समारोह में उषा देवी, निशा देवी, सुशीला देवी, बेबी देवी, अर्चना देवी, संगीता देवी, मीरा देवी, पिंकी देवी, माला देवी, गायत्री देवी, रीना देवी, सीता देवी, देव श्री कुमारी, सृष्टि, अमायरा, अनुष्का, भूमि शर्मा, खुशी, काव्य श्री, वेदाश्री, मीरा देवी सहित दर्जनों महिलाएं एवं युवतियां मौजूद थी। समारोह को सफल बनाने में डीके पंडित, उपेंद्र शर्मा, अप्पू मिश्रा सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

### न्यू डॉन बोस्को एकेडमी में होली मिलन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बोस्को एकेडमी में शनिवार को होली मिलन हुआ। छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ जमकर होली खेली।लजीज व्यंजनो का भी लुत्फ उठाया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अंगद राय ने कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश लेकर आता है। हमसबों को सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण वातावरण मनाना चाहिए। श्री राय ने सबों को आने वाले रंगों का त्योहार होली की बधाई देते हुए पानी की बचत करते हुए होली खेलने की अपील की। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### भाईचारा का पर्व है होली: राधा विनोद



**रजरप्पा।** कुम्हार महासंघ रामगढ़ जिला की होली मिलन समारोह राधा विनोद प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। मौजूद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल एवं गले लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी । जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। मौके पर जिला महामन्त्री मदन प्रजापति, प्रखंड सचिव रामचंद्र प्रजापति सहित यशवंत प्रजापति, नारायण प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, रूपलाल प्रजापति, सुरेन्द्र प्रजापति, रवि प्रजापति, अनिरुद्ध प्रजापति, मीणा देवी, मंजू देवी, रामचल प्रजापति, लखन प्रजापति, उमेश प्रजापति, प्रमेशवर प्रजापति, सचिन कुमार, बिनोद प्रजापति, राहुल, पिंटू आदि मौजूद थे।

### लायंस क्लब भुरकुंडा का होली मिलन



**भुरकुंडा (रामगढ़ )।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा का होली मिलन समारोह शनिवार को देर शाम उत्सव मैरेज हॉल में मनाया गया। सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की बधाईयां दी।इस दौरान होली के गीत में जमकर नृत्य हुए।और खूब उड़े गुलाल और दी एक दूसरे को बधाईयां ।इसके बाद लायंस क्लब के महिला सदस्यों द्वारा अपने अपने घर से लाए पकवान को सभी लोगों ने मिलकर लुफ्त उठाया। लायंस अध्यक्ष माला शर्मा ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द बांटने का त्यौहार है। मौके पर अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी,राजेंद्र महतो,विजय वर्णवाल,अखिलेश शर्मा,अशोक सिन्हा,निर्मल अग्रवाल,प्रमोद शर्मा,राजेश अग्रवाल,दीनबंधु सिंह,विजयंत कुमार एचएन यादव, शिवा प्रसाद, विमल प्रसाद, अजय सिंह, मनोज कुमार, मंजुल आशा अग्रवाल, शोभा राय, रेखा सिंह, सीमा यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों को भोजन कराया गया। साथ ही होली की बधाईयां दी। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण करते हुए कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। और होली उत्सव के अवसर पर सभी को ढेरों बधाईया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने की कहा की सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, रमेश सोनी,धनीराम बेदिया,विजय कुमार, लखन राम, अशोक झा, संजीव वर्मा साहिय कई समाजसेवी उपस्थित थे।

# टैक्स नहीं देने से कांग्रेस का खाता फ्रीज हुआ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- घोटाले पकड़े जाने पर आयकर और भाजपा को कटघरे में खड़ा कर रहा विपक्ष : जायसवाल
- सिपाही की तरह चुनावी जंग के मैदान में कमर कस चुके हैं भाजपा कार्यकर्ता : विवेकानंद




**हजारीबाग।** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह के नेतृत्व में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यालय में प्रेस- वार्ता हुई। राष्ट्रीय स्तर के भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते फ्रिज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है, जो की बेहद शर्मनाक है।

कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार आयकर विभाग और भाजपा को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें करती है लेकिन न्यायालय में अपने बचाव पक्ष के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। जायसवाल ने बताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता इस मामले को लेकर जनता को बरगलाने में जुटे हैं लेकिन मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि आयकर विभाग ने डिफाल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रुपए के प्रयोग पर रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट को फ्रिज किया है। एक और कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि उनके पास ट्रेन में आने जाने का पैसा नहीं है, जबकि उनके नेता राहुल गांधी स्वयं चार्टर्ड प्लेन में घूम रहे हैं। सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद भी कांग्रेस ने 14 लाख रुपए नगद चंदा लिया। 105 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ रुपए जमा कराया। कांग्रेस ने उसे समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को संपूर्ण हजारीबाग लोस क्षेत्र से मिल रहा है अपार जनसमर्थन, होगी ऐतिहासिक जीत।

भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने बताया कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भाजपा पार्टी ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक रहें मनीष जायसवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है और उनके प्रत्याशी घोषित होने के बाद ही उनका लगातार हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा ताबड़तोड़ जारी है। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता सिपाही की तरह चुनावी जंग के मैदान में कमर कस चुके हैं। विवेकानंद सिंह ने बताया कि चुनाव में करीब 55 दिनों का समय बाकी है और भाजपा कार्यकर्ता जहां एक-एक दरवाजे तक दस्तक देंगे । वहीं पार्टी के प्रत्याशी मनीष जायसवाल हर एक पंचायत के गांव गांव तक पहुंच कर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, जिला महामंत्री सुनिल साहू, जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, लोकसभा चुनाव के संयोजक टुन्नु गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण मेहता, सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, पंचम चौधरी, महेश्वर महतो, प्रो.आलोक सिंह, नेपाल महतो, हजारीबाग लोकसभा चुनाव कार्यलय प्रभारी विजय वर्मा, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी : अविनेश

- राहुल गांधी चार्टर प्लेन में घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का पैस नहीं हैं : भाजपा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

रामगढ़। भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में रविवार को प्रेस वार्ता हुई। प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस देश की घोटालेबाज पार्टी है। जो घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा कर बच निकलने का प्रयास कर रही है। लेकिन जब अदालत में तथ्य पेश करने का अवसर आता है तो कांग्रेस पार्टी वहां अपना बचाव नहीं कर पाती है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आयकर विभाग द्वारा डिफॉल्टर होने पर कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ के प्रयोग पर रोक लगायी है। बैंक एकाउंट फ्रीज नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आयकर मामले में कांग्रेस द्वारा खाता फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। श्री कुमार ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 1 लाख 80 हजार करोड़ का कोयला घोटाला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर घोटाला, 70 हजार करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, 5 हजार करोड़ का नेशनल हेरॉल्ड घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद चार्टर प्लेन में घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैस नही है। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सभी प्रावधानों की जानकारी के बाद भी कांग्रेस ने 14 लाख नगद चंदा लिया और 105 करोड को टैक्स बकाया होने के बावजूद 2.5 करोड़ रूपए ही जमा कराया। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उस समय प्रेस वार्ता नही किया गया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है। कहा कि कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया पर हर जगह मुंहकी खानी पड़ी।

उप्होंने कहा कि कांग्रेस के कई बैंक खाते संचालित हैं और कांग्रेस का एक से अधिक पैन कार्ड भी है। एक से अधिक पैन कार्ड होना खुद कांग्रेस के संविधान के विरूद्ध है।

कुमार ने कहा कि देश के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियमों को मानना होगा। लेकिन राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से उपर समझते हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस खाते में 1000 रूपए करोड़ की राशि और 500 करोड़ की अचल संपत्ति है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश के कानून मानने होंगे और आयकर विभाग अपना कार्य कर रहा है। कहा की आयकर विभाग की कार्रवाई से सरकार का कोई लेना देना है और कांग्रेस के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व प्रत्याशी रंणजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल उपस्थित थे।

### बेडम में यज्ञ की तैयारी जोरों पर

**दारू।** टाटीझरिया प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत बेडम में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारी जोरों पर है। पांच दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान के होगा। इसकी तैयारी को लेकर ग्रामीण पूरे तन मन धन से लगे हुए हैं। श्रमदान से यज्ञ मंडप समेत परिसर को तैयार कर रहे है। वहीं नवनिर्मित हनुमान मंदिर की वास्तुकला, सुंदरता और हनुमान जी की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ का कार्यक्रम 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक होगा। इसमें 11 अप्रैल को कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती, 12 अप्रैल को वेदी पूजन, सायं जलाधिवास, अग्नि मंथन, संध्या आरती, प्रवचन, 13 अप्रैल को फलाधिवास, अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास, संध्या आरती, प्रवचन, 14 अप्रैल को नगर भ्रमण, शयनाधिवास, संध्या आरती, प्रवचन, 15 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा सह भण्डारा का कार्यक्रम शामिल है। यज्ञाचार्य वृंदावन से लोकेश कुमार पंडित, वाराणसी से रूपेश कुमार पांडेय, नीरज तिवारी और उपाचार्य विष्णुगढ़ के रवींद्र कुमार पांडेय हैं।

## एक नजर में

### चुरचू प्रखंड में होली मिलन समारोह



**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही, चनारो, सडवाहा, इंद्रा, जरबा, कजरी, फुसरी,बहेरा,तापीन,परेज सहित कई क्षेत्रों में के सामाजिक संगठनों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में एक दूसरे के गाल पर गुलाल-अबीर लगाकर गले से गला मिलकर होली की बधाई दिया।उसके बाद ढोल-मंजीरा,करताल लेकर सभी लोग अपने-अपने स्थान पर बैठकर होली के उमंग में घण्टों फगुआ के गीत गाते रहे।चरही स्थित श्यामपट्टी में जिप सदस्य बासुदेव करमाली,जरबा में प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधयों और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में कोयलांचल और प्रखंड क्षेत्र के लोग जमकर गुलाल-अबीर उड़ाया।जरबा में नाई समाज,चरही के बिरसा मैदान में राजपूत समाज और खतियानी परिवार के लोगों ने होली के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में कहा गया कि होली पर्व को धूमधाम और हर्षोल्लास तथा भाईचारे के साथ मनाया जाय।ताकि सौहार्द पूर्ण वातावरण बना रहे।

### भाजपा टाटीझरिया मंडल ने किया होली मिलन



**टाटीझरिया ।** भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल कमिटी के सौजन्य से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम झरपो के नोडल केंद्र पर आयोजित था। जिसमें कार्यकताओं ने एक -दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। कार्यक्रम वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कौलेश्वर मिश्र के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर होली के गीत - भजन से माहौल होलियाना हो गया। कार्यकर्ता,बच्चे -बूढ़े और जवान सभी जमकर थिरके। मौके पर लोगो ने लजीज व्यंजन का भी स्वाद लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता मिथिलेश पाठक,प्रखंड महामंत्री सह प्रमुख संतोष मंडल, उप प्रमुख रवि वर्णवाल ने कार्यकताओं को कहा कि होली अधर्म पर धर्म की जीत ,बुराई पर अच्छाई के जीत का पर है। सभी ईर्ष्या -द्वेष भूलकर एक दूसरे से प्रेम व स्नेह से गलें लगें इस अवसर पर उपेंद्र पांडेय,महेश अग्रवाल,कैलाशपति सिंह,राजू यादव,विजय पांडेय, शैलेश सिंह,किशुन ठाकुर,ज्योतिष पंडा,रामलखन पांडेय,विजय रवि,दिनेश्वर रविदास समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार




**टाटीझरिया ।** थाना क्षेत्र के बेडमक्का गांव में अवैध तरीके से देशी महुआ शराब वा अंग्रेजी शराब की भंडारण कर बिक्री कर रही संगीता देवी के दुकान से थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने रविवार को देसी महुआ का शराब 10 लिटर और अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड की कुल 63 पीस बरामद किया गया। थाना प्रभारी ने गिरफ्तार कर अभियुक्त को जारीबाग जेल भेज दिया।

### बड़कागांव में भुईयां समाज ने खेली होली

**बड़कागांव ।** अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति बड़कागांव केरेडारी प्रखंड कमिटी द्वारा संयुक्त रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ने किया। जिसमें बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के लोग शामिल थे। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर जमकर होली मनाई और लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। समाज के लोगों को संदेश दिया गया कि गिले -शिकवे भूलकर प्रेम व भाईचारगी के साथ मिलजुल कर रहें ।नशा करके होली पर्व नहीं मनाए ।इस अवसर पर सचिव शंकर कुमार भुईयां,उपाध्यक्ष रामवृक्ष राम,सहसचिव फूलचंद राम,पुर्व सचिव महावीर राम,बालेश्वर राम, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शारदा ऋषि,सचिव मुकेश भुईयां, मोहन भुईयां,संतोष भुईयां,किशोर भुईयां, पुनम देवी,आरती देवी,सुषमा देवी, नंदनी देवी,सरिता देवी,सुनिल भुईयां,सरजू भुईयां,महेंद्र भुईयां,बिगन भुईयां शहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## महेश सिंह भाजपा में फिर होंगे शामिल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** समाज सेवी सह मजदूर नेता कुमार महेश सिंह ने रविवार को सारूबेडा स्थित दुर्गा मंडप परिसर में होली मिलन समारोह सह फाल्गुन महोत्सव किया। उन्होंने 4 अप्रैल को समर्थकों से राय लेकर बड़े पैमाने पर कुजू में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन कराकर राष्ट्रीय स्तर के भाजपा पार्टी में शामिल होने का इशारा किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में मैं भाजपा के लिए विधानसभा चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि हरा गमछा लेकर रहने वाला कभी भी भाजपा का नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं से वार्ता चल रही है। इससे पूर्व मांडू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये सैकडो की संख्या समर्थकों ने भाग लिया। साथ ही समर्थको ने कुमार महेश सिंह को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। वहीं कुमार महेश सिंह ने मौजूद समर्थित कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं दी। मंदिर परिसर में हो रहे फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम में आये कलाकारों को अंग वस्त्र भेंट कर एवं अबीर गुलाल लगाकर ढोल मजीरा के साथ होली गीत का शुभारंभ कराया गया। कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल खेलते हुए जश्न मनाया।

### नावाडीह में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

कटकमसांडी। प्रखंड के नावाडीह गांव मे रविवार को दल शाही सुथर शाही दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। इस दौरान सभी खिलाड़ियों ने एक दुसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामना दी। इस मौके प्रतियोगिता के संरक्षक अधिवक्ता रविन्द्र कुमार ओझा ने कहा कि खेल से मानसिक शारीरीक और आध्यात्मिक विकास होता है। जरूरत है कि सभी खिलाड़ी ईमानदारी और भाईचारगी के साथ खेले ।उन्होंने कहा कि पूर्वजों के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता मे गांव के छोटे से बडे बुजुर्ग तक भाग लेते है। प्रतियोगिता के व्यवस्थापक समिति के अध्यक्ष सर्वजीत ओझा, सचिव सुभम सागर ओझा, कार्यकारिणी सदस्य कुमार सुंदरम, सूर्या प्रताप ओझा, अनुराग कश्यप, आदर्श ओझा, आलोक ओझा, सुशांत ओझा, सात्विक ओझा, विशाल ओझा ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता मे चार टीम भाग लिया है। जिससे शुभारंभ मैच जितेंद्र एकादश और मनेन्दर एकादश के बीच खेला गया जिसमें मनेन्दर एकादश ने जीत हासिल किया ।जबकि दूसरा मैंच मुरारी एकादश और सुरेन्द्र एकादश के बीच खेला जायेगा। समिति ने बताया कि फाईल मुकाबला सोमवार को होगा। जिसमें विजय टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा।

## भुरकुंडा केवि के पूर्ववर्ती छात्रों ने खेली होली




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने शनिवार को होली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़, रांची, हजारीबाग और रामगढ़ जिला से दर्जनों विद्यार्थी जुटे थे। सीनियर-जूनियर विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिसर फगुआ के रंग में सराबोर हो गया। पारंपारिक ढोल-मंजीरे की ताल पर थिरकते हुए विद्यार्थियों के समूह ने त्योहार में आपसी प्रेम और सौहार्द का रंग घोला। अंताक्षरी के पश्चात सभी ने सामूहिक भोज का आनंद उठाया। इससे पूर्व यहां बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सत्येंद्र पाठक व संचालन महेंद्र सिंह ने किया। एलुमनी मीट 2023 के कॉर्डिनेटर संजय खंडेलवाल ने कहा कि केवि भुरकुंडा की एलुमनी सबसे मजबूत है। यह समारोह हर साल आयोजित होगा। समारोह में फिलिप्स डिक्रूज, उमेश उपाध्याय, सुनील सिन्हा, सतीश मोहन मिश्रा, दीपक मिश्रा, अशोक लाल, अजय मित्रा, के राजू, रवि वर्मा, राजेश पंडित, रामकैलास शर्मा, आनंद साहनी, सुदीप चौधरी, कुंदन पासवान, संजय रवि, रामाशंकर पांडेय, परमेंद्र सागर, श्यामबाबू साह, दुर्गेश नंदन तिवारी आदि शामिल हुए।

### परवरिश स्कूल में होली मिलन



**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल ने रविवार को होली मिलन किया, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों को उत्सव के मौज-मस्ती और सौहार्दपूर्ण दिन के लिए एक साथ लाया गया। रंगों का त्योहार होली, परवरिश एजुकेयर स्कूल में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जहां बच्चों और माताओं ने विभिन्न खेलों और गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, पारिवारिक संबंधों को मजबूत करना और सभी उपस्थित लोगों के लिए स्थायी यादें बनाना है। पानी के गुब्बारे की लड़ाई से लेकर रस्साकशी प्रतियोगिताओं तक, होली उत्सव ने परिवारों को बंधन में बंधने और मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया। निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने कहा कि परवरिश एडुकेयर स्कूल में होली उत्सव सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने और पारिवारिक संबंधों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र की जपुआ बिरहोर कॉलोनी के पास रविवार को एक बाइक दुर्घटना में 38 वर्षीय विकास राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। विकास राणा अपने घर से गिद्धौर आ रहे थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में विकास राणा को गंभीर चोटें आईं और उन्हें बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से चतरा रेफर कर दिया गया। विकास राणा महुआटांड मोहन राणा के बेटे हैं।

## होली मिलन समारोह का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तरी पंचायत भवन में उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह के नेतृत्व में शनिवार की शाम बड़े हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी मरकच्चो सौरभ शर्मा उपस्थित थे। होली मिलन समारोह के आयोजनकर्ता मुखिया रणजीत सिंह के द्वारा विभिन्न तरह के पकवानों एवं व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। सभी मुखियागणों ने विभिन्न व्यंजनों व पकवानों का लुफ्त उठाया एवं उपस्थित सभी मुखियागण एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं अपने क्षेत्र वासियों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की कि सभी स्वस्थ, खुशहाल एवं दीर्घायु रहें। सभी मुखिया अपने-अपने पंचायत वासियों से भी अपील की कि सभी होली का त्योहार शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष वेदू साव, केदार यादव, बसंत साव, टिपन पासी, सुनील यादव, विजय यादव, सुभाष यादव, रवि शंकर सिंह, राजेश पासवान, सुरेंद्र यादव, रविंद्र गुप्ता, दशरथ यादव व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लगातार सिंचाई मशीन की चोरी से किसान परेशान

**कैरो।** थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से हो रही किसानों का सिंचाई मोटर चोरी से किसानों में हड़कंप के साथ ही परेशानी बढ़ गई है। थाना क्षेत्र के सिर्फ खरता में पिछले एक महीने के अंदर दर्जनों किसानों के खेत में सिंचाई के लिए रखे बिजली मोटर सहित सिंचाई का कई सामानों को अज्ञात चोरों ने चुरा ले गया। ग्रामीण किसानों का कहना है कि हर दिन मोटर पम्पसेट को खेतों में ले जाना और लाना संभव नही होता साथ ही कब बिजली रहे न रहे इसका भी पता नही चलता जिस कारण खेती लगे खेत के पास ही कुँवा, नदी इत्यादि जगहों में मोटर पम्पसेट को छोड़ घर आना पड़ता है, किन्तु पिछले कुछ दिनों में चोर बेखौफ होकर किसानो के खेत से पम्पसेट को चुरा ले जा रहे हैं ऐसे में किसानों के सामने कड़कती धूप में जो खेती लगाया गया है वह सिंचाई के अभाव में मरने लगा है और आर्थिक रूप से तंगी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। मामले को लेकर गांव के कमल साहू ने बताया कि इसकी जानकारी कैरो थाना को देकर मदद की गुहार लगाई है।

## भंडरा में होली को ले बाजार की रौनक बढ़ी

**भंडरा।** प्रखंड वासियों पर होली का रंग चढ़ने लगा है। इस साल होली 25 व 26 मार्च को मनाई जाएगी । इधर, होली को लेकर बाजार की रौनक बढ़ गई है। दुकानों में रंग और पिचकारियां सज गई हैं। कपड़ों की दुकानों में भी भीड़ उमड रही है। पिछले कुछ वर्षों से गीले की जगह सूखे रंग ने ले ली है। पानी में घुलने वाले रंग भी बिक रही हैं। प्रखंड के अलग-अलग इलाकों में रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानें सज गई है। थोक विक्रेताओं ने पिछले साल की बिक्री और हालात देख पहले से ही रंग और गुलाल का स्टॉक मंगवा लिया है। प्रखंड में ज्यादातर रंग व पिचकारी रांची लोहरदगा से मंगाए जाते हैं।

### चतरा-गया पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ चलाया संयुक्त अभियान

# बिहार भेजी जा रही 200 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के झारखंड-बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय शराब माफियाओं पर पुलिस की सख्ती जारी है। होली से पहले शराब तस्करों के खिलाफ झारखंड और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ विशेष अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत नौकडीहा नर्सरी से बिहार भेजी जा रही 200 लीटर अवैध देशी महुआ शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर जबड़ा गांव के रहने वाले चनेश यादव और टुनेश यादव हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए चलाए जा रहे शराब विनष्टीकरण अभियान के दौरान बिहार के शेरघाटी पुलिस और सीआरपीएफ के साथ हंटरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम को यह सफलता मिली है। तस्करों के पास से दो स्प्लेंडर बाइक भी जब्त की गई हैं। गिरफ्तार तस्करों के निशानदेही पर जंगल में संचालित अवैध शराब भट्ठियों के पास जमीन में ड्रम में भरकर रखे गए 300 लीटर महुआ शराब और करीब 25 सौ किलो जावा महुआ को भी जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

साथ ही जेसीबी चलाकर शराब भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया गया है। झारखंड-बिहार पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई से तस्करों और माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि माफियाओं और नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गिद्धौर।** पुलिस ने होली में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांडेयमहुआ स्थित झारखंड होटल से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। होटल संचालक दीपक कुमार साव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने होटल से 39 केन बियर, अंग्रेजी शराब की कई बोतलें और लगभग 40 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की है।

थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि होटल संचालक अवैध तरीके से होटल चला रहा था और उसकी गतिविधियों से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही थीं। जिला पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय के गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार देर रात छापेमारी अभियान चलाकर शराब जब्त की गई है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी स्थिति में अवैध शराब की बिक्री मान्य नहीं होगी।

## तीन शराब तस्कर गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

### गिरफ्तार तस्कर

**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस आीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में जयनगर थाना क्षेत्र से टैम्पु नं0 जेएच12जी 4111 में अवैा अंग्रेजी शराब ले जाने की सूचना पर छापामारी की गयी। इस दौरान तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में जयनगर थाना में कांड सं 56/24 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेत्तर कार्यवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी विकास पासवान व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

19 वर्षीय राजीव कुमार उर्फ कारू पिता राजेश राम, 20 वर्षीय राहुल कुमार पिता सोहन पासवान दोनों सुशीला फैक्ट्री गली नं 5 नीचे पहाड़तली थाना मुफ्सील जिला गया (बिहार) निवासी। 40 वर्षीय मदन कुमार दास (टेम्पु चालक) पिता स्व फुलांगी दास ग्राम मुसौवा थाना जयनगर निवासी के नाम शामिल हैं।

### जप्त किये गए शराब

किंगफिसर केन बियर 500 एमएल का 80 पीस, किंग वियर बोतल वीयर 650 एमएल का 14 पीस, रयल स्टैक प्रिमियर विस्की 750 एमएल का 03 पीस, एम्पेरियर ब्लू विस्की 375 एमएल का 14 पीस, स्ट्रलिंग रिजर्व (बी-7) 750 एमएल का 03 पीस, एम्पेरियर ब्लू विस्की 750 एमएल का 06 पीस, स्ट्रलिंग रिजर्व (बी-7) 375 एमएल का 41 पीस, बलेण्डर प्राईड-375 एमएल का 21 पीस, पियाजियो टैम्पु न जेएच12जी 4111 (सवारी) बरामद किया गया।

## पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतगावां (कोडरमा)।** स्थानीय पुलिस शनिवार देर शाम में गश्ती के दौरान बासोडीह से नेवती जाने वाले मार्ग से दो युवक को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बां में थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि रयल स्टैग कंपनी का 750 एमएल के 12 बोतल, ब्लेंडर प्राइड कम्पनी का 750 एमएल के 12 बोतल तथा किंग फिशर का 500 एमएल के 24 बीयर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवकों में 19 वर्षीय रौशन कुमार पिता संजय यादव तथा 19 वर्षीय कुंदन कुमार पिता बिजय राम पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के सरकंडा निवासी है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार युवकों को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया। गश्ती दल में एसआई रौशन कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डोमचांच में चला अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है, जिसके आलोक में डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में शनिवार को थाना अन्तर्गत ग्राम जेरुआडीह, बगरीडीह में वृहद पैमाने पर अवैा शराब के विरूद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान 1450 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में डोमचांच थाना में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी प्रेम कुमार व थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कांग्रेस को आज कल अपने पुराने पाप याद आ रहे हैं : अन्नपूर्णा देवी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के चाराडीह स्थित आवास पर रविवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा ने कहा कि कांग्रेस को आजकल रह रहकर अपने पुराने पाप याद आ रहे हैं। इसलिए वह अपने हर अपराा के खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बता रही है। ताजा मामला यह है कि कांग्रेस ने आयकर मामले में अपने खाते फ्रीज होने की तुलना देश में लोकतंत्र की हत्या से की है, जो कि हास्यास्पद और शर्मनाक है। कांग्रेस घोटाले बाज पार्टी है जो अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, आयकर विभाग और भाजपा को कठघरे में खड़ा कर झूठी बातें करती है, लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। कांग्रेस ने आयकर मामले में हर व्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी। आयकर अधिनियम के सेक्शन 13ए के तहत देश की सभी राजनीतिक पार्टियों को आयकर में छूट मिलती है। साल 2017-18 के कांग्रेस पार्टी के कर निर्धारण के दौरान पार्टी की कमाई पर लगने वाले कर को भरने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2018 दी गई थी, लेकिन कांग्रेस ने अंतिम तिथि तक टैक्स नहीं भरा और उसके बाद कांग्रेस ने फरवरी 2019 में टैक्स जमा किया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को लेकर एक प्रावधान है कि राजनीतिक पार्टी अपने एकाउंट में बीस हजार से अधिक नकद चंदा नहीं ले सकती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने साल 2017-18 में इस प्रावधान का भी उल्लंघन किया। इस प्रावधान की जानकारी होने के बाद भी कांग्रेस ने चौदह लाख नकद चंदा लिया। इन कानूनों का उल्लंघन करने पर राजनीतिक पार्टियों की कर में मिलने वाली छुट पर रोक लगा दी जाती है। प्रावधानों का उल्लंघन करने के कारण कांग्रेस को भी इस छूट से बाहर रखा गया, जिसके बाद कांग्रेस भी सामान्य करदाताओं की श्रेणी में आ गई। जुलाई 2021 में हुए कांग्रेस के आयकर निर्धारण के आधार पर पार्टी पर 105 करोड़ का टैक्स लगाया गया था, लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ ढाई करोड़ ही जमा किए। कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कन्फ्रेंस नहीं किया कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है, क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड़ का आयकर वैध है। आयकर कानून के मुताबिक बकाया राशि का यदि 20 प्रतिशत भी जमा कर दिया जाए तो मामले को अलग से चलाया जाता है, जिसका प्रभाव बैंक खाते पर नहीं पड़ता। लेकिन कांग्रेस ने इक्कीस करोड़ की राशि भरने की जगह सिर्फ ढाई करोड़ ही जमा किए। जब बकाया राशि जमा नहीं की जाती है तो उस पर ब्याज देना पड़ता है। ब्याज पर ब्याज लगने के बाद एक सौ पांच करोड़ की राशि अब एक सौ पैंतीस करोड़ बन चुकी है। जब तक टैक्स की पूरी राशि नहीं जमा की जाएगी, ब्याज की राशि बढ़ती रहेगी और यह राशि एक सौ पैंतीस करोड़ से बढ़कर एक सौ चालीस करोड़ भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस मामले में वसूल की जाने वाली राशि पर रोक के लिए पहले कमिश्नर अपीलेट में अपील की, जहां नोटिस पर रोक लगाने की अर्जी को खारिज कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंची, दोनों ही जगहों से कांग्रेस को फटकार मिली और नोटिस पर रोक लगाने से मना कर दिया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने न सिर्फ ट्रिब्यूनल के आदेश को सही ठहराया, बल्कि आयकर विभाग पर नोटिस देने से रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद 13 फरवरी 2024 को आयकर विभाग ने रूटीन नोटिस देकर कांग्रेस के 3-4 बैंक खातों को अटैच कर दिया। इसके बावजूद कांग्रेस के कई बैंक खाते संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से आकि पैन कार्ड भी हैं। एक से आकि पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस पार्टी के संविधान के विरुद्ध है। आयकर विभाग ने नियमानुसार कांग्रेस के अकाउंट में से मात्र एक सौ पंद्रह करोड़ फ्रीज किए और सिर्फ इसी राशि के प्रयोग पर रोक लगाई। सत्य ये है कि आयकर विभाग ने डिफल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि के प्रयोग पर रोक लगाई है न कि बैंक अकाउंट को फ्रीज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि कांग्रेस के बैंक खातों में एक हजार करोड़ की राशि है और पांच सौ करोड़ की अचल संपत्ति है। राहुल गांधी चार्टर्ड प्लेन में घूमते हैं और फिर कहते हैं कि पार्टी के पास ट्रेन की पात्रा करने का पैसा नहीं है। कांग्रेस ने कोयला घोटाला में एक लाख अस्सी हजार करोड़, टू जी स्पेक्ट्रम में एक लाख छिहत्तर हजार करोड़, चौपर घोटाले में छत्तीस सौ करोड़, कमनवेल्थ गेम्स घोटाला में सत्तर हजार करोड़ और नेशनल हेराल्ड में पांच हजार करोड़ का भ्रष्टाचार किया है। इतने बड़े-बड़े घोटाले करने के बाद राहुल गांाी कहते हैं कि ट्रेन से आने-जाने के लिए पैसा नहीं है। भारत के हर नागरिक और संस्था को सभी आयकर नियम मानने होंगे, फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझते हैं। मौके पर मनोज कुमार झन्नू, अनूप जोशी, नितेश चंद्रवंशी, चंद्रशेखर जोशी, बिरेंद्र मेहता व अन्य मौजूद थे।

एक नजर में

## भाजपा चुनावी इलेक्ट्रल बांड के जरिए जबरन वसूली रैकेट चला रही है : उमाशंकर अकेला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अयक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार रविवार को केंद्र के भाजपा सरकार द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं सभी अनुसंगिक इकाई का बैंक खाता फ्रीज करने के विरोा में कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा तो हो चुकी है। देश का हर एक नागरिक इसमें भाग लेने के लिए उत्सकु है। भारत पूरी दुनिया में अपने लोकतंत्र मूल्यों और आदर्श के लिए जाना जाता है। किसी भी लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव अनिवार्य होता है। उन्होंने कहा कि चुनावी इलेक्ट्रल बांड के जरिए जबरन वसूली रैकेट बीजेपी चला रही है। भाजपा अपनी लूट को खर्च करने के लिए स्वतंत्र है। आपको मालूम होगा कि यह रिसेंटली किन-किन देशों में ऐसा हुआ है। यह सत्ताधारी दल द्वारा एक खतरनाक खेल खेला गया, इसके दूरगामी प्रभाव होंगे ये स्पष्ट है। इस तरीके से किसी राजनीतिक दल को असहाय बनाकर चुनाव लड़ने में बाधा उत्पन्न कर और फ्रिज एंड फेयर इलेक्शन कभी नहीं कहा जा सकता।

विधायक ने कहा कि चुनावी इलेक्ट्रल बांड के जरिए जबरन वसूली रैकेट बीजेपी चल रही है। मौके पर भागीरथ पासवान, नारायण बरनवाल, मनोज सहाय पिंकू, राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, लक्ष्मण यादव, सईद नसीम, राम लखन पासवान, संजय कुमार शर्मा, फैयाज केसर, सुभाष सिंह यादव, अशरफ अली, मो ग़ालिफ, चांद आलम, विकास कुमार, दिलीप राम, रोहित पासवान, नागेश्वर वर्मा, बसंती देवी आदि शामिल थे।

## साल का बोटा लदा एक ट्रैक्टर जब्त



**खबर मन्त्र संवादाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया वन विभाग की टीम ने रविवार को अवैध साल का बोटा लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह कार्रवाई एदला सुरक्षित वन के अमगांवा उप परिसर से हुई है। प्रभारी वनपाल अजीत तुरी ने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जंगल में साल के बोला की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित की गई और मौके पर भेजी गई। टीम में सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए बोटा लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया जबकि तस्कर जंगल झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। उक्त मामले में भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल के अलावा वनरक्षक संजय कुमार, सुनील कुमार महतो, कैलाश यादव, सूरज कुमार और शिवकुमार साहू आदि शामिल थे।

## प्रखंड मुख्यालय में निकाला गया फ्लैग मार्च



**खबर मन्त्र संवादाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** होली त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड मुख्यालय, मरकच्चो बांन चौक, बाज़ार मुहल्ला, ब्राह्मण टोला, बड़ा अखाड़ा, लालनगर, देवगढ़ मुहल्ला सहित अन्य इलाकों में फ्लैग मार्च रविवार को किया गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने किया। इस दौरान थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने लोगों से अपील किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो, इस बात का खास ख्याल रखा जाए।

शांति भंग करने की कोशिश की जाएगी तो वैसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

वही फ्लैग मार्च में एसआई विशाल कुमार, गोबिंद सिंह, एएसआई मदन मोहन शर्मा, बलिराम प्रसाद समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### साहू महासंगठन ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**बेरमो।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन बोकारो जिला का होली मिलन समारोह संपन्न आज बोकारो थर्मल के सी पंचायत भवन में समाज की ओर से होली मिलन समारोह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेरमो प्रखंड के अप प्रमुख विनोद साहू एवं संचालन जिला के अध्यक्ष जोधा नायक ने किया इस अवसर पर राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रदेश मंत्री रमेश प्रसाद नायक प्रदेश कार्य समिति समिति सदस्य एवं संरक्षक भुवनेश्वर साह जिला के उपाध्यक्ष राजेश साहू प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष ठाकुरदास नायक जिला के पूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता, विनोद कुमार साहू, दिनेश्वर नायक, अशोक कुमार शाह, अजय गुप्ता, सुदामा शाह, जानकी शाह, बाल गोविंद, नायक दीपक, कुमार गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद इत्यादि लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड के स्वांग स्थित गोमिया इंटर कॉलेज में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डा लंबोदर महतो, जिप सदस्य डा सुरेंद्र राज एवं जिप सदस्य अमरदीप महाराज ने समारोह में शामिल होकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि होली का त्योहार खुशी का त्योहार है और सभी एक दूसरे से मिलकर पुराने सभी मतभेद भुलाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं। कहा कि जिस प्रकार आज सभी होली में रंग गुलाब से रंग में रंग गए हैं, उसी प्रकार जीवन में सभी खुशियों के रंग में रंगे हुए रहे, यही कामना करता हूं। उन्होंने सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।

### बोकारो एसपी ने किया नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण

**बोकारो।** बोकारो के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष क्रियान्वयन को लेकर जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ललपनिया महुआटांड जगेश्वर विहार दनिया झुमरा रहावन क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने उक्त क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केन्द्रों एवं क्लस्टरों का भौतिक निरीक्षण किया तथा संबंधित थाना के थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक एवं एसडीओ बेरमो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय ग्रामीणों को चुनाव में भयमुक्त होकर मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा स्थानीय बच्चों में टॉफी का वितरण भी किया।

### जैन मिलन की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने संजय बैद व आलोक बने सचिव

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 2 स्थित जैन मिलन के लिए नई कार्यकारिणी के निर्विरोध रूप से संपन्न चुनाव में संजय बैद को अध्यक्ष आलोक कुमार जैन को सचिव और विपुल मेहता को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। सुरेंद्र कुमार जैन एवं डॉ आकाश कुमार जैन उपाध्यक्ष बनाए गए जबकि सुभाष कुमार चौरड़िया को सह सचिव एवं चंदन कुमार बांठिया को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। केतन कुमार मेहता विमल जैन अजय लुंकड़ विनय कुमार वैद माणक छल्लानी अंकित जैन विकास कुमार जैन तेजस कुमार ध्रुव नई कार्यकारिणी के सदस्य होंगे। 22 नामांकित सदस्यों में से 7 द्वारा अपना नाम वापस ले लेने के कारण चुनाव नहीं हुआ और निर्विरोध कार्यकारिणी का निर्वाचन 2 वर्ष के लिए हो गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनोद भंडारी एवं सह चुनाव पदाधिकारी प्रकाश कोठारी ने जैन मिलन केंद्र सेक्टर 2 में इसकी घोषणा की।

### सिंहपुर पंचायत के +2 उच्च विद्यालय में हुआ जल जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर पंचायत स्थित राज्य कृत प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद मे प्रदान संस्था के द्वारा विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा चयनित छात्रों के बीच विश्व जल दिवस सन्दर्भ में प्रतियोगिता कार्यक्रम रखा गया जिसमें से प्रथम द्वितीय तृतीय क्रमश अर्चना कुमारी पूनम कुमारी बेबी कुमारीराहुल कुमार अंकित कुमार को पुरस्कृत किया गया। सभी शिक्षकों बच्चों के साथ स्वच्छ जल उपलब्धता संरक्षित जल महत्व को लेकर जागरूकता शपथ लिया गया। प्रधानाचार्य नंदकिशोर नायक ने कहा कि जल ही जीवन है जल संरक्षण बहुत ही जरूरी है। मौके पर प्रदान से वाश कोऑर्डिनेटर उर्मिला देवी एवं वाश मेन्टर्स सीता देवी विद्यालय के प्रधानाचार्य नन्द किशोर नायक एवं अन्य शिक्षक उपस्थित हुए।

### शांतिपूर्ण महौल में होली मनाने को जिला पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**दुमका।** शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर रविवार शनिवार को दुमका पुलिस फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी अमित लकड़ा की अगुवाई में पूरे शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकला गया। फ्लैग मार्च में एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, एसडीपीओ विजय कुमार महतो एवं एसएसबी के जवान एवं जिला पुलिस मौजूद थे।

### साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जामा।** जामा पुलिस ने नाचनगड़िया पंचायत के विजयबांध गांव से एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार कर आज रविवार को जेल भेज दिया है।जबकि चिकनिया एवं कमाटांड जामताड़ा के तीन अन्य साइबर अपराधी मौके से भागने में कामयाब रहे। जानकारी के अनुसार काफी दिनों विजयबांध एवं चिकनियां गांव में साइबर अपराधियों का बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। जिसमें चिकनीया गांव केन्द्र बना हुआ है,जहां दर्जनो युवा साइबर नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। बताया जाता है कि यहां एक बड़ा रैकेट चलाया जा रहा है जिसके तार जामताड़ा से जुड़े हुए हैं।कई बार ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी लेकिन छापेमारी के पूर्व अपराधी भागने में सफल हो जाते रहे। गौरतलब है कि दोनों गांव के आलावा आस पास के कई युवा इसमें सम्मलित हैं। लेकिन अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर होने में कामयाब रहे हैं। लेकिन इस बार एक साइबर अपराधी के पुलिस के गिरफ्त में आ जाने से इसमें जुड़े कई अन्य युवक अब बच नही पाएंगे। गिरफ्तार युवक से पुछताछ में कई अन्य युवक के शामिल होने की पुष्टि हुई है। थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि जब्त समान ऑनलाइन शॉपिंग से खरीदे गये हैं। इन स्मार्ट फोन एवं लेपटॉप का उपयोग साइबर ठगी करने में प्रयुक्त किया जाता था। जिसे विधिवत जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया है।

# भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के हंसडीहा और सरैयाहाट पुलिस को शराब के अवैध कारोबार पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। होली से एक दिन पहले दोनों ही थाना क्षेत्र से पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब को जब्त करते हुए एक कारोबारी को जेल भेज दिया। हँसडीहा मे पुलिस टीम ने शनिवार देर रात थाना क्षेत्र अंतर्गत बारापघार गांव स्थित एक किराना दुकान में छापेमारी कर 180 एमएल के 53 बोतल शराब को जब्त किया है। शराब की बोतलों में शक्तिमान ब्रांड का लेवल लगा हुआ है। पुलिस की कार्रवाई में किराना दुकानदार पवन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। हंसडीहा थाना प्रभारी संजय कुमार को गुप्त सूचना मिल रही थी कि पवन कुमार किराना दुकान संचालित करता है और अपने किराना दुकान में ही अवैध रूप से शराब बेंचता है। इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर वृहत मात्रा में शराब जब्त किया है। इधर पुलिस उक्त मामलें को लेकर कांड संख्या 25/24 धारा 272/273/290 आईपीसी एवं 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को आरोपी युवक पवन कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बंदरी गाँव में शनिवार की देर रात पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरंजन कुमार को गुप्त सुचना मिली थी की बंदरी में किराना दुकान में अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही है जिसके बाद पुलिस टीम का गठन कर छापेमारी की गई।

## जयसवाल समाज ने मनाई होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार शहरकोल स्थित जयसवाल धर्मशाला में जयसवाल समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में समाज के सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। समारोह का उद्घाटन जयसवाल महिला मोर्चा की अध्यक्ष पूनम देवी, सचिव दीपमाला जायसवाल समेत अन्य सदस्यों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर गुलाल लगाकर किया। भगवान की आरती के बाद होली मिलन समारोह का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्यौहार है और यह हमें मिलजुल कर रहने के साथ-साथ प्रकृति की रक्षा का भी संदेश देता है। समाज की ओर से हर वर्ष होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि जयसवाल समाज महिलाओं की सशक्तिकरण पर विशेष जोर दे रही है और यह वर्ष महिलाओं को समर्पित है और आज खुशी है की होली मिलन समारोह की सारी तैयारी महिला मोर्चा के सदस्यों के द्वारा किया गया है और यह काफी खुशी की बात है। देर रात तक चले उक्त मिलन समारोह में उपस्थित सदस्यों ने नाना प्रकार के व्यंजन का जमकर लुत्फ उठाया।

## भाजपा सीधे तौर पर कर रही लोकतंत्र की हत्या : मंत्री अलमगीर

### निष्पक्ष चुनाव नहीं होने देना चाहती केंद्र सरकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री सह स्थानीय विधायक आलमगीर आलम ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अकाउंट को फ्रीज कर केंद्र सरकार चाहती है कि निष्पक्ष चुनाव ना हो वह देश की राजनीति पर एकाधिकार चाहती है।इसीलिए कांग्रेस का बैंक अकाउंट फ्रीज किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर 14 लाख 40 हजार रुपए के टैक्स का मामला है तो उतनी ही रकम फ्रीज करनी चाहिए थी। लेकिन, केंद्र सरकार ने 285 करोड़ रुपए फ्रीज कर दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार चाहती है कि भाजपा को वाक ओवर मिल जाए और वह इस लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर ले इसीलिए, केंद्र सरकार की एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्षी पार्टियों को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा स्वच्छ और भ्रष्टाचार विरोधी होने का दावा करती है तो यह बताए कि उसे इलेक्टोरल बांड के तौर पर 8225 करोड़ रुपए किसने दिए यह रकम कहां से आई. जिनकी हैसियत दो करोड़ रुपए की नहीं है, वह भाजपा को 200 करोड़ रुपए कहां से दान कर रहे है ।

## खबर एक नजर में

### कांग्रेस घोटालों की पार्टी है, आगामी लोकसभा में जनता इन्हें अवश्य सबक सिखायेगी : मिस्फिका



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** आयकर विभाग द्वारा डिफॉल्टर पाते हुए कांग्रेस की बकाये टैक्स राशि 115 करोड़ रु0 के प्रयोग पर रोक लगाने की बात एवं कांग्रेस के विभिन्न घोटाले जगजाहीर होने पर आज फिर एक बार कांग्रेस देश को सही जवाब देने, टैक्स जमा करने एवं संविधान का पालन करने के बजाय अपने बचाव में केन्द्र सरकार, भाजपा एवं आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा कर देश को भ्रमित करने में जुट गई है। उक्त बातें प्रेसवार्ता में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री सुश्री मिस्फिका हसन ने मिडिया को संबोधित कर कहा । उन्होंने कहा की कांग्रेस घोटालेबाज पार्टी है, जो अपने घोटाला पकड़े जाने पर केंद्र सरकार, भाजपा और आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें व भ्रम फैलाने का काम कर रही हैं।

कांग्रेस ने 14 लाख रु0 नगद चंदा लिया, 105 करोड़ रु0 का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ रु0 ही टैक्स जमा कराया। ऐसे में आयकर विभाग ने बकाये राशि पर ब्याज पर ब्याज लगने से बढ़े बकाये टैक्स की राशि को देखते हुए एवं डिफॉल्टर पाने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115- करोड़ रु0 के प्रयोग पर रोक लगाई है, न कि बैंक अकाउंट फ्रीज किया है। आयकर विभाग के इस कारवाई को कांग्रेस 'लोकतंत्र की हत्या' कह देश का फिर एक बार अपमान किया है।

कांग्रेस ने आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें हर जगह मूंह की खानी पड़ी। कांग्रेस के कई बैंक खाते संचालित है और कांग्रेस के पास एक से अधिक पेन कार्ड भी है, जिससे स्पष्ट पता चलता है कि एक से अधिक पेन कार्ड को लेकर कांग्रेस स्वंय संविधान के विरूद्ध है और अपने बचाव में कांग्रेस फिर एक बार केवल झूठ बोलने एवं देश की जनता को भ्रमित करने में जुटी है। सुश्री मिस्फिका हसन ने कहा कि कांग्रेस 1 लाख 80 हजार करोड़ रु0 का कोयला, 1 लाख 76 हजार करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, 3600 करोड़ रु0 का हैलीकाप्टर, 70 हजार करोड़ का कॉमनवैल्थ गेम्स और 5 हजार करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया है । हमें विश्वास है कि देश की जनता ऐसे सभी सत्य को जानकर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस व ऐसे सभी विपक्षियों को देशहित में सबक जरूर सिखायेगी।

### युवक ने पलास के पेड़ में फंदा लगाकर की खुदकुशी, पुलिस जांच में जुटी

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र रामगढ़ प्रखंड के पहाड़पुर गांव निवासी 14 वर्षीय फरायान लायक ने पलास के पेड़ में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। रविवार को पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया गया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार पहाड़पुर गांव निवासी बीचु लायक के 14 वर्षीय पुत्र फरायान लायक शनिवार को घर से करीब एक किलोमीटर दूर पहाड़ी इलाके में स्थित एक पलास के पेड़ में फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।आसपास के लोगों को जब घटना की जानकारी मिली तो घटना की सूचना घरवालों के साथ साथ पुलिस को दी गई सूचना मिलने के तुरंत बाद एसआई कामेश्वर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर कागजी प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इस संदर्भ में एसआई कामेश्वर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा अबतक थाना में आवेदन नही दिया गया है। पुलिस जब मृतक के घर पहुँची तो घर में कोई नही मिला। युवक ने आत्महत्या क्यों कि इसका पता नही चल पाया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन



रंग-गुलाल खेलते खिलाड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो सचिव स्मिता आनंद की अध्यक्षता में ताइक्वांडो बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। जिसमें 43 बच्चों ने भाग लिया।

जिसमे वाइट टू येल्लो बेल्ट का परीक्षा देने वाले बच्चे का नाम हरिप्रिया कुमारी रजक शिवम केशरी वाणी साह, येल्लो से ग्रीन बेल्ट के लिये परीक्षा देने वाले बच्चे देवांश गुप्ता शिवंशी कुमारी,अथर्व अभिषेक,रितिष्का पाठक,आराध्या पांडेय,एरेन मरांडी,अदिति मंडल,मो अली रजा अंसारी,शानवी मंडल,देवांश किशोर,कुमार दिब्या,कुमार भव्या, दिव्या कुमारी,भव्या गर्ग,ऐश्वर्या आश्था हेम्ब्रम, अलीना हेम्ब्रम, आयुषी कुमारी,आरुष कुमार, अनामिका सिंहा, शानवी श्री,सजल टुडू,समायरा टुडू, ग्रीन से ग्रीन वन के परीक्षा देने वाले बच्चे सौम्या, शौर्य संजीव,अर्णव सिंह,अविक मरांडी,अशी मरांडी,वारुणी मिश्रा, नव्या आदर्श, व ग्रीन वन से ब्लू वन के परीक्षा देने वाले बच्चे स्वीता मुर्मू ,लक्ष्मी प्रियदर्शिनी, अभिषेक सोरेन,ब्लू से ब्लू वन



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

में जाने वाले श्रीकांत प्रियदर्शी, श्रेया जायसवाल, प्रकाश कुमार,आकाश कुमार, मो नयाब आलम, आरोही गुप्ता,व ब्लू वन से रेड के लिए परीक्षा देने वाले बच्चे एनी ताबिथा मुर्मू बच्चों ने टाली तोड़कर भी अपना प्रतिभा दिखाया, व बच्चों ने होली मिलन समारोह कर एक दूसरे को रंग गुलाल भी लगाकर खूब मस्ती किये, झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो संघ की अध्यक्ष व दुमका जिला ताइक्वांडो संघ की सचिव स्मिता आनंद ने सूचना दी कि ताइक्वांडो परीक्षाफल का परिणाम 10 अप्रैल तक घोषित कर दिया जाएगा।

### रोटरी क्लब चास ने अनाथ और बेसहारा बच्चों संग खेली होली

**बोकारो।** नेताजी सुभाष बोस आवासीय विद्यालय के अनाथ और बेसहारा बच्चों के साथ रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने होली खेली और अबीर और गुलाल लगाकर इन बच्चों को एहसास दिलाया गया कि वो भी समाज के अभिन्न अंग हैं। पूजा ने कहा कि रोटरी इस दिशा में सदैव अपनी पहल करती रही है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेंबर अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि रोटरी सदैव बेसहारा का सहारा बनने का प्रयास करती रही है और समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक अपनी पहुंच बनाती है। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि होली के आयोजन से बच्चों के चेहरे पर जो अनमोल खुशी आई यही रोटरी का उद्देश्य है। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत गाए एवं नृत्य भी किया। चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि सेक्टर 2 में अवस्थित आवासीय विद्यालय के प्रांगण में 115 बच्चों के बीच मिठाई नमकीन एवं फ्रूटी बांटी गई। जैनामोड़ स्थित श्री राम स्वीट्स ने अपने नए प्रतिष्ठान के उद्घाटन के उपलक्ष्य में मिठाई और नमकीन रोटरी क्लब को उपलब्ध कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह विनोद चोपड़ा शैलेंद्र जायसवाल राममूर्ति विद्यालय के वार्डन भागीरथ महतो एवं स्कूल की शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### श्री अय्यप्पा विद्यालय के चैतन्य ज्योति प्रवेश महोत्सव में आकर्षक नृत्य प्रस्तुति



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित चैतन्य ज्योति प्रवेश महोत्सव में काफी संख्या में छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के निदेशक विद्यालय की प्राचार्या विद्यालय के उप प्राचार्यों एवं नन्हे बच्चों के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम से किया गया। विद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने एक मनमोहक स्वागत गान प्रस्तुत किया। विद्या की देवी सरस्वती को समर्पित एक सरस्वती वंदना नृत्य विद्यालय की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी नए छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को स्वागत किट उपहार स्वरूप दिया गया जिसमें बच्चों की आहार तालिका गतिविधि तालिका स्वागत समारोह कार्ड विद्यालय कैलेंडर आई कार्ड एवं बच्चों के लिए उपहार सम्मिलित था। विद्यालय की प्राचार्या ने विद्यालय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। अभिभावकों ने विद्यालय से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। खेलकूद के कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। निदेशक डॉ एसएस महापात्र ने कहा कि यह विद्यालय बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए हर तरह से प्रतिबद्ध है। प्राचार्य पी शैलजा जय कुमार ने विद्यालय के प्रवेश महोत्सव चैतन्य ज्योति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों के अंदर की शिक्षा की चेतन को जागृत करने का कार्यक्रम है। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती सुमंगला ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य सुरेश नायर उप प्रधानाचार्य राज लक्ष्मी सभी इंचार्ज शिक्षक शिक्षिकाओं अभिभावकों एवं छात्र छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लोकतंत्र से विपक्ष को खत्म करने का काम करना चाह रही है प्रमुख विपक्षी

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** रविवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम में संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से जनता के बीच यह मैसेज पहुंचने के काम किया है कि देश की सबसे बड़ी महापर्व चुनाव के समय में भी प्रमुख विपक्षी पार्टी का अकाउंट फ्रिज करके लोकतंत्र से विपक्ष को खत्म करने का काम करना चाह रही है प्रमुख विपक्षी पार्टी को वित्तीय तौर पर पूरी तरह से पंगु बनाना चाहती है ऐसा करके विपक्ष कोई भी काम नहीं कर सकेगा कभी किसी के ऊपर पैसा नहीं खर्च कर सकेगा अपने कैंडिडेट को पैसा नहीं दे सकेगा तो फिर चुनाव किस बात का चुनावी घोषणा हो चुकी है पिछले एक महीने से हमारे अपने बैंक अकाउंट में पड़े हुए 285 करोड़ का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। वहीं दूसरी जो चुनावी इलेक्ट्रॉन बॉन्ड के जरिए जबरन उसके लिए रिकॉर्ड चलने वाली भाजपा सरकार। 2018 और 2024 के बीच भाजपा को चुनावी बांड में कुल 16518 करोड़ में



से 82 52 करोड़ मिले कांग्रेस पार्टी को केवल 1950 करोड़ मिले और इसे भी फ्रीज कर दिया गया है जबकि भाजपा अपनी लूट को खर्च करने के लिए स्वतंत्र है।

कई पार्टियों को चुनाव बंद के माध्यम से धन प्राप्त हुआ क्योंकि सभी दानदाताओं ने गुमनाम रूप से दान देना पसंद किया हालांकि केवल भाजपा सरकार चल रही जिसके कारण उसका ईडी/ सीबीआई /आयकर जैसी जांच एजेंसी पर नियंत्रण है इसलिए भाजपा ही बड़े पैमाने पर कंपनियों को मजबूर और ब्लैकमेल कर रही है। जांच में पाया गया कि पिछली चुनावी ट्रस्ट योजना के माध्यम से दान देने वाली पर 30 कंपनी कंपनियों ने एजेंसी द्वारा छापे जाने के बाद अपना दान दिया था। चंदा दो धंधा लो कुछ मामले में कंपनी ने दान दिया और फिर ठेके प्राप्त किया जबकि उन मामले में उन्हें ठेके मिले और फिर दान के रूप में रिश्वत दी गई 37 व्यापारिक समय ने चुनाव बांध दिए इसके बाद उन्होंने 4 करोड रुपए की 243 परियोजना सौपी गई। 4000करोड़ का चंदा पैदा हुआ 4 करोड़ का धंधा। अंत में प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने जनता से इसका फैसला चुनाव में करने को कहा और कहा कि यह आपकी भी लड़ाई है यह लोकतंत्र की लड़ाई। यह कहां की डेमोक्रेसी है यह कहां का लोकतंत्र रह गया है तो इसलिए हम आपसे कहना चाहती कि केवल हम लोग तो अपनी लड़ाई लड़ेंगे लेकिन आप लोग भी की भी लड़ाई है मीडिया की भी लड़ाई देश की जनता की लड़ाई अगर आप इसके अंदर हमें समर्थन नहीं करेंगे तो लोकतंत्र जिंदा नहीं रहेंगे ना आप रहेंगे ना हम रहेंगे। मौके पर मौजूद रहे जिला अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, अखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, नाबीद अंजुम, दिलदार आलम, नेहाल अख्तर।

### जीव में जब आता है अभिमान तो दूर हो जाते हैं भगवान : पं गोविंद कृष्ण



**बोकारो।** स्थानीय श्यामा माई मंदिर में चल रहे होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा रसवृष्टि कार्यक्रम के छठे दिन वृंदावन से पधारे पं गोविंद कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण रुक्मिणी विवाह महारास और मथुरा गमन के प्रसंग सुनाए। गीत संगीत और मनोरम झांकियों के बीच पं गोविंद ने बताया कि माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगीं हे कन्हैया जब हमें छोड़कर ही जाना था तो प्रेम क्यों किया? गोपी उद्धव संवाद के रहस्य को बताते हुए पं गोविंद ने कहा कि जब जीव में अभिमान आता है तब भगवान उनसे दूर हो जाते हैं लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है और उसे दर्शन देते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यजमान संजय कुमार झा सुनीता झा ममता सिंह सतीश सिंह रश्मि रेखा व राजेन्द्र कुमार सहित ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## बुढ़मू के करंबा गांव में अवैध शराब के विरुद्ध चला अभियान

**बुढ़मू।** रविवार को थाना क्षेत्र के साड़म पंचायत के अंतर्गत करंबा गांव में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में एक क्विंटलअवैध जावा महुआए महुआ शराब व भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। थाना प्रभारी रामजी कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाकर औचक छापेमारी की गयी। छापेमारी दल को देखकर अवैध कारोबारी भागने में सफल रहे ।मौके पर पुलिस ने सैकड़ो लीटर तैयार महुआ शराब को नष्ट किया। इस दौरान शराब बनाने की उपकरण व भट्ठियों को भी ध्वस्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बुढ़मू थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार चलने नहीं दिया जाएगा। छापेमारी दल में एएसआई आशीष रंजनए एएसआई सन्तोष यादवए हवलदार विष्णु यादवए राजेश कुमार सहित बुढ़मू थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

## बुढ़मू पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**बुढ़मू।** रविवार को वारंट निष्पादन के क्रम में बुढ़मू थाना पुलिस वारंटी बलराम साहू, पिता कंदर साहू प्रखंड के उमेडंडा निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे भी थाना क्षेत्र के सभी वारंटियों पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा।

## दसकर्म के लिए प्रदान किया सूखा राशन

**अनगड़ा ।** प्रखड के बीसा पंचायत अंतर्गत डूमर टोली निवासी स्वर्गीय कमल बड़ाईक के दसकर्म हेतू विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से रविवार को सूखा राशन उपलब्ध कराया गया । मौके पर बीसा पंचायत कांग्रेस कमिटी के सदस्यों सहित अनगड़ा प्रखण्ड़ युवा अध्यक्ष अजय करमाली बीसा पंचायत अध्यक्ष जीवधन बेदिय वार्ड सदस्य अनिल बड़ाईक महामंत्री गणेश भोगता अजय मुण्डा प्रदिप बड़ाईक परिजन एवं मृतक की पत्नी चिंता देवी पुत्र मोहित बड़ाईक इत्यादि उपस्थित थे ।

## हुंडरू फॉल के होटल से डेढ़ लाख की चोरी

**सिकिदिरी।** पर्यटन स्थल हुंडरू फॉल में शनिवार की रात अज्ञात चोरो ने मोहित होटल में चोरी की घटना को अंजाम दिया । चोर होटल के दरवाजा का ताला तोड़कर करीब 80ए000 रूपए का कोल्ड ड्रिंक्सएएक टोकरी देशी मुर्गा व खाद्य सामग्री उठाकर अपने साथ ले गए ।होटल मालिक संतोष प्रसाद ने बताया कि करीब डेढ़ लाख की संपति की चोरी हुई है। बताया कि शनिवार शाम में वे दुकान बंद कर अपने आवास हुंडरू गांव चले गए थे। रविवार की सुबह उनका पुत्र अंकित कुमार दुकान खोलने पहुंचा तो दरवाजा का ताला टूटा हुआ है । इस मामले को लेकर सिकिदिरी थाना मे अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई है। सिकिदिरी थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

## धार्मिक झंडे को काटने वाले व्यक्ति को भेजा गया जेल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के सोसई आश्रम मैदान में लगे धार्मिक झंडे को काटकर फेंक देने के आरोप में एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना रविवार दोपहर की है। बताया जाता है मिशन मारिया टोली निवासी सेवा निवृत फौजी मनोज खलखो ने सोसई आश्रम मैदान में लगे धार्मिक झंडे को किसी धारदार हथियार से काटकर फेंक दिया। जब वह झंडे को काट रहा था तो किसी ने उसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। धार्मिक झंडे को काटकर फेंक देने की सूचना क्षेत्र में तेजी से फैली और आसपास से सैकड़ो की संख्या में लोग सोसई आश्रम मैदान में जमा हो गए। लोगों में भारी आक्रोश भी था। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मांडर थाना प्रभारी राहुल सोसई आश्रम मैदान पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझा बूझकर शांत कराया और आरोपी युवक को तत्काल हिरासत में लेने की बात कही। मांडर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज देने के बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ।

# बेड़ो के दिघिया पल्ली में मसीही विश्वासियों ने मनाया खजूर पर्व

### पाम संडे

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड़ दिघिया गांव स्थित आरसी चर्च प्रांगण में रविवार को पल्ली के मसीही समुदायों ने खजूर पर्व पाम सन्डे मनाया। इस दौरान फादर भिमसेंट मिंज की अगुवाई में मसीही विश्वासियों ने खजूर की डालियों को अपने हाथों में लेकर प्रभु येशु का स्वागत किया। ।मानो जिस तरह प्रभु येशु का येरूसलम में प्रवेश करते हैं तो वहां की जनता उनके आगमन में धनवान कपड़ा बिछा कर और गरीब खजूर व जैतून की डालियों को बिछाकर स्वागत करते हैं और कहते है श्दाऊद के पुत्र को होस्सन्नाश्श आप धन्य हैं। वह जो सर्वोच्च ईश्वर होस्सन्ना हे प्रभू की जयकार की गीत गाया प्रस्तुत की गई। जहां भजन व प्रार्थना कुदरखो गांव के विश्वासियों के अगुवाई में किया गया। इसके बाद मसीही समुदायों के लोगो ने खजुर ड़ाली हाथ में लेकर जुलुस चर्च परिसर से शुरू होकर दिघिया मिशन मैदान से होते हुए पुनः पल्ली परिसर में प्रवेश कर एक समारोह में बदल गई। इधर धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में सभापत्ति देवनिश तिग्गाए माता प्रबला केरकेट्टाए सिस्टर दिव्या सिस्टर अर्पिता सिस्टर मंजु जुलिया मिंजए प्रकाश बिनय प्रमोदए निकोलस व पास्कल सहित दिघिया पल्ली के मसीहियो ने सहयोग किया।



पॉम संडे मनाते मसीही विश्वासी।

# होलिका में अपनी बुराई का करें दहन

### ओरमांझी में होली मिलन समारोह की धूम



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पूजा समिति ओरमांझी द्वारा रविवार को काली मंदिर परिसर में होली मिलन सह होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हास्य परिहास के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इससे पूर्व समिति द्वारा समारोह में सभी अतिथियों को अबीर गुलाल के साथ होलियाना अंदाज में वेजीटेबल माला पहना कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य अदित्य साहू ने सभी को होली की बधाई दी और कहा होली हमें सत्य व प्रेम का संदेश देती है। उन्होंने इर्श्या द्वेष व अपने हृदय में छुपी सभी बुराईयों को होलिका के साथ दहन करने का आहवान किया और कहा मन के मैल को रंगो के साथ धोकर ही पर्व त्योहार की खुशियां प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्यामकिशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुगार्शंकर साहू, मुखिया दीपक बड़ाईक, पंसस ललिता मेहता, पूर्व मुखिया मानकी राजेन्द्र शाही मुंडा, अजय सिंह, दिलीप मेहता, शंकर गुप्ता, सत्यमराज कुशवाहा, भीम मुंडा, नितिश कुमार छोटु, हरिश्चन्द्र महतो, नरेश महतो, डाण प्रदीप कुमार, शिवनारायण साहू, उमाशंकर साहू, शशि मेहता ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहरा, बिनोद सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, कृतिकांत साहू योगेन्द्र मुंडा मौजूद थे।

## प्रतिबंधित मांस बेचते आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में आपसी सौहार्द का माहौल बिगड़ने के लिए मुस्लिम बहुल एरिया जी टाइप कॉलोनी में गौ मांस बेचते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार खलारी पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर बिजय सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कर पुअनि मुकेश कुमारएएएसआई सहदेव महतो के द्वारा खलारी क्षेत्र में गौ मांस बेच रहे व्यक्ति को पकड़ा गया। बताना चाहते है कि पूरे खलारी प्रखंड क्षेत्र में होली की तैयारी जोर शोर से खरीदारी और उत्सव व शांति व्यवस्था के साथ मनाने का पूरी तैयारी किया जा रहा है। वही इसी बीच खलारी थाना क्षेत्र में आपसी सौहार्द बिगड़ने के लिए क्षेत्र में गौ मांस बिक्री करने के लिए पहुँचते है। और कुछ लोग मौहोल बिगड़ने के लिए मंगाते भी है। खलारी पुलिस को सूचना मिलने के बाद दल बल के साथ पहुँचकर गौ मांस बेच रहे व्यक्ति तौहीद कुरैशी पिता उसमान कुरैशी ग्राम लापुर थाना कुडू जिला लोहरदगा से बेचने के लिए पहुँचा था। गौ मांस बेचने वाले व्यक्ति के पास लगभग 25 किलो से अधिक गौ मांस जप्त करते हुए आरोपी ने जुर्म कबूल करते हुए जेल भेज दिया गया।

## सेक्रेड हट चर्च लपरा में मना खजूर पर्व

**खलारी।** सैक्रेड हर्ट चर्च लपरा में रविवार को खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार की सुबह लपराए लालपुरए मायापुरए मसरीखाडए दुल्ली परसातरी एवं आसपास के मसीही विश्वासी खजूर की डाली लेकर डॉन बॉस्को स्कूल परिसर पहुंचे। यहां से मसीही जुलूस पल्ली पुरोहित हुबेर्तुस बेक व सहायक पुरोहित विल्फ्रेड के नेतृत्व में जूलूस की शक्ल लेकर प्रभु येशु का गुणगान करते हुए जुलनिकाला एवं चर्च में प्रवेश किया। तत्पश्चात मुख्य अनुष्ठाता पुरोहित हुबेर्तुस के द्वारा खजूर डालियों का आशीष एवं मिस्सा अनुष्ठान कराया गया। इस दौरान अनुयायियों को प्रभु येशु के यरुशलम प्रवेश पर प्रभु के दु:ख भोग की कथा सुनाई गयी। पुरोहित ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक साधना करने से लोग पाप से मुक्त रहकर ईश्वर से जुड़े रहते हैं।

# शवदाह गृह को रांची शहर से दूर ले जाये सरकार

- अस्थि विसर्जन स्थल डुमरुगढ़ा में हुई बैठक में 32 गांव के प्रतिनिधि हुए शामिल

### डुमरुगढ़ा में शवदाह गृह निर्माण का किया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जुमार नदी पर ऐतिहासिक धरोहर आस्था का प्रतीक अस्थि विसर्जन स्थल डूगरूगढ़ा, डुमरदगा, बूटी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए शपथ ली गई। ज्ञात हो कि 24 फरवरी को सांसद संजय सेठ द्वारा 7.5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले शवदाह गृह निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध किया था। इसके बाद भी शवदाह गृह के निर्माण के लिए शिलान्यास कर दिया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस संबंध में रविवार को हुई बैठक में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इसमें 32 गांव के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मौके पर शीतल ओहदार, अध्यक्ष झारखंड कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा ने कहा कि ऐतिहासिक डूगरूगढ़ा अस्थि विसर्जन स्थल को साजिश के तहत समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि हमारी मांगों को सरकार नजर अंदाज करती है तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। वहीं रणधीर चौधरी ने कहा कि डूगरूगढ़ा में शवदाह गृह बनने से लगभग 500 गांव एवं लाखों ग्रामीण किसानों के आस्था को ठेस पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि शवदाह गृह को जुमार नदी से हटाकर रांची शहर से दूर कम आबादी वाले क्षेत्र में शिफ्ट किया जाये, ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाया जा सके।

### बैठक में इन्होंने लिया हिस्सा

बैठक में राजकुमार महतो, कैलाश महतो, संजय लाल महतो, राजू महतो, हेमंत ओहदार, संजय कुमार महतो, राम ओहदार, अगम लाल महतो, कर्मदेव बैठा, ललकु महतो, नरेश महतो, मोहनलाल महतो, पार्वती देवी, उषा देवी, सोनामणी देवी, जीरा देवी, अशोक महतो, रजनीकांत ओहदार, शैलेंद्र ओहदार, आनंद बैठा, बलराम महतो, कार्तिक महतो, प्रवीण कुमार महतो, कुणाल महतो, बंटी महतो, रिबन देवी, अंजू देवी, बाल कृष्णा महतो, मालो देवी, शांति देवी, ललिता देवी, नितेश कुमार, निरंजन चौधरी, मनोज महतो, महेंद्र महतो, चंचल कुमार महतो आदि उपस्थित हुए।

## सहायक शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** सहायक शिक्षक संघ सोनाहातू के तत्वावधान में बारूहातू मिडिल स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड के सात सहायक शिक्षक ज्योति प्रसाद महतो मृत्युंजय महतो रतन लाल स्वांसी शिव शंकर महतो सृष्टिद्धार प्रजापति राजेश्वर महतोएओर बिहारी सिंह मुंडा रिटायर्ड हुये। संघ के द्वारा सभी को अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। संघ के अध्यक्ष पूरन महली ने शुरूआती दिनों की संघर्ष की चर्चा किये और कहा कि शिक्षक सभी रिटायर्ड नही होते हैं। किसी न किसी रूप में ये समाज में अपने ज्ञान को बांटने का काम करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख विक्टोरिया देवी पंचायत समिति रायमनी देवी संघ के अनिल महतो कमला देवी हेमसागर महतो शशधर सिंह मुंडाएरविन्द्र स्वांसी सहित संघ के सभी सदस्य मौजूद थे।

## चान्हो-मांडर में होली को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो/मांडर।** होली के त्यौहार को लेकर क्षेत्र में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। दोनों ही थाना क्षेत्र के प्रमुख गांवों में प्रशासन पूरी तरह से निगाह बनाए हुए है। चान्हो थाना प्रभारी अजीम अंसारी ने बताया कि कुछ कुछ गांवों में सिपाहियों की तैनाती की गई है। वे लोग क्षेत्र में निगाह बनाए रखेंगे। हुड़दंग करने वाले किसी भी असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही सोमवार को होली से एक दिन पूर्व फ्लैग मार्च भी पुलिस बल द्वारा निकाला जाएगा। वहीं मांडर थाना प्रभारी राहुल ने भी बताया कि उनके थाना क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से अपील भी की है कि शांतिपूर्ण तरीके से रंगों के इस त्यौहार का आनंद लें। वहीं दूसरी ओर रविवार की देर रात लगभग 11.30 बजे बरसों से चली आ रही विभिन्न गांव में होलिका दहन की परंपरा को लोगों ने बखूबी निभाया।

### एक नजर में

## मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने अवैध शराब किया नष्ट



**खलारी।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में रविवार को थाना क्षेत्र के हेसालौंग जंगल में अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बिक्री के लिए घर में रखे अवैध शराब और 80 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया। वहीं पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही अवैध शराब कारोबारी फरार हो गए। पुलिस ने अवैध शराब के धंधे में शामिल लोगों को अवैध शराब कारोबार बंद करने की हिदायत देते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस द्वारा इस कार्रवाई से थाना क्षेत्र में अवैध शराब के धंधेबाजों में हड़कंप देखा गया। अभियान में पुअनि राकेश कुमार एवं पुलिस के जवान शामिल थे।

## खलारी : 20 लीटर अवैध शराब जब्त

**खलारी।** आदर्श आचार संहिता लगने के बाद खलारी पुलिस चौकस में है। थाना क्षेत्र के विश्रामपुर पंचायत के करकट्टा से अवैध रूप से देशी शराब बना रहे जगहों पर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान खलारी इंस्पेक्टर विजय सिंह के निर्देशानुसार पर पुअनि देव कुमार दास व सअनि सहदेव महतो के नेतृत्व में छापामारी किया गया। छापामारी दल ने करकट्टा कॉलोनी के नजदीक से अवैध देशी शराब बना रहे जगहों से लगभग 20 लीटर महुआ का शराब जप्त किया गया। वही लगभग 70 किलो जावा नष्ट किया गया।

## धोरधोरा धाम में होली मिलन समारोह



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के ऐतिहासिक धोरधोरा धाम में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश, आजसू के कांके प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, भाजपा नेता सीताराम रवि मौजूद थे। मौके पर सांसद ने कहा कि होली आपसी प्रेम का त्योहार है। साथ ही उन्होंने कहा कि होली हमसबों को बुराइयों को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। मौके पर मोतीराम महतो रामप्रसाद महतो, राजू साहु, मोतीलाल महतो, अशोक सम्राट, मुखिया दशरथ उरांव, बलराम महतो, छतीश्वर महतो समेत अन्य मौजूद थे।

## विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो में बच्चों ने खेली होली

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र.छात्राओं ने शिक्षकों के साथ अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एनुअल एक्जाम का रिजल्ट भी वितरित किया गया। जहां मौके पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने सभी बच्चोंए शिक्षकों एवं अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दी और प्राकृतिक तरीके से होली मनाने का संदेश दिया।

## इटकी के सीएनआई चर्च में मना खजूर पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी के मुख्य सीएनआई चर्च व महुवा टोली स्थित एनडबल्यूजीईएल चर्च सहित आसपास के चर्चों में रविवार को खिजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मसीही धर्मावलंबियों ने खिजूर की डालियों के साथ शोभा यात्रा निकाला। वही प्रभु यीशु मसीह के यरूशलेम में प्रवेश को याद किया। इसके अलावा चर्चों में विशेष प्राथना सभा हुई। सीएनआई चर्च के मुख्य पादरी एन कंडूलना ने कहा की परमेश्वर का मुख्य संदेश आपसी प्रेम का है। प्रेम से संसार को सभी प्राणियों का दिल जीता जा सकता है। प्रेम ही परमेश्वर हैं। मौके पर पीटर मिंज, अनूप टोप्पो, निशित तिग्गा, नेहा, प्रशांत मिंज, रवि बेलस कुजूर, एकता तिग्गा, अनंता डडेल सहित अन्य शामिल थे।

# आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक है होली

### डीएवी स्कूल बेड़ो में होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार को भारी उत्साह और उल्लास के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक कैलाश कुमार की देखरेख में शिक्षकों और बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों ने होली गीत पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने सभी बच्चों एवं शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दी और बच्चों से कहा कि केमिकल युक्त रंगों का अधिक उपयोग से बचना चाहिएए क्योंकि केमिकल से त्वचा में इसका बुरा असर हो सकता है। उन्होंने पूरी सावधानी के साथ घरों में होली खेलने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि भारत में मनाये जाने वाले सभी त्योहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेमए एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। होली एक प्रमुख त्योहार है। होली आपसी प्रेम एवं एकता का प्रतीक है। होली हमें सभी मतभेदों को भुलाकर एक.दूसरे को गले लगाने की प्रेरणा प्रदान करती है। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं बल्कि हमारे धार्मिक संस्कृति का प्रमुख अंग है। हमें अपनी संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए। भारतवर्ष में विविधताओं के बीच एकता का प्रतीक पर्व और त्योहार विचारों के साथ हमें हमेशा तरोताजा रखती है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद थे।




होली मिलन समारोह में शामिल डीएवी पब्लिक स्कूल बेड़ो के विद्यार्थी और शिक्षकगण।

# पुलिस कप्तान की सक्रियता से बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ को बालूमाथ पुलिस ने किया जब्त

## अफीम के कारोबार में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से हो रहे अफीम के कारोबार पर नकेल कस कर कारोबार में शामिल दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को प्रेसवार्ता कर पुलिस कप्तान ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना अन्तर्गत ग्राम सेमरसोत में अवैध रूप से मादक द्रव्य अफीम, डोडा एवं गांजा इत्यादि का भण्डारण किया जा रहा है, एवं शीघ्र ही इसकी खरीद बिक्री की जानी है। उक्त आशय की सूचना का सनहा दर्ज करते हुए सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बालुमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुअनि विक्रांत कुमार


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी अंजनी अंजन।

उपाध्याय, थाना प्रभारी, बालूमाथ एवं अन्य को शामिल किया गया। उक्त छापामारी दल के द्वारा ग्राम सेमरसोत, थाना बालूमाथ के चौकीदार टोला स्थित इन्द्रदेव गंझू एवं ज्योतिष गझू के घर से कुल 46.5 किग्रा डोडा जिसका मूल्य एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर मूल्य 6,97,000 रू, 32 किग्रा गाजा जिसका मूल्य 16.25,000 रू एवं 4.200 किग्रा अफीम जिसका मूल्य 21,00.000 रु० के बराबर को जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 44 लाख 22 हजार मूल्य का मादक द्रव्य जप्त किया गया है, तथा अफीम के कारोबार में संलिप्त दो लोगों की गिरफ्तारी भी की गयी है। इस संदर्भ में बालूमाथ थाना काण्ड सं 38/2024 दिनांक 24.03.2024 धारा-17(सी)/18(बी)/20(ए)/20बी (८) ई/ 22 एनडीपीसी एक्ट दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी लातेहार पुलिस द्वारा मादक द्रव्यों के उत्पादन, भण्डारण, परिवहन एवं खरीद बिक्री पर रोक लगाने हेतु लगातार काम किए गए हैं। इस क्रम में इस वर्ष 2023-24 में लातेहार जिला में करीब 118 एकड़ अफीम की खेती का विनिष्टीकरण किया गया है। साथ ही आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के उपरान्त से अब तक लातेहार पुलिस द्वारा 17.120 किग्रा अफीम जिसका मूल्य 85.6 लाख रुपए, 42.405 किग्रा गांजा जिसका मूल्य 21 लाख 20 हजार 250 रुपए, 1690.5 किग्रा डोडा जिसका मूल्य 2 करोड़ 53 लाख 57 हजार 500 रुपए कुल मिलाकर लगभग 3 करोड़ 60 लाख 37 हजार 750 रुपए का मादक द्रव्य जप्त किया गया है।

साथ ही आदर्श आचार संहिता की घोषणा किये जाने के उपरांत लातेहार पुलिस द्वारा 04 देशी पिस्टल एवं 11 जिन्दा कारतुस भी बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कल दिनांक 23 03.2024 को मनिका थाना क्षेत्र में चेकनाका पर एक कार को 02 लाख 99 हजार 500 रुपए नकद के साथ इन्टरसेप्ट किया गया।

आगामी लोकसभा चुनाव में धनबल एवं बाहुबल के प्रयोग रोकने की दिशा में ये बरामदगियां अत्यंत महत्वपूर्ण है। लातेहार पुलिस आगे भी विशेष अभियान चलाकर इस प्रकार की कार्रवाई करती रहेगी ताकि भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम

गिरफ्तार अपराधियों में इंन्द्रदेव गंझू 29, पिता लादु गंझू और ज्योतिष गंझू 28 पिता महजिद गंझू दोनों बालुमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकीदार टोला के निवासी है।

### छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी

छापामारी दल में एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी विक्रान्त कुमार उपाध्याय, पुअनि बिकास कुमार, होसेन डांग, सअनि रामजी ठाकुर, संजय चौधरी, चंद्रशेखर दुबे एवं थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

---

स्पीड न्यूज

### होली को लेकर बाजार रहा गुलजार, जमकर बीके अबीर गुलाल व पटाखे


खरीदारी करते लोग।

**चंदवा।** शहर समेत ग्रामीण इलाकों में रविवार को होली को लेकर बाजार गुलजार नजर आया। दोपहर बाद चंदवा बाजार में भारी भीड़ देखने को मिली। रंग-गुलाल व पटाखों की दुकानों के साथ-साथ कपड़ा दुकान, खाद्य सामग्री की दुकान में भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली जहां लोगों ने अपने जरूरत के हिसाब से रंग गुलाल पटाखे व खाद्य सामग्री की खरीदारी किये। इधर होली के दौरान विधि व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद देखी गई व पुलिस की टीम लगातार बाजार में गश्त कर विधि व्यवस्था को नियंत्रित करते देखी गयी।

### सड़क दुर्घटना में लोको पायलट घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ चंदवा एनएच 22 मुख्य पथ पर शनिवार को मकईया ताड ग्राम के समीप शंभू कुमार 34 वर्ष सीताराम प्रसाद सिंह ग्राम नालंदा बिहार मोटरसाइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मकईया ताड पुलिस पिकेट के जवानों ने घायल अवस्था में शंभू कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया ।बताया जाता है कि शंभू कुमार बालूमाथ रेलवे का स्टाफ है और वह लोको पायलट के पद पर कार्यरत था। अपना ड्यूटी पूरा कर मोटरसाइकिल से चंदवा जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन द्वारा चकमा दिए जाने के कारण वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल लोको पायलट को रांची के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति चिंता जनक बनी हुई है।

### चंदवा में मसीही धर्मावलंबियों ने मनाया खजूर रविवार पर्व

**चंदवा।** चंदवा पल्ली में रविवार को मसीही धर्मावलंबियों के द्वारा खजूर रविवार पर्व मनाया गया। इस मौके पर संत अन्ना कान्वेंट से खजूर पर्व की शोभायात्रा निकाली गई। जो कैथोलिक आश्रम गिरजाघर जाकर समाप्त हुई। यहां फादर अल्फोंस की अगुवाई में पवित्र मिस्सा की गई। मिस्सा अनुष्ठान में फादर वासिल डुंगडुंग, फादर जोसेफ पंतलाड़ी, फादर एमानुएल केरकेट्टा ने पल्ली पुरोहित को सहयोग दिया। वहीं फादर जिसेफ एक्का की अगुवाई को कोयल दल गाना संचालन कर रहा था। इसके साथ ही पुण्य कल शुरू हो गया जो गुड फ्राइडे एवं ईस्टर संडे (पास्का) पर्व के बाद समाप्त होगा। शोभायात्रा और मिस्सा अनुष्ठान में उपस्थित मसीही समुदाय के लोगों को बताया गया कि इसी दिन से पूनिया काल एवं प्रभु यीशु खीस्त का दुख भोग शुरू हुआ था। जो ईस्टर पर्व के साथ समाप्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक सभा के सुमन सुनील सोरेन, स्टेफन मिंज, विनय खलखो, कुलदीप लकड़ा, राजेश लकड़ा, राजेश लकड़ा, जगदीश एक्का, अब्राहम कोंगड़ी, फिलिप बागे समेत महिला संघ, संत अन्ना कॉन्वेंट की सिस्टर ने अहम योगदान दिया।

### आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए त्योहार: अजय सोनी


होली मिलन समारोह में उपस्थित भाजपाई।

**बरवाडीह।** छिपादोहर मण्डल में भाजपा कार्यकताओं ने सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह में भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता के साथ स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि समेत सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी। जहां अजय सोनी ने आमजनों से शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासनिक गाइडलाइन का पालन करते हुए होली मनाने की अपील की। उन्होंने छिपादोहर वासियों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है, इसे हम सब एक दूसरे के साथ मिल जुलकर मनाते आए है। होली मिलन समारोह में भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, शेषनाथ प्रसाद, मनोज राम, जयप्रकाश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, दीपक कुमार, अशोक ठाकुर, मनोज राम, आकाश ठाकुर और कमलेश कुमार समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

---

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस जिला कार्यालय में किया प्रेस वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस जिला कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के द्वारा उन्होंने कहा कि इलेक्टोरेल बांड (चुनावी चंदा) के नाम पर भाजपा वसूली रैकेट चला रही है। ईडी, सीबीआई, आयकर के माध्यम से 94 कंपनियों को निशाना बनाया गया। जिसमें शीर्ष 30 दानदाताओं में से 14 से करोड़ो रुपये चुनावी चंदा लेने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि 37 कंपनियों को चार लाख करोड़ रुपए के 273 परियोजना सौंपी गई है। जिसमें 10 प्रतिशत के हिसाब से चार हजार करोड़ रुपए के चंदा के रूप में वसूली की गई है। वहीं ईडी, सीबीआई, आयकर का उपयोग कर कई कंपनियों में छापा मारी गई। इसके बाद उनसे इलेक्टोरेल बांड खरीदा। उस पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आगे कहा है कि देश के सात दवा कंपनी खराब गुणवत्ता वाली दवाई बना रही थी। जिसकी जांच शुरू हुई। कंपनी जब इलेक्टोरेल बांड खरीदा तो उस पर कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे साफ है कि यह चुनावी बांड के नाम पर भाजपा चंदा वसूली कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि जनता द्वारा जुटाए गए कांग्रेस के खाता में 285 करोड़ है। जिसे भारत सरकार ने फ्रिज कर दिया है। जिस कारण चुनाव में प्रचार प्रसार आदि करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने इस मामले पर देश के सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, गोपाल त्रिपाठी, लक्ष्मण गंझू, बुद्धि नारायण, शंभू यादव, शोएब, छोटू दुबे, महेंद्र प्रसाद, राजू नायक, उपेंद्र पासवान, बल्केश्वर उरांव उर्फ बड़ा विकास समेत कई लोग उपस्थित थे।


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते केएन त्रिपाठी।

---

एक नजर में

### चंदवा के होटल में प्रेमी जोड़ों को रूम देने का आरोप, लोगों ने काटा बवाल

▶▶ होटल से प्रेमी जोड़ा मिलने के बाद हरकत में आई प्रशासन, मामला कराया शांत

**चंदवा।** चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित एक होटल में नव युवक जोड़ों को रूम देने को लेकर रविवार की दोपहर लोगों ने जमकर बवाल किया। बवाल इतना बढ़ा की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम होटल पहुंची और पूरे मामले की जांच की। जांच के क्रम में होटल से युगल को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर लडकी ने अपना पता बालूमाथ वहीं लड़का ने अपना पता भंडारा लोहरदगा बताया। रूम लेने के लिए दोनों अपने आप को पति-पत्नी बताया था। लेकिन दोनों पति-पत्नी नहीं थे। जिसको लेकर लोगो ने होटल संचालक को खरी खोटी सुनाई व प्रशासन के कार्रवाई की मांग की। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि चंदवा के कई होटलों में बिना जांच पड़ताल के ही नवयुवक जोड़ों को रूम दे दिया जा रहा है। जिसका असर शहर पर पड़ रहा है एवं माहौल भी खराब हो रहा है। प्रशासन को इसके विरुद्ध सख्ती से कदम उठाते हुए कार्रवाई करनी चाहिए ताकि होटल संचालक ऐसा करने से बाज आएं। हो हंगामे के बीच समाज के प्रबुद्ध जन भी मौके पर पहुंचे व युगल जोड़ी को ले जाया गए जहां दोनो के परिजनों को बुलाया गया था।

### कुम्हार महासंघ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन


समारोह में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बरछिया ग्राम निवासी जतन प्रजापति के आवास में प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति की अध्यक्षता मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में भीम प्रजापति ने कहा कि होली मे भाईचारगी और सद्भावना का परिचय देने के लिए होली मिलन का समारोह का आयोजन किया गया साथ ही कहा की आप सभी अपने-अपने गांव मुहल्ले में शांति पूर्ण तरीके से होली मनाएँ, कार्यक्रम में बिखरे हुए समाज को बंधुत्व में बांधने के लिए होली के गीत संगीत का भी आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित सोनू प्रजापति ने कहा कि किसी भी तरह का कोई विवाद ना कर समाज में भाईचारगी का मिसाल पेश करना ही त्यौहार का मूल उद्देश्य है। इसलिए बिखरे और टूटे हुए समाज को होली में जोड़ने की आवश्यकता है। मौके पर सुरेश प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, पुनेश्वर प्रजापति, रणधीर प्रजापति, राकेश प्रजापति,तुलसी प्रजापति, रमेश प्रजापति, पप्पू प्रजापति, डॉक्टर अर्जुन प्रजापति, कामेश्वर प्रजापति डॉ संतोष प्रजापति डॉक्टर नित्यानंद प्रजापति, रोहित प्रजापति, गोपाल प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, मनोज प्रजापति ,निर्मल प्रजापति, जतन प्रजापति, अजय प्रजापति, अनिल प्रजापति, रूपेश प्रजापति सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

---

## शहर में होली को लेकर रंग-बिरंगे अबीर गुलाल व रंगों से सजी बाजार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** होली का त्योहार पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि इस त्योहार की शुरूआत कहां और कैसे से हुई? होली एक हिंदू त्योहार है जो प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है। होली का त्योहार वसंत ऋतु का स्वागत करने के एक तरीके के रूप में मनाया जाता है, और इसे एक नई शुरूआत के रूप में भी देखा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि होली उत्सव के दौरान लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर आनंद लेते हैं। त्योहार के पहले दिन, प्रतीकात्मक रूप से सभी बुराइयों को जलाने और एक रंगीन और नए भविष्य की शुरूआत करने के लिए होलिका दहन किया जाता है। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक है होली का त्योहार। भगवान विष्णु के प्रति प्रहलाद की अटूट भक्ति के कारण उसके पिता को क्रोध आया, जिसके कारण होलिका ने एक विश्वासघाती योजना बनाई। हालांकि, दैवीय हस्तक्षेप ने बुराई को विफल कर दिया, जिससे होलिका दहन की शुरूआत हुई। इसी के साथ जिला मे बड़ी दुकानों के साथ फुटपाथों पर अबीर गुलाव व रंग की दुकानें सजी हैं। जहां विभिन्न प्रकार के सिन्थेटिक व हर्बल रंगों की बिक्री हो रही है। रंग की दुकानों पर मिसाइल पिचकारी, छोटा भीम पिचकारी, टैंक गन, बैग पिचकारी, कलर बम, मैजिक बैलून, गुलाल वाला सिलिण्डर सजे हैं। बाजार में 20 रुपए से शुरू करके 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की पिचकारी बेची जा रही है। कार्टून वाली पिचकारी बच्चों की पहली पसंद बन रही है। दुकानों पर विभिन्न प्रकार के मुखौटे, कैप व पगड़ी भी बच्चे खुशी से खरीद रहे हैं। इसी प्रकार मलिंगा टोपी, कैप भी बच्चे काफी पसंद कर रहे हैं। इस बार बाजारों में विभिन्न प्रकार के फूलों की महक वाली अबीर की काफी बिक्री हो रही है। लाल, हरे, पीले, काले रंगों की बिक्री हो ब्राण्डेड कम्पनियों की गुलाल लगभग 200 रुपए से लेकर 500 रुपए प्रति किलो बिक रही है। बता दे की हर साल होली फागुन माह के पूर्णिमा के दिन होलिका दहन के साथ शुरू हो जाती है। अगले दिन चैत्र प्रतिपदा को खेली जाती है रंगों एवं अबीर गुलाल की होली। सभी के घरों में होली के शुभ अवसर पर भिन्न-भिन्न प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं।

### होली की खरीदारी को लेकर बाजार में रही भीड़



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में होली के अवसर पर रविवार को दुकानों में काफी भीड़ भाड़ रहा। सुबह से ही रंग, गुलाल, पिचकारी, पटाखा के दुकान में लोगों की भीड़ रही। इस बीच दुकानदारों द्वारा कई नेता के मुखौटा बेचे जा रहे थे जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अरबिंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन समेत कई नेता के मुखोटा की खूब बिक्री हुई। वही कपड़ों एवं जूते चप्पल की दुकान में भी लोग अपने-अपने परिवार के साथ पूरे दिन खरीदारी करने में व्यस्त रहे। ईधर होली पर्व को लेकर सड़कों में चलने वाले माल वाहक वाहन की संख्या कम देखी गई। बालूमाथ पुलिस प्रशासन मुसटैद नजर आया कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। वही अंग्रेजी शराब की दुकान में भी काफी भीड़ देखा गया।

### राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ ने किया होली मिलन समारोह

संघ के जिलाध्यक्ष शीतल साहू ने मजदूरों को अबीर-गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं


होली मनाते लोग।

**चंदवा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के द्वारा रविवार को चंदवा के प्रखण्ड कार्यालय के समीप व बालूमाथ के जोगियाडीह स्थित संघ के कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष शीतल साहू व अन्य लोगो ने विभिन्न क्षेत्रों से जुटे सैकड़ो की संख्या में मजदूरों को मिठाई खिलाकर व अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संघ के द्वारा पत्रकारों को भी अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष शीतल साहू ने कहा कि रंगों का त्योहार होली समाज को एकजुट करने का काम करती है। हम सभी को क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। मौके पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के राजेंद्र उरांव, मुकेश कुमार यादव, नीलम देवी, गंदरू भगत, धनराज यादव, जया देवी, ललिता देवी, आरती देवी, शिवचरण उरांव, पुरुषोत्तम यादव, मनीषा देवी, चिंता देवी, सोनिया कुमारी, सुशीला देवी, शीला देवी, मालती देवी, देवन्ति कुमारी समेत काफी संख्या मजदूर मौजूद थे।

---

## शिक्षा के स्तर को बेहतर करने, स्कूली बच्चों को अच्छी सुविधाएं देने के सरकारी दावे हवा हवाई

### भवनों को सुधारने की दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है विभाग

दीपक राज

**बरवाडीह।** सिस्टम की नाकामी और जिला प्रशासन की अनदेखी के कारण बरवाडीह प्रखण्ड में आधे दर्जन से अधिक जर्जर हो चुके विद्यालय भवन में बच्चों के भविष्य को संवारा जा रहा है। सरकार द्वारा शिक्षा के स्तर को बेहतर करने, स्कूली बच्चों को अच्छी सुविधाएं, अच्छी बिल्डिंग और स्कूल में अच्छा माहौल देने के तो तमाम दावे किए जाते हैं, लेकिन लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड में हकीकत इससे उलट है। इन जर्जर स्कूलों की जानकारी होने के बाद भी शिक्षा विभाग की ओर से नए भवन के निर्माण या जर्जर भवनों के सुधार की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। आज हम आपको जानकारी दे रहे है, बरवाडीह प्रखण्ड के केड़ पंचायत अंतर्गत स्थित राजकीय उत्कर्मित मध्य विद्यालय रबदी की। जहां जर्जर भवनों के कारण बच्चों की जान आफत में है। विद्यालय के जर्जर होने की जानकारी संबधित अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों को भी है, लेकिन वे कुछ करना नहीं चाह रहें है। इसके कारण छात्र, अभिभावक और ग्रामीणों में नाराजगी है। विद्यालय का भवन जर्जर होने की वजह से विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छत की प्लास्टर गिर रही है। बारिश के मौसम में कुछ कमरों की छतों से पानी टपकता है। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा भवनों को सुधारने को दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है। बरवाडीह प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश स्कूल पिछले 5 से अधिक वर्षों से जर्जर स्थिति में है। लेकिन अब तक उन अबकी स्थिति जस की तस है। हकीकत है कि स्कूल भवन को ठीक नहीं किया जाता है, केवल ठीक करने की औपचारिकता ही निभाई जाती है। इन सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के नाम पर मासूमों की जिंदगी पर संकट मंडरा रहा है, लेकिन शिक्षा विभाग नींद की आगोश में है। लिहाजा समय रहते अगर शासन ने इन जर्जर भवनों के नवनिर्माण कराने पर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में बड़ी घटना हो सकती है, जिसका खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ेगा। रबदी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार से भवन की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कई बार अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर इसकी जानकारी दी गई है।



राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रबदी।

---

### करमा गांव मे भाईचारे का मिसाल देकर ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का लिया निर्णय


मौके पर मौजूद लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के फुलसू पंचायत अंतर्गत करमा गांव के मंदिर परिसर में योगेंद्र गंझू की अध्यक्षता में होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से भाईचारे का मिसाल पेश करते हुए होली मनाने का सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया। अध्यक्षता कर रहे योगेंद्र गँझू ने कहा की पूर्वज से लगातार हम लोगों के गांव में होली शांतिपूर्ण और भाईचारगी के साथ के साथ मनाया जा रहा है। आज तक इस गांव में किसी भी तरह का कोई विवाद लड़ाई झगड़ा नहीं हुआ है। पुराने पूर्वजों छोड़े गए मिसाल को बरकरार रखने के लिए हम लोग सभी शांतिपूर्ण वातावरण के साथ होली त्यौहार को मनाएंगे। साथ ही कहा कि किसी भी तरह का विवादित कार्य न करें। त्योहार को त्योहार के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष अशोक गंझू, संजीत कुमार सिंह, रामु भोगता, सूरज रामलाल, देवकी, मनोज, वीरेंद्र केसरी, संदीप गँझू, अजय तुरी, जगरनाथ, बिशुन, बैजनाथ, शिवनाथ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### होली पर्व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने का अपील

**बारियातू।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम व थाना प्रभारी राजा दिलावर ने रविवार को प्रखंड वासीयों से होली पर्व शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने का अपील किया। उन्होने सभी राजनीतिक दलों व जनप्रतिनिधियों, के साथ साथ सभी धर्मावलंबियों से कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है आप सभी आपसी भाईचारा बनाकर त्योहार को मनाएं। त्योहार मे किसी भी तरह का किसी पर कोई संदेह हो तो आप तूरंत प्रशासन को सूचना दे। कानुन को हाथ मे न ले।

स्पीड न्यूज

### चौक-चौराहो व गलियों में गंदगी जमा होने से लोग परेशान

**चैनपुर।** देश में चहुंओर स्वच्छ भारत मिशन का डंका पीटा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में स्वच्छता का नामोनिशान देखने को नहीं मिल रहा है। प्रखंड के रोड हो या पीपल चौक, बस स्टैंड हो या अल्बर्ट एक्का चौक आप कहीं भी घूम कर देख सकते हैं की नालियों में कचरे के साथ-साथ जल जमाव हो चुका है। नालियां बजबजा रही है। जिसे दुर्गंध आ रही है। जिसे बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। जिससे आमजन परेशान हैं। आप बिना नाक बंद किये चैनपुर में घूम ही नहीं सकते जगह-जगह कचरे का अंबार नालियों से बाहर बहते गंदे पानी बीमारी की ओर दो कदम अग्रसर कर रहा है। विडंबना तो यह है कि न शासन प्रसासन को इसकी चिंता है और न ही किसी जान प्रतिनिधि को इससे कोई मतलब।

### भाकपा जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**गुमला।** भाकपा जिला कमेटी की बैठक रविवार को कॉमरेड बुधु टोप्पो की अध्यक्षता में बसंत गोप के आवास में हुई। बैठक को जिला सचिव महेंद्र उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि लोहरदगा लोक सभा चुनाव में पार्टी अपना प्रत्याशी उतारेगी। लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र में आज तक बुनियादी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में बहाल नहीं हो पायी है। आजादी के बाद कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतकर केवल जनता को धोखा देने का काम किये हैं। आज भी गुमला जैसा पिछड़ा क्षेत्र जहां रोजगार का अभाव है आदिवासी समाज पलायन करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के सांसद व विधायक विकास के प्रति हमेशा से उदासीन रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि मानव ट्रेफिकिंग के मामले में भी गुमला जिला काफी आगे हैं। यहां से युवतियों को बरगलाकर बाहर भेजा जाता है। जिसे उनका जीवन अंधकारमय हो जाता है। बैठक में महेंद्र उरांव, बसंत गोप, बुधु टोप्पो, इंदु कुमारी एक्का, पवन बेसरा, एतवा प्रधान, विनोद खलखो, मोहन लाल उरांव आदि उपस्थित थे।

### झानद नेताओं ने अनाथ बच्चों के संग मनाया होली

**घाघरा।** झारखंड नवनिर्माण दल घाघरा इकाई के द्वारा रविवारा को नेताजी मेमोरियल अनाथालय आवासीय विद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जहां अनाथ बच्चों के संग झानद सदस्यों ने होली पर्व मनाया । वहीं बच्चों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। इससे पूर्व विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय प्रेम प्रकाश कुमार के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा की बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली पर्व। अनाथ बच्चों के संग होली का त्यौहार मना कर हमें वाकई खुशी हो रही है। इस तरह का जगह में आकर खुशहाल देश और शोषण विहीन समाज निर्माण का हमारा जो संकल्प है निसंदेह और मजबूत होगा।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा शनिवार रात्रि लायंस भवन के प्रांगण में होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमजनों को होली सादगी से मनाने हेतु प्रेरणा देने का प्रयास किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने कहा कि होली रंग उत्सव का त्योहार है। ` होली आपसी प्रेम सदभावना एवं आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। परिवार व समाज को जोड़ने में होली जैसे पर्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। इस पर्व को बुराई पर अच्छाई के जीत के रूप में मनाया जाता है। होली उन त्योहारों में से एक है जो सभी धार्मिक भेदभाव को भूलकर खेला जाता है। यह त्योहार भाईचारे और समानता के संदेश को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में गीत व संगीत का बौछार हुआ। मौके पर अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष गुलाबचंद प्रसाद, राज कुमारी विश्वकर्मा आदि उपस्थित थी।

# लोकतंत्र के लिए केंद्र की मोदी सरकार बनी घातक: बंधु तिर्की

## कांग्रेस का बैंक एकाउंट फ्रीज किये जाने को लेकर भाजपा पर बंधु तिर्की ने प्रेस कान्फ्रेंस कर किया हमला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि देश के लोकतंत्र के लिए केंद्र की मोदी सरकार काफी घातक बन चुकी है। देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने चुनाव के तारिखों की घोषण कर दी है।

विपक्षी दल इंडिया ग्साठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही थी। लेकिन केंद्र की सरकार ने केंद्रीय एजेंसी का गलत तरीके से उपयोग कर कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फ्रीज करा दिया जो लोकतंत्र पर कुठाराघात है। श्री तिर्की रविवार को लोहरदगा रोड स्थित आर के हाईट भवन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि जब मामला 2017-18 का है तो केंद्र की सरकार उस समय कार्रवाई करती।




प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल बंधु तिर्की व कांग्रेस जिलाध्यक्ष

ठीक लोकसभा चुनाव से पहले ऐसा कृत्य कर केंद्र की सरकार ने अमर्यादित काम किया है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ने में जरूर परेशानी होगी लेकिन कांग्रेस पार्टी जनता के बलबूते 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लोकतंत्र में खतरा भी मंडरा रहा है। उन्होंने लोहरदगा लोक सभा सीट से महागठबंधन में कांग्रेस या फिर झामुमो पार्टी चुनाव लडेगी पूछे जाने पर कहा कि वे लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जीताने का हर संभव प्रयास करेंगे चाहे उम्मीदवार झामुमो या फिर कांग्रेस की होगी।

उन्होंने सीतार सोरेन मामले में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, रामनिवास प्रसाद, तरूण गोप, फिरोज आलम, मो. मुख्तार आलम, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## सात दिवसीय मधुमक्खी पालन शिविर संपन्न

# मधुमक्खी पालन समेकित कृषि प्रणाली का एक घटक है: एके सिंह



समापन समारोह को संबोधित करते डॉ. संजय कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर के द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहर मिशन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। कार्यक्रम में शामिल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी प्रमुख डॉक्टर एके सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमक्खी पालन समेकित कृषि प्रणाली का एक घटक है। जिसके लिए बागवानी फसलों का होना काफी महत्वपूर्ण है। जिसके कारण मधु के उत्पादन एवं उत्पादकता में अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि हमें जल जंगल जमीन के संरक्षण की आवश्यकता है। जिससे हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिल सकेगी। समापन सत्र के दौरान विकास भारती के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत ने किसानों को मधुपालन के लिए गुमला जिला काफी उपयुक्त है। हम जंगल में पाए जाने वाले विभिन्न पौधों से अनेक प्रकार मधु एकत्र कर अपनी आमदनी को दुगनी कर सकते हैं। डॉक्टर संजय कुमार वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने कहा कि मधुमक्खी पालन के लिए केवल तकनीकी जानकारी के माध्यम से हम मधुमक्खी पालन को आसानी से कर सकते हैं। मधुमक्खी पालन से जहां फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होती है। वहीं जैव विविधता के लिए काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन किसानों के लिए काफी लाभकारी है क्योंकि यहां पर पर्याप्त मात्रा में उपस्थित करंज मूंनगा सरगुजा के साथ-साथ जंगली तुलसी मिलते हैं।

# होली का पर्व आपसी एकता को प्रगाढ़ व मजबूत बनाता है: शिव

## जमकर उड़े अबीर गुलाल, लगा अबकी बार चार सौ पार का नारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** जिला भाजपा के द्वारा रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव सहित पार्टी के सभी मंडल, मोर्चा व जिला कार्यसमिति के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अबकी बार चार सौ पार, अबकी बार फिर नरेंद्र मोदी सरकार के नारे लगाये गये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु ने कहा कि होली का पर्व आपसी एकता को प्रगाढ़ व मजबूत बनाता है। होली पर्व पर भाजपाईयों को पार्टी के संकल्प अब बार चार सौ पार को पूरा करने का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि होली के सात रंगों में सुख, समृद्धि व उल्लास का संकेत हमें देता है। पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि होली उमंगों का त्योहार है। जिसे आपसी भाईचारे के साथ मनाना है। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर हमें यह संकल्प लेने की जरूरत है कि केंद्र की मोदी सरकार को हम क्षेत्र से पूर्ण मजबूती प्रदान करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि होली पर्व हम चार जून के बाद धूमधाम से मनाएंगे जब केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि होली पर्व हमें एकता के सूत्र में बांधती है। वहीं कार्यक्रम में शंभू शरण सहित कई कलाकारों ने फगुवा गीतों पर भाजपा नेताओं को झूमाया। कार्यक्रम में शामिल भाजपाईयों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सह भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, जिला मंत्री मिशिर कुजूर, भूपन साहु, निर्मल गोयल, बिनोद कुमार, कौशलेंद्र जमुवार, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, यशवंत कुमार सिंह, विनय कुमार लाल, सत्यानारायण पटेल, दामोदर कसेरा, बालकेश्वर सिंह, मंगल सिंह भोगता, लक्ष्मी नारायण यादव, भोला चौधरी, संदीप प्रसाद, विकास सिंह, हरिहर साहु, गोपाल कुमार, अशोक उरांव, शिवदयाल गोप, संजय कुमार साहु, कुणाल शर्मा, जिप सदस्य सतवंती देवी गौरी किंडो, पायल तिवारी, रामेश्वरी उरांव, सोनामनी उरांव, ज्योति कुमारी, प्रतिमा देवी आदि उपस्थित थे।



लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव को गुलाल लगाते भाजपाई



होली मिलन समारोह में शामिल भाजपा नेता व कार्यकर्ता

## कुम्हार प्रजापति न्यास ट्रस्ट का होली मिलन समारोह संपन्न

# शिक्षा के माध्यम से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है: श्रवण कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कुम्हार प्रजापति न्यास ट्रस्ट के तत्वाधाशिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहान में रविवार को स्थानीय पुराना नगर भवन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर एवं भव्य मनमोहक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंड से कुम्हार सदस्य उपस्थित हुए। होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सेलटैक्स ऑफिसर श्रवण कुमार उपस्थित थे।



मंचाशिन अतिथि

### शांति समिति की बैठक संपन्न

**चैनपुर।** होली पर्व को लेकर रविवार को चैनपुर थाना में शांति समिति की बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित लकड़ा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें बीडीओ यादव बैठा, सर्किल इंस्पेक्टर मो. शमीम, थाना प्रभारी अजय यादव, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, स्थानीय मुखिया शोभा देवी शामिल हुई। बैठक में चैनपुर में होली का पर्व आपसी सदभाव और भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर लोगों ने कहा सहयोगवंश होली, रमजान, ईसाइयो के पवित्र चालीसा चल रहा है।

# खाते फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है: अरुण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा द्वारा कांग्रेस के आरोपों पर होटल नॉवेल्टी में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जहां भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अरुण उराँव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के अपने घोटाले पकड़े जाने पर केंद्र सरकार भाजपा एवं आयकर विभाग को कटघरे में खड़ा करके झूठी बातें कर रही है लेकिन न्यायालय में अपने बचाव के लिए दलील पेश नहीं कर पाती है। जबकि आयकर विभाग ने डिफाल्टर होने के कारण कांग्रेस की बकाया टैक्स राशि 115 करोड़ रुपए के प्रयोग पर रोक लगाई है ना कि बैंक अकाउंट को फ्रिज किया है। और अपनी गलतियों बताने की बजाय अपने खाते फ्रीज होने की तुलना लोकतंत्र की हत्या से करना देश का अपमान है। जबकि कांग्रेस ने 180000 करोड़ रूपया का कोयला 176000 करोड़ का 2जी स्पेक्ट्रम 3600 करोड़ का हेलीकॉप्टर 70000 करोड़ का कॉमनवेल्थ गेम्स और 5000 करोड़ का नेशनल हेराल्ड घोटाला किया है। वहीं राहुल गांधी स्वयं चार्टर प्लेन में घूम रहे हैं मगर कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास ट्रेन में आने जाने का भी पैसा नहीं है सारे प्रावधानों की जानकारी होने के बावजूद कांग्रेस ने 14 लाख नगद चंदा लिया है और 105 करोड़ का टैक्स बकाया होने के बावजूद मात्र 2.5 करोड़ ही जमा कराया। कांग्रेस ने उस समय कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की कि हमारे साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि कांग्रेस इस बात से सहमत थी कि 105 करोड रुपए का आयकर वैध है। आयकर मामले में हर न्यायालय और ट्रिब्यूनल का दरवाजा खटखटा है लेकिन उन्हें हर जगह मुंह की खानी पड़ी है कांग्रेस के कई खाते संचालित हैं और कांग्रेस के पास एक से अधिक पैन कार्ड भी हैं एक से अधिक पैन कार्ड होना स्वयं कांग्रेस के संविधान के विरुद्ध है। भारत के हर नागरिक और संस्था को भी आयकर नियम मानने होंगे और फिर राहुल गांधी और सोनिया गांधी ही खुद को संविधान से ऊपर क्यों समझते हैं। कांग्रेस जब तक टैक्स की पूरी राशि नहीं जमा की जाएगी ब्याज की राशि बढ़ती रहेगी और यह राशि 135 करोड़ से बढ़कर 140 करोड़ भी हो सकती है कांग्रेस के इस मामले को वसूल की जाने वाली राशि पर रोक के लिए पहले कमिश्नर अपीलेट में अपील की जहां नोटिस पर रोक लगाने की अर्जी को खारिज कर दिया गया इसके बाद कांग्रेस आयकर अपीलेट ट्रिब्यूनल और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय पहुंची दोनों ही जगह पर कांग्रेस को फटकार मिली और नोटिस पर रोक लगाने से मना कर दिया दिल्ली उच्च न्यायालय ने न सिर्फ आदेश को सही ठहराया, बल्कि आयकर विभाग पर नोटिस देने से रोकने के लिए मांग को खारिज कर दिया। इसके बाद 13 फरवरी 2024 आयकर विभाग रूटिंग नोटिस देखकर तीन-चार बैंक खातोऔ को अटैच कर दिया इसके बावजूद कांग्रेस के कई बैंक खाता संचालित हैं । कांग्रेस के बैंक खाते में 1000 करोड रुपए की राशि और 500 करोड रुपए के अचल संपत्ति अभी भी है। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ,जिला मंत्री अनिल उराँव, ओबीसी मोर्चा गढ़वा प्रभारी, अजय पंकज ,जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस उपस्थित थे।



पत्रकारों से बात करते अरुण उरांव

## खबर एक नजर में

### यीशु मसीह जगत का उद्धारकर्ता है: रिझरेन

**लोहरदगा।** एन डब्ल्यू जी ई एल चर्च लोहरदगा में खजूर पर्व (पलमारूम) की विशेष आराधना आयोजित की गई। सर्वप्रथम मसीही विश्वासियों ने खजूर की डाली लिए हुए लूथरन मैदान से प्रोशेसन के साथ आरंभ हुआ। विशेष खजूर पर्व की आराधना-पादरी रिझरेन कुजूर एवं कैंडिडेट सुकृता टोप्पो के द्वारा संचालन किया गया। इस मौके पर मुख्य उद्देश्यक पादरी रिझरेन कुजुर के द्वारा खजूर पर्व (पलमारूम) की उन्होंने जीवते परमेश्वर के वचन 'यीशु मसीह हमारा राजा है, हम जीवते परमेश्वर की प्रजा हैं। आज हम सभी को यीशु मसीह को अपना उद्धार करता के रूप में अपने हृदय में अंगीकार करने की जरूरत है। पवित्र शास्त्र बाइबल के यशायाह 45 अध्याय के आधार पर उन्हें अपना प्रवचन दिया जिस पर मुख्य रूप से यीशु मसीह को अपने जीवन में एक राजा के रूप में ग्रहण करने की बात पर प्रकाश डाला। यह खजूर पर्व की याद में सभी विश्वासी गण अपने हाथों में खजूर की डालियां लेकर आराधना में आते हैं और उस दिन को याद करते हैं जब यीशु मसीह इस धरती पर थे तो लोगों ने यीशु मसीह को राजा के रूप में यरूशलेम में स्वागत किया गया था।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 93 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 38 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि मानव का सेवा करना ही हम सभी का पहला कर्तव्य है और हम सभी एक दूसरे के पूरक है,जिससे कि समय-समय पर एक दूसरे का सहयोग कर कई परेशानियों को दूर कर सकते हैं। डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए और होली में केमिकल युक्त रंग का प्रयोग ना करें, इससे शरीर पर कई बीमारियां उत्पन्न हो सकती है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार लोग अनियंत्रित होकर गिरे, दो की मौत

**गुमला।** गुमला लातेहार के बॉर्डर पर स्थित चोरमुंडा गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार लोग अनियंत्रित होकर गिर पड़े। इस हादसे में बाइक सवार काठुपानी गुमला निवासी निंदू पवन बेक और केश्वर मुंडा की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार निंदू पवन बेग की पत्नी उसेर्ला बेक और दो माह का बच्चा बच गये। हालांकि पत्नी को गंभीर चोट पहुंची है। जिसका इलाज सदर अस्पताल गुमला में चल रहा है। शनिवार की शाम दोनों युवकों का शव पैतृक गांव काठूपानी पहुंचा। जहां सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण और परिजनों ने नम आंखों से दोनों को अंतिम विदाई दी। बताया जाता है कि सभी बाइक में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शाम यह हादसा हुआ। तत्काल दोनों युवकों को महुआडांड लातेहार ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### होली सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देता है : ज्योति

**गुमला।** मिशन बदलाव नगर इकाई गुमला के द्वारा रविवार को सामाजिक सौहार्द्र और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव का पर्व होली को लेकर स्थानीय इनडोर स्टेडियम पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ परम्परागत रीति रिवाजों के अनुसार गीतों को गाकर किया गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए मिशन बदलाव नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्योहार है। पौराणिक कथा के अनुसार भक्त प्रहलाद की हत्या के नियत अपनी बहन होलिका की चिता पर प्रहलाद को बैठाया। लेकिन भगवान नारायण की कृपा से होलिका ही जल गई और भक्त प्रह्लाद बच गए। नगर अध्यक्ष बिनय गोप ने कहा कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है। हमें रंगों के इस पर्व को मिल-जुलकर मनाना चाहिए और परस्पर प्रेम एवं सदभावना का परिचय देना चाहिए। होली में दुश्मन भी दोस्त बन जाते हैं। मिलन समारोह में मिशन बदलाव के बिनोद साहू, अनंत कुमार, शाजहाँ आलम एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पड़हा डोल जतरा की तैयारी को लेकर सासो के ग्रामीणों ने की बैठक

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के सासो सरजामा गांव में होने वाले पड़हा डोल जतरा की तैयारी को लेकर सासो सरजामा स्कूल प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पहान कमेक्षा मुंडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 मार्च को धूम धाम से पारंपरिक पड़हा डोल जतरा का आयोजन किया जाएगा। उक्त दिन कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक वेशभूषा में होकर पूजा की जाएगी।साथ ही मेला का आयोजन भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में गांव के लोगों को अधिक से अधिक को शामिल होने का बात भी कही गई।मौके पर परमेश्वर उरांव,अनिल उरांव,सुरेंद्र उरांव,एतवा उराव,बिरसई उरांव,लाखो उरांव,चमरू उरांव,धर्मेंद्र उरांव,सहित कई लोग उपस्थित थे

### भंडरा पुलिस ने चलाया अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान

**भंडरा।** पुलिस अधीक्षक एव चुनाव आयोग के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 का कुशल आयोजन करने के लिए आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं ।जिसके तहत बीती देर रात भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रखंड के अलग-अलग स्थानों में छापेमारी की गई है।जिसमे प्रखंड के मसमानों ,उदरंगी में छापेमारी अभियान चलाते हुए दो महिलाओं के खिलाफ भंडरा थाने में कांड संख्या 14/24 धारा 290 भादवि 47(अ) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में पुलिस ने 30 लीटर अवैध देशी महुवा शराब भी बरामद किया गया है ।जबकि 45 लीटर जावा महुवा को पुलिस ने नष्ट किया है। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्योहार के मौके पर विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर यह अभियान चलाया है. जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उन्होंने बताया कि मसमानो व उदरंगी में पुलिस द्वारा अवैध शराब जप्त कर काफी मात्रा में देशी शराब को नष्ट किया ।पुलिस आरोपी दोनो महिलाओं की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानों पर छापेमारी भी कर रही है।

### श्री राम समिति के भंडरा प्रखंड अध्यक्ष बने सूरज ठाकुर

**भंडरा।** श्री राम समिति का भंडरा प्रखंड समिति के गठन हेतु एक बैठक निरंजन कुमार की अध्यक्षता में अखिलेश्वर धाम परिसर में हुई इस बैठक में जिला संरक्षक अजय सोनी नगर अध्यक्ष दीपक कुमार नगर महामंत्री सुनील पटनायक बबलू पंडा अमरेश रथे व ओम महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे । बैठक में भंडरा प्रखंड कमेटी की गठन की गई। जिसमे भंडरा प्रखंड श्री राम समिति के अध्यक्ष सर्वसम्मति से सूरज ठाकुर को बनाया गया.कार्यकारी अध्यक्ष बिबेक साहू, रिसव साहू,महामंत्री चंदन लहेरी, उपाध्यक्ष पंकज यादव,बिक्रम लहेरी,राजेश भगत,कोषाध्यक्ष विशाल सोनी,सह कोषाध्यक्ष रूपेश साहू,संगठन अभियान प्रमुख अश्विनी यादव, बिकाश कुमार,सौरव कुमार, बिबेक कुमार को बनाया गया।

## स्पीड न्यूज

### जायन्ट्स ने किया रंग, पिचकारी, अबीर गुलाल का वितरण


वितरण करते जायन्ट्स सदस्य।

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में जिले के खजुरी ग्राम के बिंद टोला स्थित कैलाश पर्वत के छोटे-छोटे बच्चे, बच्चियों और ग्रामीणों के बीच रंग, पिचकारी, अबीर गुलाल, टॉफी एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। मौके पर जायन्ट्स पदाधिकारियों ने कहा कि होली सौहार्द्र का पर्व है। सभी लोगों को होली मिलजुलकर मनाना चाहिए। यदि साल भर में कभी किसी से मनमुटाव या दुख तकलीफ हो तो उसको भी भूला कर सबको गले लगाना चाहिए। किसी को जबरदस्ती रंग नहीं लगाएं। बढ़िया किस्म का रंग और अबीर से होली खेलें। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच होली सामग्री बांटकर काफी खुशी हो रही है। मौके पर जायंट्स वेल्फेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी, जायन्ट्स गढ़वा के वर्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, रविंद्र केशरी, प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व वित्त निदेशक मंदीप प्रसाद, पंचायत के मुखिया श्रीकांत दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

### पटना व्यवहार न्यायालय में पुलिस बल के साथ जिला प्रशासन सक्रिय

**पटना।** बिहार में पटना उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जिला अधिवक्ता संघ भवन के निर्माण के लिए स्थल को खाली कराए जाने के लिए जिला प्रशासन आज भारी पुलिस बल के साथ पटना व्यवहार न्यायालय पहुंचा। पुलिस बल के साथ व्यवहार न्यायालय में मौजूद जिला नियंत्रण कक्ष के विशेष दंडाधिकारी शशि भूषण कुमार ने स्थल पर दुकानों और वकीलों के बनाए गए चेंबर का निरीक्षण किया और वीडियोग्राफी कराई। इसके साथ ही सभी दुकानदारों को तत्काल दुकान खाली करने का निर्देश दिया। दुकान खाली होने के कारण आज व्यवहार न्यायालय में अफरातफरी का माहौल रहा। जहां एक ओर वकील फोटो स्टेट, टाइपिंग एवं स्टेशनरी के सामानों के लिए इधर-उधर दौड़ते नजर आए वहीं दूसरी ओर दुकानदारों के बीच भी मायूसी देखी गई।

### नालंदा : पत्रकार गोलीकांड में महिला समेत चार गिरफ्तार

**नालंदा।** बिहार में नालंदा जिले के पत्रकार दीपक विश्वकर्मा को गोली मारने की घटना का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने उनकी पत्नी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सदर पुलिस उपाधीक्षक नुरुल हक ने शनिवार को यहां बताया कि दीपक विश्वकर्मा की पत्नी रागनी विश्वकर्मा और उसके पूर्व का प्रेमी शशांक कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मामला प्रेम प्रसंग में ही वरिष्ठ पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला करने की बात सामने आ रही है।

### सुपौल : 150 किलो गांजा बरामद

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले की ललितग्राम थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान आज 150 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने शनिवार को यहां बताया कि ललितग्राम पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग-57 पर मिर्चाई पुल के पास वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन पर सवार कुछ लोग पुलिस को देखते हुए भाग खड़े हुए। जब पुलिस ने उस वाहन की तलाशी ली तो पांच बोरों से 150 किलो गांजा बरामद किया।

### ट्रांसफार्मर विस्फोट मामले में मुंशी की मौत

**पटना।** बिहार के पटना व्यवहार न्यायालय में हुए ट्रांसफर्मर विस्फोट हादसे में गंभीर रूप से घायल एक और मुंशी की इलाज के दौरान मौत होने के बाद इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। ट्रांसफार्मर में हुये विस्फोट और उसके खौलते तेल से लगी भीषण आग में गंभीर रूप से झुलसे व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता लिपिक जितेन्द्र कुमार की बीती रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई। श्री जितेंद्र कुमार के निधन के साथ ही इस हादसे मे मरने वालों की संख्या चार हो गई है।

### लोकसभा चुनाव में राजग ने की दो निवर्तमान महिला सासंद की उपेक्षा

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने आगामी लोकसभा चुनाव में तीन निवर्तमान महिला सांसदों में से दो को उनके संसदीय क्षेत्र से टिकट नहीं दिया है। लोकसभा चुनाव (2019) में राजग के महत्वपूर्ण घटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केवल एक सीट शिवहर से रमा देवी को उम्मीदवार बनाया। राजग के एक अन्य घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने केवल एक महिला प्रत्याशी सीवान संसदीय सीट से बाहुबली अजय सिंह की पत्नी कविता सिंह और राजग में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा )ने भी केवल एक महिला वैशाली से वीणा देवी को उम्मीदवार बनाया था। राजग की ओर से तीनों महिला उम्मीदवार ने जीत हासिल की।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी ने किया होली सह सम्मान समारोह का आयोजन


उद्घाटन करते सोसाईटी के सचिव व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के तत्वावधान में प्रखंड परिसर में होली सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास माली, बीडीओ नंदजी राम, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी व सोसाईटी के भवनाथपुर को-ऑर्डिनेटर अंजू गुप्ता ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया। इस दौरान संस्था के सचिव ने पंजीकृत बच्चियों, सोसाईटी के सक्रिय सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को गमछा देकर सम्मानित किया। इसके बाद अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

मौके पर सोसाईटी के सचिव ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी बाल विवाह व दहेज प्रथा को रोकने के साथ ही किसी भी जिले और राज्य के असहाय, गरीब तबके के लोगो के बच्चियों का सोसाईटी के कर्मियों द्वारा घर घर जाकर उन बच्चियों को पंजीकृत कर 18 वर्ष के बाद बच्चियों का विवाह कराने का दायित्व को निभाती है। कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी पूरे भारत में बाल विवाह, दहेज प्रथा व भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है, जो इस कुप्रथा के खिलाफ निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपनी बेटियों को 18 वर्ष के बाद ही उनका विवाह करने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन सोसाईटी के विभूति पांडेय ने की। मौके पर सोसाईटी के विकास तिवारी, जिला प्रबंधक आयुब खां, रंजीत, टिंकू तिवारी, दीनानाथ पांडेय, आकाश भारती, पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, वरुण बिहारी यादव, शमशेर अंसारी, ज्योति देवी, सरस्वती देवी, सोनी देवी, रेनू वैद्य, कौशल्या देवी, फुला देवी, गीता देवी, प्रभा देवी, प्रमिला देवी, रूपवंती देवी, रामदुलारी देवी, अनीता देवी, लालती, आरती, साधना कुमारी, रिंकू देवी, रानी देवी, संगीता देवी सहित काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

## अवैध विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार


जानकारी देते थाना प्रभारी।

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने छापामारी कर रविवार सुबह अवैध विदेषी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से काफी मात्रा में विदेषी शराब भी बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें दो लोगों द्वारा अवैध विदेशी शराब को बोरा में भर कर टाटीदिरी गांव के रास्ते कहीं लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि तुरंत एफएसटी टीम के साथ समन्वय कर छापामारी की गई। इस दौरान मैगडॉवल्स के हाफ 6 बॉटल 2.250 लीटर, इंपीरियल ब्लू के हाफ 12 बॉटल 4.50 लीटर, गॉड फादर बीयर 24 बॉटल को जप्त करते हुए इसमें शामिल नगर उंटारी निवासी हीरालाल राम के पुत्र अभिषेक कुमार तथा मझिआंव निवासी स्व. राम विलास सिंह के पुत्र धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। जिस संबंध में सगमा प्रखंड पदाधिकारी सह एफएसटी टीम सी भवनाथपुर एसी सत्यम कुमार ने उत्पाद अधीक्षक को सूचित कर दिया है। अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ का होली मिलन समारोह आयोजित


समारोह में संघ के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में रविवार को संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ से जुड़े सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। मौके पर संघ के सचिव ओम प्रकाश तिवारी ने कहा कि होली आपसी सौहार्द का त्यौहार है। इसमें सभी लोग एक दूसरे को गीले शिकवे भुलाकर आपस में गले से गले मिलकर होली मनाते है। सभी को साथ मिलकर होली बनाने की जरूरत है। अध्यक्ष नवीन पाठक ने सभी लोगों को आपसी रंजिस को भुलाकर होली मनाने की बात कही। मौके पर संघ के संयुक्त सचिव संजीव कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष श्याम नारायण पाण्डेय, पंकज मिश्र, ओमप्रकाश चैबे, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, मीडिया प्रभारी राजकमल तिवारी, अंशु दुबे, समर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## जायन्ट्स सहेली ने किया होली मिलन समारोह


उपस्थित जायन्ट्स सहेली।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप का गढ़वा सहेली ने के तत्वावधान में रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान सहेली सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। साथ ही होली के गीत गाकर एवं नृत्य कर होली का आनंद लिया।

मौके पर सहेली सदस्यों ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। इसमें आपसी दुश्मनी, शिकवा शिकायत भूल कर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। होलिका दहन में जिस प्रकार बुराई जल जाती है, उसी प्रकार हम सबको अपने अन्दर की बुराई को भी जला देनी चाहिए एवं भाईचारा का माहौल बना कर अच्छे समाज का निर्माण करना चाहिए। होली में प्राकृतिक रंग का प्रयोग करना चाहिए। केमिकल वाले रंग, कीचड़, मोबिल एवं शरीर, खास कर आंखों को हानि पहुंचाने वाले रंगो आदि का उपयोग से बचना चाहिए। मौके पर ग्रुप की अध्यक्ष रंजना जायसवाल, नपं अध्यक्ष पिंकी केषरी, पूर्व नपं अध्यक्ष अनिता दत्त, अंजना नारायण, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पूर्व अध्यक्ष रीता केषरी, लता गुप्ता, माला केषरी, सीमा केषरी, सुषमा केशरी, रितु जायसवाल, सहित सहेली के प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप, रीना अग्रवाल, वीणा केशरी, रीना गुप्ता, पल्लवी पुंज, प्रियंका केशरी, चांदनी केशरी, विमला केशरी, वन्दना सोनी, संगीता गुप्ता, रीना सोनी, रीना केशरी, वर्षा अग्रवाल, गुड़िया केशरी, अंजु गुप्ता, रेणु केशरी, वार्ड पार्षद मीरा केशरी आदि उपस्थित थी।

## होली पर रामगढ़ जिला प्रशासन फ्लैग मार्च



### होली भाईचारे के साथ मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर रविवार को एसडीएम व एसडीपीओ के नेतृत्व में रामगढ़ जिला प्रशासनद्वारा फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान थाना चौक होते हुए सौदागर मोहल्ला, कोईरी टोला, पुरनी मंडप, गोलपर,मेन रोड होते हुए फ्लैग मार्च टीम लोहार टोला पहुंची। फ्लैग मार्च में एसडीएम, एसडीपीओ, रामगढ़ थाना प्रभारी सहित रामगढ़ जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे। मौके पर रामगढ़ थाना प्रभारी ने कहा कि लोग होली भाईचारा के साथ मनायें। कहा की होली में कहीं कोई हुड़दंग करे तो 100 नंबर पर कॉल करके सूचना दें कार्रवाई की जाएगी। कहा हुड़दंग करने वालों से पुलिस शख्ती के साथ निपटेगी। इधर पतरातू में भी पतरातू के डीएसपी वीरेंद्र राम सर्किल इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ जगह-जगह पर फ्लैग मार्च किया गया।

## मुजफ्फरपुर में संदिग्ध हालात में एक की मौत, दो के आंखों की रोशनी गई

एजेंसी

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र स्थित ककड़ियां गांव में एक मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी जबकि दो मजदूरों के आंखों की रोशनी चली गयी। लोग जहरीली शराब पीने की आशंका जता रहे हैं। बताया गया है कि ककड़ियां गांव के 35 वर्षीय उपेंद्र राय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी जबकि 26 वर्षीय संतोष और 24 साल के सुधीर के आंखों की रोशनी चली गयी है। संतोष और सुधीर का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। तीनों मजदूर गांव के ही ठेकेदार अवधेश कुमार के अंदर काम करते थे। 19 मार्च को ठेकेदार अवधेश ने तीनों को काजी मोम्मदपुर थाना क्षेत्र के दामू चक स्थित वीआईपी कॉलोनी में एक नवनिर्मित मकान में काम करने के लिए भेजा था। दिनभर तीनों ने काम किया और शाम में पार्टी करने चले गये। इनके साथ और भी मजदूर थे। बताया गया है कि पार्टी करने के बाद ये लोग वहीं सो गये। अगले दिन तीनों की तबीयत बिगड़ गयी। तीनों को आंख से धुंधला दिखने लगा। इस दौरान उपेंद्र राय की मौत हो गयी जबकि दो मजदूरों को दिखाई देना बंद हो गया, जिसके बाद दोनों को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। दोनों किस अस्पताल में भर्ती है इसका पुलिस पता लगा रही है। उपेंद्र राय के पिता जयलाल राय का कहना था कि उपेंद्र मुजफ्फरपुर शहर में राजमिस्त्री के साथ मजदूर का काम करता था। पिछले सप्ताह गांव के ही ठेकेदार अवधेश राय काम कराने के लिए शहर ले गया था। शहर में तीन-चार मजदूरों ने चुलाई शराब पी थी। इनमें हथौड़ी के अमनौर माधोपुर का भी सुधीर कुमार शामिल था। शराब पीने के बाद तीनों की तबीयत खराब हो गयी। इसके बाद तीनों को ठेकेदार अवधेश राय ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। अवधेश उसे छोड़कर चला आया। उसने उपेंद्र की पत्नी को इसकी जानकारी दी। जयलाल ने कहा कि अगले दिन अवधेश को मोबाइल पर कॉल कर पूछा तो उसने बताया कि उपेंद्र की तबीयत ठीक है। उसने अस्पताल जाने से भी मना किया। उसके मना करने पर भी वह सदर अस्पताल पहुंचा तो उसका पुत्र अकेले पड़ा था। चिकित्सकों ने उपेन्द्र की आंखों की रोशनी जाने की बात कही। चिकित्सकों ने श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल ले जाने की सलाह दी। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### सुशील मोदी ने केजरीवाल को बर्खास्त करने या राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद भी इस्तीफा न देने पर अड़े दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तुरंत बर्खास्त करने या राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग दिल्ली के उप राज्यपाल से की है। रविवार को सुशील मोदी ने बयान जारी कर कहा कि किसी मामले में गिरफ्तारी के 24 घंटे बाद सामान्य सरकारी कर्मचारी को भी निलम्बित कर दिया जाता है, जबकि केजरीवाल हर स्तर पर कानून की अवहेलना करते हुए गिरफ्तारी के 48 घंटे बाद भी मुख्यमंत्री-पद पर हैं और जेल से सरकार चलाने का दुस्साहस कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि 1990 के दशक में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को भी पद से इस्तीफा देकर चारा घोटाला के कारण जेल जाना पड़ा था, जबकि वे मोरल ग्राउंड ( नैतिक आधार) पर त्याग पत्र देने को तैयार नहीं थे। 1990 के दशक के दिनों को याद करते हुए सुशील मोदी ने कहा कि नैतिकता का मजाक उड़ाते हुए लालू प्रसाद ने पलट कर पूछा था - ₹मोरल ग्राउंड क्या होता है? फुटबॉल ग्राउंड और क्रिकेट ग्राउंड तो सुना है....। फिर भी उन्होंने गिरफ्तार होने से पहले इस्तीफा दिया और पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनवाया।

## टॉप टेन अपराधियों में शुमार आशीष पासवान गिरफ्तार



एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने टॉप टेन अपराधियों में शुमार आशीष पासवान को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उसके अलावा पुलिस ने तीन किलो गांजा के साथ दो अन्य को भी गिरफ्तार किया ।जानकारी फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी। अररिया एसपी अमित रंजन के निर्देश पर अगामी लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व को लेकर फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी,अवैध शराब की बरामदगी एवं अवैध मादक पदार्थ के बरामदगी के लिए विशेष छापामारी की जा रही है ।इसी क्रम में फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा की अगुवाई में फारबिसगंज थाना पुलिस ने यह कामयाबी हासिल की।अररिया एसपी को गुप्त सूचना मिली कि फुलकाहा थानान्तर्गत ग्राम भैरवार बारमौतर में टॉप टेन अपराधी ढोलबज्जा वार्ड संख्या 13 निवासी आशीष पासवान पिता-प्रमोद पासवान अपने ससुराल में छिपा हुआ है। सूचना पर एसपी की ओर से एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया ।जिनके द्वारा छापेमारी कर आशीष पासवान को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार आशीष पासवान पूर्व से कई लूट, डकैती एंव डकैती की योजना बनाने तथा आर्म्स एक्ट के कांडों में आरोप पत्रित एवं वांछित रहे हैं। वही दूसरी ओर फारबिसगंज थाना क्षेत्र के समौल से पुलिस ने दो गांजा कारोबारी को रंगेहाथ तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया ।पुलिस ने समौल वार्ड संख्या 14 से 25 वर्षीय सूरज कुमार,35 वर्षीय कोलम्बिया यादव को गिरफ्तार किया। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष राघवेन्द्र कुमार सिंह,इंस्पेक्टर अजीत चौधरी,एएसआई रौनक सिंह,फुलकाहा थाना के एसआई अमित उदय कुमार,सौरव कुमार सिंह, लक्ष्मण कुमार पासवान, संजीव कुमार, एएसआई दीपक कुमार, राजीव कुमार सिंह सहित तकनिकी शाखा के टीम एवं रिजर्व गार्ड शामिल शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### रमना में बेखौफ जारी है अवैध बालू का कारोबार

**रमना।** प्रखंड में बालू का अवैध परिवहन और विक्रय का खेल खुलेआम हो रहा है। शासन-प्रशासन मौन बन कर बैठा हुआ है। अवैध बालू परिवहन और उंचे मूल्य पर क्षेत्र में हो रहे विक्रय का पता क्या प्रशासनिक पदाधिकारियों को नहीं है। यदि उन्हें पता नहीं तो उनका खुफिया तंत्र क्या कर रहा है। प्रशासनिक व्यवस्था के नाक के नीचे यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व प्रशासनिक पदाधिकारी अनजान बनी हुई है। अवैध बालू कारोबारी चतुराई से रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते हैं, जो सुबह 4-5 बजे तक चलता है। ग्रामीणों में यह चर्चा है कि बालू का अवैध कारोबार प्रशासनिक मिलीभगत से हो रहा है। प्रतिदिन अवैध बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ निकलती है। प्रतिबंधित घाटों से बालू भरकर वापस लौटती है। अवैध बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों की तस्वीर और वीडियो भी लगातार सामने आते रहे हैं। परंतु खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से कतराते हैं। गत दिन रमना थाना द्वारा अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जप्त किया था और इस पर कारवाई हेतु डीएमओ को पत्र लिखा गया था, इसके बावजूद अगले ही दिन कई अवैध गाड़ियां लगातार क्षेत्र में बालू लेकर आयी। इस संबंध में अंचलाधिकारी सह बीडीओ वासुदेव राय ने बताया कि अवैध बालू कारोबार के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है, सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### होली में तीन दिनों तक निर्बाध बिजली रहेगी

**पटना।** होली में रखरखाव को लेकर तीन दिनों तक बिजली नहीं कटेगी। पेसू ने होली के दौरान सोमवार, मंगलवार और बुधवार को रखरखाव के नाम पर बिजली कटौती नहीं करने का निर्देश दिया है। होली में लोगों को निर्बाध बिजली मिलेगी। पेसू जीएम के अनुसार जहां आवश्यक होगा, वहीं पर बिजली कटौती कर कार्य होगा। अब सामान्य तौर पर होली में बिजली कटौती की अनुमति नहीं दी जाएगी। पेसू जीएम ने कई फीडरों के बंद कर रखरखाव करने पर रोक लगा दी है। बिजली संबंधित रखरखाव कार्य फिर से गुरुवार से शुरू होगा। शहर में लगातार दर्जनों इलाके में रखरखाव को लेकर बिजली की कटौती चल रही थी, जिसपर होली को लेकर रोक लगा दी गई है। खुले तार को हटाकर एबी केबल तार लगाने का काम भी बंद रहेगा। यह काम भी होली के बाद शुरू होगा। इस काम के लिए पूरे दिन बिजली बंद करनी पड़ती है, जिसको लेकर काम को बंद करने का निर्देश दिया गया है। राजेन्द्र नगर इलाके में एबी केबल बदलने का काम पूरा कर लिया गया है। अभी कुछ दिनों से लगातार एबी केबल लगाने का काम पुनाईचक, शिवपुरी, राजापुर, मौयालीक, दूरदर्शन, बेऊर सिटी, अलीनगर, ओल्ड टाउन, आरके पुरम, नवरतनपुर, फुलवारी, सीडीए कॉलोनी, समनपुरा, एसके पुरम इलाके में चल रहा था, यहां भी रोक लगा दी गयी है।

### 2 अप्रैल को मां मथुरासिनी महोत्सव को लेकर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**गया।** इस बार भी धूमधाम से मां मथुरासिनी महोत्सव का मनाया जाएगा। तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन 2 अप्रैल को गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकलेगी। 4 अप्रैल को माता का जागरण होगा। अंतिम दिन 7 अप्रैल को भंडारे के साथ 40वां महोत्सव का समापन हो जाएगा। यह जानकारी शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में माहुरी वैश्य मंडल के अध्यक्ष संजीव कुमार संजू और सचिव अमित कुमार मंटू ने दी। बताया कि 2 अप्रैल की सुबह गोसाईं बाग स्थित माहुरी वैश्य मंडल भवन से शोभा यात्रा निकलेगी। विभिन्न मार्गों से होते हुए दोपहर मानपुर के जनकपुर में स्थित मां मथुरासिनी मंदिर जाकर समाप्त हो जाएगी। यहां शोभा यात्रा में शामिल हजारों लोग पूजन में भाग लेंगे। इस बार शोभा यात्रा में युवा वर्ग की संख्या अधिक होगी। महोत्सव के संयोजक विवेक रौशन ने बताया कि 4 अप्रैल की शाम माहुरी वैश्य मंडल भवन में जागरण के लिए माता का दरबार सजेगा। मिजार्पुर के कलाकार भजनों की माला पेश करेंगे। आकर्षक झांकी होगी। प्रेस कांफ्रेंस में वैश्य मंडल के सह सचिव सूरज कुमार सेठ, धर्म प्रचार मंत्री मुकेश कुमार वैश्यकियार, कार्यक्रम संयोजक कमलेश कुमार चरणपहाड़ी, महोत्सव कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार वैश्यकियार, कार्यकारिणी सदस्य विकास कुमार वैश्यकियार, नवयुवक समिति के सचिव विवेक कुमार सेठ व संगठन मंत्री मुकेश तरवे सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### गंगा में नहाने के दौरान डूबने से भाभी-ननद की मौत, भांजी की बची जान

**मुंगेर।** मुंगेर जिले के हेमजापुर थानाक्षेत्र के दुगार्पुर गंगा घाट पर रविवार की दोपहर नहाने के दौरान डूबने से ननद एवं भाभी की मौत हो गई। मृतकों में धरहरा की बाहाचौकी पंचयात के दुगार्पुर गांव निवासी मनीष कुमार की पत्नी सुनैना कुमारी एवं बहन सिंधुजा कुमारी शामिल हैं। जबकि मौके पर मौजूद लोगों ने भांजी को बचा लिया। सुनैना कुमारी ननद सिंधुजा कुमारी एवं भांजी सुरुचि कुमारी के साथ दुगार्पुर गंगाघाट पर स्नान करने गई। स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से सुनैना कुमारी पानी की तेज धार में डूबने लगी। उसे डूबता देख सिंधुजा एवं सुरुचि बचाने की कोशिश करने लगी। लेकिन पानी की तेज धार में ये दोनों भी डूबने लगी। तीनों महिला को गंगा में डूबता देख स्नान कर रहे ग्रामीणों ने सुरुचि कुमारी को बचा लिया लेकिन दोनों महिलाएं गंगा में डूब गई। दो महिलाओं के डूबने की खबर से घाट पर लोगों की भीड़ लग गई।

## पेज एक का शेष

### 12 सांसदों को...

वाल्मीकिनगर से सुनील महतो। पूर्णिया से संतोष कुशवाहा। किशनगंज से मास्टर मुजाहिद आलम। कटिहार से दुलालचंद गोस्वामी। गोपालगंज से आलोक सुमन। भागलपुर से अजय मंडल। नालंदा से कौशलेंद्र कुमार। झंझारपुर से रामप्रीत मंडल और सीवान से विजय लक्ष्मी।

**2019 में एनडीए को मिली थी बड़ी जीत:** पिछले बार लोकसभा चुनाव 2019 में एनडीए को बड़ी जीत मिली थी। पिछले चुनाव में जदयू और भाजपा ने 17-17 सीटों पर और लोजपा छह सीटों पर चुनाव लड़ी थी। भाजपा ने सभी 17 सीटें जीती थीं। वहीं जदयू ने 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लोजपा भी छह सीटों पर विजयी हुई थी।

### होलिका दहन की...

मान्यता है कि सारु पहाड़ स्थित सेमल के पेड़ पर दो गिद्धों का डेरा था, जो बच्चों को निवाला बना लेते थे। समाज के लोगों ने आराध्य से बचाने की फरियाद की तो वह खुद आये और दोनों गिद्धों का वध किया। इसी वजह से सेमल की डाली को जलाकर समाज के लोग जंगल में जाते हैं और यह देखते हैं कि उनके ईर्द-गिर्द किस तरह के पशु-पक्षी वास कर रहे हैं।

### जमीन विवाद में...

भागने के क्रम में अपराधियों ने नदी के दूसरे किनारे पर उसकी भी गला रेत कर हत्या कर दी। इस घटना को दो गुटों की आपसी रंजीश से जोड़ कर देखा जा रहा है।

मृतकों की पहचान राजेश कुमार (20) एवं सुजीत भुइयां उर्फ. बौधा के रूप में हुई है। राजेश के पिता देवनंदन ने बताया कि श्याम चौधरी, रामा चौधरी, कारू, मिथुन, नितेश और देव साव ने मिलकर हत्या की है। देवनंदन के अनुसार तेज धारदार हथियार से उसके बेटे को कोयल नदी में हत्या की गई, जबकि सुजीत को भगाने के क्रम में नावाटोली इलाके में खदेड़कर मार डाला गया। जानकारी के अनुसार इस वारदात को दो युवकों के गैंग में पूर्व से चले आ रहे विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। कुछ महीने पहले इसी विवाद के कारण सेमाताड़ के श्यामा चौधरी पर जानलेवा हमला किया गया था। तेज धारदार हथियार से हमला करने के साथ-साथ फायरिंग भी की गई थी। हालांकि रांची में कुछ माह इलाज चलने के बाद श्याम चौधरी की जान बची थी। होली जैसे पर्व पर सौहार्द का माहौल बिगड़ने से लोग परेशान हो गये हैं।

